CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 23°C

देहरादून, शुक्रवार 27 जून 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 324 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



शहरों में घर खरीदना गरीबों के बजट से कोसो दूरः राहुल गांधी पेज 2



कार्लसन के साथ नौ साल के आरित ने खेला ड्रॉ खेल टाइम्स



इस्लामी हिज़्री के पहले महीने मुहर्रम की अज़ीम है फज़ीलत संपादकीय



डोनाल्ड ट्रम्प की टेंशन बढ़ा रही खुफिया रिपोर्ट पेज 12

## एक्सिओम-4 मिशन अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से सफलतापूर्वक जुड़ा, रचा इतिहास

### शुभांशु 28 घंटे सफर करके इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे



**फ्लोरिडा, वार्ता**

**एक्सिओम-4** मिशन का स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़ गया और इसके साथ ही,भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने इतिहास रच दिया। वह आईएसएस में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए।

**भारतीय अंतरिक्ष आकांक्षाओं के लिए एक बड़ी छलांग, ISS में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने शुभांशु शुक्ला**

भारतीय अंतरिक्ष आकांक्षाओं के लिए एक बड़ी छलांग लगाते हुए भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला गुरुवारको इतिहास में तब दर्ज हो गए जब ड्रैगन कैप्सूल आईएसएस पर हार्मनी मॉड्यूल से भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे धीरे-धीरे जुड़ गया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इसकी पुष्टि की है। ग्रुप कैप्टन शुक्ला इस मिशन के पायलट हैं। इस मिशन ने बुधवार को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। मिशन में ग्रुप कैप्टन शुक्ला के साथ पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन,पोलैंड के स्लावोज़ उज्नान्स्की- विस्निएव्स्की और हंगरी के टिबोर कपू गए हैं। इस बीच शुक्ला ने अंतरिक्ष से दिल को छू लेने वाला संदेश भेजा, जिसने लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से नमस्कार! जब मैं कैप्सूल में बैठा था, तो मेरे दिमाग में बस यही विचार था कि 'चलो बस चलते हैं' और फिर अचानक, कुछ नहीं-आप तैर रहे थे। पृथ्वी के ऊपर तैरते हुए मैं दृश्यों का आनंद ले रहा था, एक बच्चे की तरह सीख रहा था। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम पर बारीकी से नजर रखने वाले वैज्ञानिक डा. आरसी कपूर ने कहा कि डॉकिंग एक नाजुक ऑपरेशन है, जिसके लिए अत्यधिक सटीकता की आवश्यकता होती है।

## नीट-यूजी: सुप्रीम कोर्ट का दिल्ली हाईकोर्ट से मामला ट्रांसफर करने से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2025 को चुनौती देने वाली एक रिट याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने असद खत्री की गुहार ठुकराते हुए कहा कि यह याचिका सार्वजनिक हित के तथ्यों पर आधारित नहीं है और इसलिए इस विवाद का शीर्ष अदालत की बजाय उच्च न्यायालय में ही निपटारा किया जाना चाहिए।

## चुनाव आयोग ने 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों को सूची से हटाया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने ऐसे 345 पंजीकृत गैर- मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की पहचान कर उनको सूची से हटाने का काम शुरू कर दिया है, जो पिछले छह वर्षों में एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी ने मिलकर 345 पंजीकृत गैर- मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस दायरे में वे सभी राजनीतिक दल होंगे जो 2019 से कहीं भी सक्रिय नहीं हैं।

## जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में एक आतंकी ढेर

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह से जारी एनकाउंटर में एक आतंकी मारा गया है। इलाके में तीन और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। सेना और पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी है। आईजीपी जम्मू जोन भीम सेन ने बताया कि बसंतगढ़ के बिहाली इलाके में पिछले एक साल से 4 आतंकियों के छिपे होने की खबर थी। गुरुवार सुबह साढ़े 8 बजे इनकी जानकारी मिलने के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान आतंकियों ने सिक्योरिटी फोर्सेज के जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया है।

## सुप्रीम कोर्ट मराठा आरक्षण पर जुलाई में करेगा विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय महाराष्ट्र में शिक्षा और रोजगार में मराठाओं को 10 फीसदी आरक्षण प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका पर 14 जुलाई के बाद विचार करेगा। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने गुरुवार को एक अधिवक्ता की संबंधित मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की गुहार पर यह अनुमति दी। पीठ ने कहा कि याचिका को फिर से खुलने वाले सप्ताह (गर्मी की छुट्टियों के बाद 14 जुलाई से शुरू होने वाले सामान्य कार्य दिवस) में सूचीबद्ध किया जाएगा।

## भारतीय अंतर्राष्ट्रीय परिधान मेला एक जुलाई से

**नई दिल्ली।** एशिया के सबसे बड़े परिधान मेले - भारतीय अंतर्राष्ट्रीय परिधान मेले का 73 वां संस्करण एक जुलाई से राष्ट्रीय राजधानी में आरंभ होगा जिसमें 79 देशों में प्रतिनिधि शामिल होंगे। मेला आयोजकों ने गुरुवार को यहां बताया कि ये मेला तीन जुलाई तक चलेगा। मेले का उद्घाटन कपड़ा एवं विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गरीटा करेंगे। मेले का आयोजन परिधान निर्यात संवर्धन परिषद, अंतर्राष्ट्रीय परिधान मेला एसोसिएशन, परिधान निर्यातक एवं निर्माता संघ, भारतीय वस्त्र निर्माता संघ, गारमेंट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान मिलकर कर रहे हैं।

## पाक रक्षा मंत्री से नहीं मिले राजनाथ

### एससीओ समिटः साझा दस्तावेज में पहलगाम हमले का जिक्र नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ के नापाक इरादों को नाकाम करते हुए सदस्य देशों के आतंकवाद पर संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया। एससीओ के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की दो दिन की बैठक चीन के किगदाओ में हो रही है। चीन की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक हुई। इसमें भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, दोनों शामिल हुए थे। हालांकि, राजनाथ सिंह ने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री से मुलाकात नहीं की। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद पर सदस्य देशों के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि चीन और पाकिस्तान संयुक्त वक्तव्य में जम्मू- कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले का उल्लेख नहीं करना चाहते थे और इसके बजाय पाकिस्तान में जाफर ट्रेन हाइजैक के मामले को वक्तव्य में शामिल करने पर आमादा थे। सूत्रों ने कहा कि भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया। इससे एससीओ की बैठक के संपन्न होने पर संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं किया जाएगा।



**भारत ने एससीओ में आतंकवाद पर संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार किया**

**शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के संपन्न होने पर संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं किया जाएगा**

### आतंकवाद के खात्मे को SCO का एकजुट होना जरूरीः राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के समक्ष आतंकवाद पर भारत का रुख एकदम स्पष्ट करते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि आतंकवाद का हर कृत्य आपराधिक तथा अनुचित है और संगठन को सामूहिक सुरक्षा के लिए इस खतरे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होना चाहिए।

## सीजेआई गवई का बड़ा बयान संविधान सबसे ऊपर, संसद नहीं

**अमरावती, वार्ता**

**भारत के मुख्य** न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि भारत का संविधान सबसे ऊपर है। हमारे लोकतंत्र के तीनों अंग (न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका) संविधान के अधीन काम करते हैं। सीजेआई गवई ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि संसद सर्वोच्च है, लेकिन मेरी राय में संविधान सर्वोपरि है। सुप्रीम कोर्ट के 52वें सीजेआई के रूप में शपथ लेने वाले जस्टिस गवई होमटाउन अमरावती में अपने अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे।

सीजेआई गवई ने कहा कि संसद के पास संशोधन करने की शक्ति है, लेकिन वह संविधान के मूल ढांचे को बदल नहीं सकती। सीजेआई गवई ने कहा कि एक जज को हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारा एक कर्तव्य है और हम नागरिकों के अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों और सिद्धांतों के संरक्षक हैं। हमारे पास केवल शक्ति नहीं है, बल्कि हम पर एक कर्तव्य भी डाला गया है। किसी जज को इस बात को लेकर नहीं चलना चाहिए कि लोग उनके फैसलों के बारे में क्या कहेंगे या क्या महसूस करेंगे। चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें स्वतंत्र रूप से सोचना होगा। लोग क्या कहेंगे, यह हमारी फैसले लेने की प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन सकता। सीजेआई ने कहा कि मैंने हमेशा अपने निर्णयों और काम को बोलने दिया और हमेशा संविधान में निहित मौलिक अधिकारों के साथ खड़ा रहा। बुलडोजर न्याय के खिलाफ अपने फैसले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आश्रय का अधिकार सर्वोच्च है।



**कहा: लोकतंत्र के तीनों हिस्से इसके अधीन, संसद के पास संशोधन की शक्ति, लेकिन मूल ढांचा नहीं बदल सकती**

## कांग्रेस ने महाराष्ट्र व हरियाणा चुनाव की वीडियो रिकॉर्डिंग मांगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदाताओं की सूची, मतदान के दिन की वीडियो रिकॉर्डिंग तथा मशीन रीडेबल कॉपी उपलब्ध कराने की मांग की है।

कांग्रेस ने चुनाव आयोग सचिवालय के सचिव अश्विनी कुमार मोहल को 25 जून को लिखे दो पेज के पत्र में कहा है कि महाराष्ट्र तथा हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जिन सवालों को उठाया है, उन्हें लेकर आयोग ने 12 जून को जो जवाब दिया है , उसके मद्देनजर पार्टी मांग करती है कि उसे मतदाता सूची और मतदान के दिन के वीडियो फुटेज एक सप्ताह में उपलब्ध कराए जाएं। पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस यह मांग लगातार कर रही है और उसकी मांग के अनुरूप वोटर लिस्ट तथा वीडियो फुटेज उपलब्ध कराना आयोग के लिए कठिन काम नहीं है।

**वोटर लिस्ट व मशीन रीडेबल कॉपी भी मांगी**

## ऑपरेशन सिंधुः ईरान से 272 भारतीय व 3 नेपाली दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से 272 भारतीयों और तीन नेपाली नागरिकों को लेकर एक और विमान गुरुवार मध्य रात्रि यहां पहुंचा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जानकारी देते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि इस उड़ान के साथ अब तक पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ईरान से 3,426 भारतीय नागरिकों को वापस लाया जा चुका है। ऑपरेशन सिंधु के तहत 25 एवं 26 जून को मध्य रात्रि 12:01 बजे मशहद से नई दिल्ली पहुंची एक विशेष उड़ान से 272 भारतीय और तीन नेपाली नागरिक यहां पहुंचे।

## बद्रीनाथ हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

## टेम्पो ट्रैवलर अलकनंदा में बहा, 12 के मरने की आशंका

### तीन शव बरामद, नौ लापता, चार गंभीर घायलों को एम्स भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** चारधाम यात्रा मार्ग पर गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर घोलतीर के पास यात्रियों से भरी मिनी बस (टेंपो ट्रैवलर) 250 मीटर गहरी खाई में गिरकर अलकनंदा नदी में समा गई।

हादसे में 3 यात्रियों की मौत हो गई, 9 लापता हैं, जबकि 4 गंभीर घायलों को एयर एंबुलेंस से एम्स ऋषिकेश भेजा गया है। बस में कुल 20 यात्री सवार थे, जो विभिन्न राज्यों (मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र) से चारधाम यात्रा पर निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस और आईटीबीपी ने सर्च और रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन नदी का जलस्तर बढ़ा होने के कारण बस का सुराग नहीं लग सका।

### कालसीः कार खाई में गिरी, तीन युवकों की मौत

**विकासनगर।** कालसी- चकराता मोटर मार्ग पर बीती रात एक कार अनियंत्रित होकर 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीन युवकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। चारों युवक विकासनगर से चकराता की ओर जा रहे थे कि चापनू गांव के पास हादसा हो गया। मृतकों की पहचान मुकेश राणा (21), प्रियांशु चौहान (22) और दीपक सती (25) के रूप में हुई है। गंभीर घायल मंगल चौहान निवासी मटियावा चकराता का अस्पताल में इलाज जारी है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, पुलिस और राजस्व विभाग की टीमों ने रेस्क्यू कर शवों को बाहर निकाला और घायल को अस्पताल पहुंचाया।



## सीवीआर-एफडीआर के डेटा की जांच पूरी, निष्कर्ष शीघ्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के बोइंग 787.8 ड्रीमलाइनर विमान के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर्स (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर्स (एफडीआर) का डेटा प्रयोगशाला में निकाल लिया गया है और जल्द ही इसका निष्कर्ष सामने आने की संभावना है।

नागर विमानन मंत्रालय ने गुरुवार को यहां एक बयान में यह जानकारी दी। भारत, अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) की शिकागो संधि (1944) के हस्ताक्षरकर्ता और आईसीएओ अनुलग्नक 13 और विमान (दुर्घटनाओं और घटनाओं की जांच) नियम, 2017 के अनुसार विमान दुर्घटनाओं की जांच करता है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ऐसी जांच के लिए नामित प्राधिकरण है। बयान में कहा गया है कि एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 से जुड़ी दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के बाद, एएआईबी ने तुरंत एक जांच शुरू की और निर्धारित मानदंडों के अनुरूप 13 जून को एक बहु-विशेषज्ञ दल का गठन किया। अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार गठित टीम का नेतृत्व एएआईबी के महानिदेशक द्वारा किया जाता है और इसमें एक विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, एक एटीसी अधिकारी और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के प्रतिनिधि शामिल हैं, जो इस तरह की जांच के लिए आवश्यक निर्माण और डिजाइन राज्य (यूएसए) से सरकारी जांच एजेंसी है। बयान के अनुसार दुर्घटनास्थल से सीवीआर और एफडीआर क्रमशः 13 जून को दुर्घटना स्थल पर इमारत की छत से और 16 जून को मलबे से बरामद किया गया था। उनके सुरक्षित संचालन, भंडारण और परिवहन के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं पूरी की गईं। इन उपकरणों को अहमदाबाद में कड़ी पुलिस सुरक्षा और सीसीटीवी निगरानी में रखा गया था।




## हिमाचल में पांच जगह बादल फटने से नदी-नालों में बाढ़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश में एमपी, राजस्थान और गुजरात समेत सभी राज्यों बारिश का सिलसिला जारी है।

पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा नुकसान हिमाचल में हुआ है। कुल्लू जिले में एक दिन पहले 5 जगह- जीवा नाला (सैंज), शिलागढ़ (गढ़सा) घाटी, स्त्रो गैलरी (मनाली), होरनगढ़ (बंजार), कांगड़ा और धर्मशाला के खनियारा में बादल फटने से अब तक 5 लोगों की मौत हो गई। 7 से ज्यादा लापता हैं। सबसे ज्यादा नुकसान सैंज में जीवा नाला के नजदीक एनएचपीसी के प्रोजेक्ट साइट पर हुआ। यहां गुरुवार दोपहर तक 4 और लोगों के शव बरामद हुए। बताया जा रहा है 15 से 20 लोग बह गए हैं, लेकिन इनकी अब तक पुष्टि नहीं हुई है। उधर, गुजरात के अहमदाबाद, सूरत और नवसारी जिलों में तेज बारिश हो रही है।

**मरने वालों की संख्या पांच हुई, सात से ज्यादा लापता**

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने हिमाचल में जानमाल के नुकसान पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण लोगों के मारे जाने की घटनाओं पर शोक व्यक्त करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से राहत बचाव कार्यों में प्रशासन की मदद करने का आग्रह किया है। गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश से हुए जान-माल के नुकसान की खबर बेहद दुखद है। कई लोग अब भी लापता हैं। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और लापता लोगों के सकुशल लौटने की आशा करता हूं। प्रशासन और राहत दल पूरी तत्परता से काम कर रहे हैं।

### हिंसा का समर्थन नहीं करती सपा: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर इटावा की घटना का पता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पता चल गई, तो कहीं वे सीएम योगी को डांट न पिला दें। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले 16 साल से कथावाचक ने चोटी रखी थी। बीजेपी के लोग इस घटना में शामिल हैं, उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हिंसा का समर्थन नहीं करती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में कुछ भी हो सकता है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने तंज किया कि अगर ट्रंप जी को पता चल जाए, इटावा में ये हुआ है तो ट्रंप न डांट दें। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी कुंभ पर झूठ बोल सकती है, मरने वाले का आंकड़ा छुपा सकती है। शंकराचार्य झूठ बोल सकते हैं, पुलिस कैश पैसे बांटती है। उन्होंने कहा कि जातीय संघर्ष पर बात करने की वाले सीएम अब तक क्या सो रहे हैं।

# नीट परीक्षा में धांधली की व्यापक स्तर पर हो जांच: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ एनएसयूआई प्रभारी कन्हैया कुमार ने उठाई मांग

कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा-नीट में हो रही कथित धांधली को लेकर राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनटीए) पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया और कहा कि जिस एनटीए को इस परीक्षा को पारदर्शी तरीके से कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह भ्रष्टाचारी एजेंसी बन गई है और युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है।

कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के प्रभारी कन्हैया कुमार ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश की एनटीए 'राष्ट्रीय भ्रष्टाचार एजेंसी' बन चुकी है। नीट परीक्षा होती है, तो भ्रष्टाचार से जुड़ी नई-नई चीजें सामने आती हैं। एनटीए जो भी परीक्षा कराती है, उसका डेटा लीक हो जाता है। एनटीए अविश्वनीय बन चुकी है और यह परीक्षा एजेंसी किसी भी परीक्षा को पारदर्शी तरीके से आयोजित नहीं कर पा रही है, इसलिए इसके अधिकारियों की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एनटीए के जरिए हो रही नीट परीक्षा के आयोजन में भ्रष्टाचार अत्यंत गंभीर तरीके से सामने आ रहा है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र में भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें कुछ लोग गिरफ्तार हुए हैं और इसमें गंभीर बात यह है कि प्राथमिकी में पैसा लेकर ओएमआर शीट बदलने की बात सामने आई है। नीट परीक्षा के माध्यम से बच्चे डॉक्टर बनते हैं, जो देश की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ होती है। इस प्राथमिकी के बाद एनटीए फिर शक के घेरे में है, लेकिन उसके खिलाफ अब तक कोई बड़ी जांच नहीं बिठाई गई है। कांग्रेस की मांग है कि एनटीए की जांच हो और नीट परीक्षा पारदर्शिता तरीके से आयोजित कराई जानी चाहिए। सीबीआई कह रही है कि इस मामले में एनटीए का कोई अधिकारी शामिल नहीं है, तो उसे यह भी बताना चाहिए कि फिर मामला दर्ज क्यों कराया गया है।

### शहरों में घर खरीदना गरीबों के लिए बना सपना



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि महंगाई चरम पर है और शहरी अर्थव्यवस्था में गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना सपना बनकर रह गया है। गांधी ने सोशल मीडिया 'फेसबुक' पर एक पोस्ट में आज कहा कि हां, आपने सही पढ़ा और अगर यकीन नहीं हो रहा तो दोहरा देता हूं। मुंबई में घर लेने के लिए भारत के सबसे अमीर पांच प्रतिशत लोगों को भी 109 साल तक अपनी आमदनी का 30 प्रतिशत बचाना पड़ेगा। यही हाल ज्यादातर बड़े शहरों का है, जहां आप अवसर और सफलता की तलाश में एड़ियां घिस देते हैं। कहां से आएगी इतनी बचत। उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग की विरासत दौलत नहीं, जिम्मेदारियां होती हैं। बच्चों की महंगी शिक्षा, महंगे इलाज की चिंता, माता-पिता की ज़िम्मेदारी या परिवार के लिए छोटी-सी गाड़ी। फिर भी दिलों में रहता है एक सपना 'एक दिन' एक घर होगा अपना।

# केजीएमयू का पुराना नाम बहाल करे सरकार

**लखनऊ, वार्ता**



■ छत्रपति शाहूजी महाराज के नाम पर हो

समाजवादी पार्टी को दलित विरोधी पार्टी बताते हुये बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि बसपा सरकार के कार्यकाल में किंग जार्ज मेडिकल यूनीवर्सिटी (केजीएमयू) का नाम छत्रपति शाहूजी महाराज मेडिकल यूनीवर्सिटी किया गया था, जिसे सपा सरकार ने बदल दिया था। अब मौजूदा भाजपा सरकार को चाहिये कि केजीएमयू का नाम फिर बदल कर छत्रपति शाहूजी महाराज मेडिकल यूनीवर्सिटी करे। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- कोल्हापुर, महाराष्ट्र रियासत में दलितों को नौकरी में आरक्षण देने का क्रान्तिकारी क़दम उठाकर भारत में आरक्षण के जनक के रूप में अमर हो जाने वाले राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज को आज उनकी जयंती पर शत-शत नमन व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित तथा उनके समस्त अनुयाइयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# इटावा में पुलिस पर फेंके पत्थर की फायरिंग, 12 हिरासत में

**इटावा, वार्ता**

■ सड़क पर उतरी अहीर रेजिमेंट नेशनल हाईवे किया जाम

यादव कथावाचक को पीटने और अभद्रता के मामले में गुरुवार को इटावा में बवाल हो गया। गुरुवार को अहीर रेजिमेंट और यादव संगठन के करीब 2 हजार लोगों ने 2 जगह प्रदर्शन किया। पहला प्रदर्शन बकेवर थाने के सामने हुआ। लोगों ने कथावाचक के दो साथियों को छुड़ाने के लिए थाने का घेराव किया।

पुलिस ने समझाना चाहा, तभी भीड़ ने पुलिस की गाड़ी पर पथराव कर दिया, जिसमें एक गाड़ी का शीशा टूट गया। पुलिस ने हंगामा बढ़ता देख 12 थानों की फोर्स बुलाई और प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा, हवाई फायरिंग भी की गई। यहां पुलिस ने 12 लोगों को हिरासत में लिया है। दूसरा प्रदर्शन आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ। यादव समाज के लोगों ने एक्सप्रेस-वे पर बाइक रैली निकाली। पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन प्रदर्शनकारी आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे की ओर बढ़ गए। दरअसल, यादव समाज संगठन के अध्यक्ष गगन यादव ने कथावाचक की पिटाई का विरोध जताया था। गुरुवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ इटावा आने का एंलान किया था, जिसके बाद पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया था। इसके विरोध में कई जिलों से यादव समाज के लोग इटावा पहुंचे। गुरुवार को दांदरपुर गांव से यादव समाज और अहीर रेजिमेंट के युवाओं से पुलिस की झड़प हो गई। इस दौरान अहीर रेजिमेंट ने पुलिस पर पथराव और फायरिंग की। साथ ही पुलिस की गाड़ी भी तोड़ दी। मामला बढ़ा, तो प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया।

### कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर योगी ने दिए निर्देश

# भड़काऊ नारे व हथियार न लहराएं: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ 11 जुलाई से नौ अगस्त तक चलेगी कांवड़, मोहर्रम के कार्यक्रम 27 जून से 7 जुलाई के बीच होंगे पूरे

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि भड़काऊ नारे और हथियारों का प्रदर्शन बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा। साथ ही सीएम ने कांवड़ यात्रा को लेकर कहा कि कांवड़ यात्रा के जो भी मार्ग हैं, जहां से भी श्रद्धालु कांवड़ लेकर गुजरेंगे, वहां पर खुले में मांस की बिक्री नहीं होगी। सीएम ने कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अधिकारियों के साथ अहम बैठक की, ताकि इन त्योहारों में कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी भी तरह का कोई भी विवाद सामने न आए।

सीएम ने कहा कि श्रावण का पवित्र हिंदू महीना 11 जुलाई से 9 अगस्त तक मनाया जाएगा, जिसके दौरान कांवड़ यात्रा, श्रावणी शिवरात्रि, नाग पंचमी और रक्षा बंधन मनाया जाता है। इसके साथ ही जगन्नाथ रथ यात्रा 27 जून से 8 जुलाई के बीच और मोहर्रम 27 जून से 7 जुलाई के बीच होने की उम्मीद है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सीएम ने कहा कि यह त्योहारों का पूरा समय कानून- व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, शिक्षा और आपदा प्रबंधन के मामले में काफी ज्यादा संवेदनशील है, इसलिए सभी संबंधित विभागों और जिला प्रशासनों को समन्वय और जवाबदेही के साथ काम करना चाहिए। सीएम ने त्योहारों को लेकर सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि भड़काऊ नारे, हथियारों का प्रदर्शन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी के साथ कौशांबी, इटावा, औरैया की घटनाओं पर मुख्यमंत्री गंभीर हैं। सीएम ने कहा कि जातीय संघर्ष फैलाने की साजिश हो रही है, अराजक लोगों को बेनकाब करें। सीएम ने कहा कि पुलिस स्टेशनों, सर्किलों और चौकियों के स्तर पर स्थानीय प्रशासन को कांवड़ संघों के साथ लगातार बातचीत में रहना चाहिए और सभी व्यवस्थाओं का पूर्व आकलन करना चाहिए।

### यूपी में ग्रीन गोल्ड लेकर घर जाएंगे नवजात

■ सरकारी अस्पताल में जन्में बच्चों को योगी सरकार से मिलेगा ये गिफ्ट

**लखनऊ।** योगी सरकार की ओर से यूपी को हरा भरा प्रदेश बनाने के लिए एक से सात जुलाई तक जन्म लेने वाले बच्चों को अब ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ पौधे भी दिए जाएंगे। यह पौधे यूपी के सभी जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी व अन्य सरकारी अस्पताल में जन्मे बच्चों को प्रदान किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से वन विभाग यह कार्य करने जा रहा है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने बताया कि पौधरोपण महाभियान-2025 में जनता की सहभागिता पर सरकार का जोर है। नवजात को उपहार स्वरूप पौधा देना बच्चे के जीवन में समृद्धि व विकास का परिचायक है। इसी के अनुरूप पहली से सात जुलाई (वन महोत्सव) की अवधि में जन्मे नवजात शिशुओं को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ एक पौधा भेंट के रूप में प्रदान किया जाएगा। वन महोत्सव के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर वन विभाग मूर्त रूप प्रदान करेगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने सभी प्रभागों के वनाधिकारी को निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर संस्थागत प्रसव से जन्मे बच्चों को यह सर्टिफिकेट व पौधा दिया जाए। संस्थागत प्रसव में जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी व अन्य सरकारी अस्पतालों को शामिल किया जाए। भेंट स्वरूप सागौन, शीशम समेत इमारती प्रजाति के पौधों को प्राथमिकता दी जाए।



सेंसेक्स 83755.87
निफ्टी 25549



सोना रु. 97159
प्रति 10 ग्राम (24 केरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 107150
प्रति किलो



# बाजार में तूफानी तेजी, नौ माह के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ब्याज दरों में अधिक कटौती के लिए फेडरल रिजर्व में संभावित नेतृत्व परिवर्तन करने को लेकर जारी अटकलों से यूरोपीय बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1000.36 अंक अर्थात 1.21 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब नौ महीने के उच्चतम स्तर 83 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 83755.87 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 304.25 अंक यानी 1.21 प्रतिशत उछलकर 25549 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत मजबूत होकर 46,362.77 अंक और स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत बढ़कर 53,960.57 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4153 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2097 में लिवाली जबकि 1900 में बिकवाली हुई, वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2975 कंपनियों के शेयरों में से 1474 में तेजी जबकि 1397 में गिरावट रही, वहीं 104 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार गुरुवार को डॉलर तीन साल के निचले स्तर पर आ गया, जबकि वैश्विक शेयर बाजारों ने बीते तीन दिनों में दूसरी बार नया रिकॉर्ड उच्च स्तर हासिल किया। इसकी वजह अमेरिकी फेडरल रिजर्व में संभावित नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अटकलें बताई जा रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प फेडरल रिजर्व के मौजूदा अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की जगह जल्द ही नया चेहरा नियुक्त करने पर विचार कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि ट्रम्प फेड से ब्याज दरों में तेजी से कटौती करने की मांग कर रहे हैं और इसी दिशा में अगले कुछ महीनों में पॉवेल का विकल्प चुनने की योजना बना रहे हैं। इस अटकल के बाद निवेशकों ने अमेरिकी ब्याज दरों में संभावित कटौती पर दांव लगाना शुरू कर दिया, जिससे डॉलर में भारी बिकवाली देखी गई। वहीं वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी का रुख बना रहा और बाजार नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए। इससे बीएसई में फोकस्ड आईटी, आईटी और रियल्टी में 1.04 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 18 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 1.39, सीडी 0.42, ऊर्जा 1.68, एफएमसीजी 0.61, वित्तीय सेवाएं 1.25, हेल्थकेयर 0.28, इंडस्ट्रियल्स 0.58, दूरसंचार 0.80, यूटिलिटीज 1.24, ऑटो 0.51, बैंकिंग 0.95, कैपिटल गुड्स 0.36, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.79, धातु 2.28, तेल एवं गैस 1.88, पावर 1.13, टेक 1.13 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.88 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.26, जर्मनी का डैक्स 0.84 और जापान का निक्केई 1.65 प्रतिशत उछल गया।


### सोने के भाव में कोई परिवर्तन नहीं दिखा

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में गुरुवार को कोई बदलाव देखने को नहीं मिला। आईबीजेए के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 97,159 प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं चांदी की कीमत 1,950 बढ़कर 1,07,150 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,05,200 पर थी।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,100 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,850 रही, जब कि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,950 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 थी, वहीं कोलकाता मे 24 कैरेट सोने की कीमत 98,950 और 22 कैरेट की कीमत 90,700 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,950 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,700 थी, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 व 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750 रही।

# खाद्य तेलों में टिकाव, गेहूं महंगा, गुड़ सस्ता

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि गेहूं महंगा हो गया वहीं गुड़ और मूंग दाल के भाव गिर गए।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 36 रिंगिट बढ़कर 3975 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.20 सेंट की गिरावट के साथ 51.62 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान गुड़ 50 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया, जबकि चीनी के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मूंग दाल में 150 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान गेहूं 50 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया, जबकि चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5600-5700, दाल चना 6600-6700, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 9500- 9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3000-3100 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4350-4450 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 17033 रुपये, मूंगफली तेल 17948 रुपये, सूरजमुखी तेल 16116 रुपये, सोया रिफाइंड 14102 रुपये, पाम ऑयल 13333 रुपये और वनस्पति तेल 14666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# अमरनाथ यात्रा में तीर्थयात्रियों की संख्या में गिरावट: मनोज सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज कहा कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकृत तीर्थयात्रियों की संख्या में पिछले साल की तुलना में मामूली गिरावट देखी गई है। हालांकि अब स्थिति में सुधार के संकेत दिख रहे हैं।

उन्होंने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीर्थयात्रा के लिए सभी मार्गों और आधार शिविरों में जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सिन्हा ने कहा कि यात्रा के लिये 22 अप्रैल से पहले पंजीकरण में उछाल आया था, लेकिन आतंकवादियों ने पहलगाम में इस दिन पर्यटकों को निशाना बनाया, जिसमें 26 लोग मारे गए। सिन्हा ने कहा कि 22 अप्रैल के बाद पंजीकरण में थोड़ी गिरावट देखी गई। इस साल के आंकड़ों की तुलना 2024 से करते हुए उपराज्यपाल ने खुलासा किया कि इस बार अब तक 35,000 से 40,000 कम तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि कुल संख्या पिछले साल की तुलना में 10.19 प्रतिशत कम है। उन्होंने कहा कि गिरावट के बावजूद प्रशासन इस बाबत 'आशावादी' है, क्योंकि स्थिति में सुधार है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल तक यात्रा के लिए 2,36,801 पंजीकरण किए गए थे। हमने 22 अप्रैल से पहले पंजीकरण कराने वाले सभी लोगों से संपर्क किया और उनसे यात्रा में भाग लेने की पुष्टि करने के लिए कहा। अब तक 85,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने आने की पुष्टि की है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। सुरक्षा के मसले पर उपराज्यपाल ने आश्वासन दिया कि इस बाबत व्यापक व्यवस्था की गई है और पिछले वर्षों की तुलना में सुरक्षा कर्मियों का संख्याबल भी अधिक है। उन्होंने कहा ष्सुरक्षा के दृष्टिकोण से जम्मू- कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और केन्द्रीय सुरक्षा बलों ने सभी यात्रा मार्गों और आधार शिविरों में सुरक्षित और शांतिपूर्ण तीर्थयात्रा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। सिन्हा ने कहा कि अमरनाथ यात्रा 2025 के सुचारू और सुरक्षित संचालन के लिए मजबूत और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि चाहे वह क्षेत्र वर्चस्व हो, माउंटेन रेस्क्यू पेट्रोल (एमआरपी) की तैनाती हो, या आधार शिविरों पर तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था हो।

# ईरान-इजरायल युद्ध से भारतीय कालीन उद्योग को अरबों का झटका

**भदोही।** ईरान-इजरायल युद्ध का असर काल. ीनों के निर्यात पर दिखाई पड़ने लगा है। कालीन नगरी भदोही में अरबों रुपये के निर्यात ऑर्डर निरस्त होने से कालीन उद्योग में बेचैनी है। कारपेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (सीईपीसी) के प्रशासनिक समिति सदस्य एवं अखिल भारतीय कालीन निर्माता संघ (एकमा) के मानद सचिव पीयूष बरनवाल ने बताया कि ईरान व इजरायल दोनों भारतीय कालीनों के अच्छे आयातक देशों में माने जाते हैं।

युद्ध उन्माद में उलझे इन देशों में भारतीय कालीन की मांग न के बराबर हो गई है। वहीं अमे. रिका भारतीय कालीनों का प्रमुख आयातक देश है, जहां भारतीय कालीनों के कुल निर्यात का 25 से 30 फीसद अकेले अमेरिका को जाता है। ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका के कूदने से हालात और बिगड़ने के आसार बन गए हैं। अस्थिरता के कारण अमेरिकी देशों से आने वाले बायर कतरा रहे हैं। जिसका भारी भरकम खामियाजा कालीन उद्योग जगत को भुगतना पड़ रहा है। पहलगाम की घटना की प्रतिक्रिया में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्की के पाकिस्तान को खुले समर्थन से बिगड़े हालातों के बीच दोनों देशों के बीच तनाव बड़ा है। तुर्किए भी भारतीय कालीनों का एक मजबूत कालीन आयातक देश माना जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्की में भी कालीन निर्यात पर काफी विपरीत असर पड़ा है।

### मणिपुर में पर्यटन उद्योग को भारी नुकसान

**इंफाल।** मणिपुर में कोविड महामारी और उसके बाद मई 2023 की शर्मनाक घटना के बाद राज्य में पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस दौरान घरेलू और विदेशी पर्यटकों पर लगाए गए कड़े प्रतिबंधों की वजह से भी उनकी संख्या में भारी कमी दर्ज की गई है। मणिपुर हमेशा से ही विदेशी पर्यटकों के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र रहा है, जहां आने के लिए प्रोटेक्टेड एरिया परमिट (पीएपी) की आवश्यकता होती है। इस नियम में कुछ समय के लिए ढील दे दी गई थी, लेकिन इसे फिर से 19 दिसंबर 2024 को विदेशी (संरक्षित क्षेत्र) आदेश 1958 के तहत लागू कर दिया गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# श्रध्दांजलि सभा आज

मान्यवर- बडे दुःख के साथ सूचित कर रहे है कि हमारे

पूज्य पिता जी

## श्री मनोहर लाल शर्मा जी

(पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखण्ड एवं अध्यक्ष बी0एस0एम शिक्षण संस्थान रुड़की) (एडवोकेट)

का स्वर्गवास

**दिनांक 15 जून 2025 को हो गया है**

प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

जग-मग रहेंगे दीपक, तुम जो जला गये हो।
रोशन रहेगी राहें, तुम जो दिखा गये हो।।
कर्म रहा जिनका धर्म, शिक्षा को पूर्ण सम्र्पण।
उस मानव को नमन, प्रभु चरणों मे अर्पण।।



श्री मनोहर लाल शर्मा जी
(पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखण्ड एवं अध्यक्ष बी0एस0एम शिक्षण संस्थान)
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, इंटरनेशनल गुड़विल सोसायटी ऑफ इंडिया

### श्रध्दांजलि सभा आज

दिनांक - 27 जून 2025, दिन शुक्रवार

समय - श्रध्दांजलि सभा दोपहर 02:00 बजे

स्थान - बी0एस0एम0 इण्टर कॉलेज, रुड़की



रामकुमार शर्मा



रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट
निदेशक बी.एस.एम. शिक्षण संस्थान



ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट
उपाध्यक्ष बी.एस.एम. शिक्षण संस्थान, रुड़की

# मुनकटिया में हाईवे बाधित होने से जंगल के रास्ते निकाले गए यात्री

## 11 बजे के बाद सोनप्रयाग से केदारनाथ के लिए भेजे गए यात्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारघाटी में हो रही बारिश के कारण हाईवे जगह-जगह टूट रहा है। मुनकटिया में पहाड़ी से लगातार हो रहे भूस्खलन के कारण यात्रा पर बुरा असर देखने को मिल रहा है। यात्रा पर ब्रेक लगने से तीर्थयात्रियों को बार-बार रोकना पड़ रहा है। बृहस्पतिवार सुबह 11 बजे तक तीर्थयात्रियों को सोनप्रयाग में रोका गया, जबकि केदारनाथ धाम से लौट रहे तीर्थयात्रियों को मार्ग के बंद होने के कारण जंगल के रास्ते सुरक्षित निकालकर सोनप्रयाग भेजा गया। रेस्क्यू अभियान में करीब दो हजार तीर्थयात्रियों को निकाला गया।



जनपद में बीते तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही तेज बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। इस बारिश का सबसे बुरा प्रभाव केदारनाथ यात्रा पर देखने को मिल रहा है। यात्रा के मुख्य पड़ाव सोनप्रयाग-गौरीकुंड मार्ग पर लगातार हो रहे भूस्खलन के कारण बार-बार यात्रा को रोकना पड़ रहा है। बृहस्पतिवार को मुनकटिया में पहाड़ी से बड़ा हिस्सा टूटने के कारण यात्रा बाधित रही। करीब 11 बजे बाद मार्ग को ठीक करने के बाद यात्रा सुचारू हो पाई। पिछले वर्ष 31 जुलाई को केदारनाथ यात्रा मार्ग पर आई आपदा के कारण सोनप्रयाग-गौरीकुंड के बीच हाईवे के मुनकटिया में पहाड़ी से लगातार भूस्खलन जारी है। एसडीआरएफ इंचार्ज आशीष डिमरी ने बताया कि केदारनाथ हाईवे के सोनप्रयाग- गौरीकुंड के बीच मुनकटिया में लगातार पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिर रहा है। ऐसे में प्रशासन की ओर से यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए तीर्थयात्रियों को सोनप्रयाग में रोका जा रहा है। बृहस्पतिवार सुबह राजमार्ग बंद होने के कारण केदारनाथ से लौट रहे तीर्थयात्रियों को मुनकटिया स्लाइड जोन से पहले जंगल के रास्ते होकर नीचे सोनप्रयाग लाया गया। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को लेकर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस एवं डीडीआरएफ जवान यात्रा मार्गों में तैनात हैं, जो तीर्थयात्रियों की हरसंभव मदद कर रहे हैं।

# 16.35 लाख की साइबर ठगी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** कोतवाली पुलिस ने एक महिला और एक युवक को डिजिटल अरेस्ट कर 16. 35 लाख की ठगी करने वाले साइबर ठग को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गुरुवार को पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले वादिनी आरती बेलवाल निवासी-जौनपुर कोटद्वार द्वारा कोतवाली में व्हाट्सऐप काल से उनके बच्चे और पति को जान से मार देने की धमकी देने संबधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

रिपोर्ट में उन्होंने कहा कि कॉलर द्वारा लगातार कई दिनों तक कॉल करके मुझे डराकर पैसे की मांग की। इससे भयभीत होकर उन्होंने इधर-उधर से पैसो की व्यवस्था कर अज्ञात कॉलर को यूपीआई व खाते में ट्रांसफर कर कुल 6 लाख 90 हजार रुपये की धनराशि दे दी। वहीं दूसरी ओर वादी गणेश चौधरी निवासी बालासौड़ ने भी कोतवाली में उनके विदेश में नौकरी कर रहे भाई के वीजा समाप्त होने का झांसा देकर व डराकर उनसे 9 लाख 45 हजार रुपये की धनराशि ठगने की रिपोर्ट दर्ज कराई। अभियोग के सफल निस्तारण के लिए गठित पुलिस टीम ने जब बैंक खातों की जांच की तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि उक्त दोनों साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं को एक ही साइबर गैंग द्वारा अंजाम दिया गया है।

कार्रवाई के दौरान पुलिस द्वारा गैंग के सदस्य बिहार निवासी साजिद खान की पहचान की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी पर दस हजार रुपए का ईनाम भी घोषित किया। पुलिस ने आरोपी साजिद खान, उम्र 20 वर्ष, पुत्र तय्यब खान, निवासी- पूर्निया, थाना- पश्चिम चंपारण बेतिया, बिहार को बिहार से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

# डुंगरीपंत के पास अलकनंदा नदी में मिला महिला का शव

**शाह टाइम्स संवाददात**

**श्रीनगर।** रूद्रप्रयाग घोलतीर के समीप हुई बस दुर्घटना में लापता हुए एक यात्री का शव अलकनंदा नदी में डुगरीपंत के समीप मिला है। पुलिस द्वारा शव को नदी से निक. ालकार रूद्रप्रयाग पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

गुरूवार को रूद्रप्रयाग में हुए बस हादसे में लापता यात्रियों की खोजबीन में श्रीनगर पुलिस, एसएसबी, एसडीआरएफ व जल पुलिस के जवान जुटे रहे। नगर क्षेत्र में अलकनंदा नदी पर सुबह से ही सर्च आपरेशन चलाया गया। इस दौरान अलकनंदा नदी में डुगरीपंत के पास अलकनंदा नदी में 40वीं पीएससी आपदा राहत दल के जवानों को एक शव मिला। जवानों के द्वारा शव को नदी से बाहर निक. ाला गया। एसडीआरएफ इंस्पेक्टर मंजरी नेगी ने बताया कि दुर्घना की सूचना मिलने के बाद से ही नदी तटों पर जवनों को तैनात किया गया है व खोजबीन जारी है। मौके पर ओबीएम व राफ्ट की सहायता से भी सर्च अभियान जारी है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्रीनगर जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि रूद्रप्रयाग पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर रूद्रप्रयाग ले जाया गया। कहा कि शव की शिनाख्त 41 वर्षीय गौरी सोनी, मध्यप्रदेश के रूप में की गई है।

# सीएसडी कैंटीन को जाने वाली सड़क को दुरुस्त किया जाए

**श्रीनगर।** पूर्व सैनिक एवं जन कल्याण समिति श्रीनगर ने स्वीत श्रीकोट स्थित सीएसडी कैंटीन जाने वाली सड़क को दुरुस्त कर डामरीकरण करने की मांग की है। गुरुवार को इसी मुद्दे पर महापौर से वार्ता कर संगठन की ओर से उन्हें एक ज्ञापन भी दिया गया। पूर्व सैनिक एवं जन कल्याण समिति के सदस्य कैप्टन भूपेंद्र सिंह, कैप्टन वीरेंद्र सिंह कुंवर के नेतृत्व में गुरुवार को निगम महापौर आरती भंडारी से भेंट की। वार्ता में उन्होंने महापौर से स्वीत श्रीकोट में राष्ट्रीय राजमार्ग से सीएसडी कैंटीन को जाने वाली सड़क को डामरीकृत करने की मांग की। वीरेंद्र कुंवर,राजेंद्र प्रसाद भट्ट, चतर सिंह राणा महापौर से वार्ता करने और ज्ञापन देने वालों में शामिल थे।

# पंचायत चुनाव पर कानूनी असमंजस के बीच कफोल गांव ने फिर दिखाया लोकतांत्रिक का अनुशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** हाईकोर्ट और सरकार के बीच आरक्षण को लेकर जारी कानूनी खींचतान के कारण त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव असमंजस में हैं, लेकिन टिहरी जनपद के भिलंगना ब्लॉक की बासर पट्टी स्थित कफोल गांव के ग्रामीणों ने इस असमंजस से ऊपर उठकर लो. कतंत्र की परिपक्वता का परिचय देते हुए निर्विरोध निर्वाचन की परंप. रा को आगे बढ़ाया है। गांव में आयोजित एक सामूहिक बैठक में मौजूदा आरक्षण के अनुरूप सर्वसम्मति से राजेंद्र सिंह परमार को फिर से ग्राम प्रधान चुनने पर सहमति जताई गई है।

**■ ग्रामवासियों ने राजेंद्र सिंह परमार को पांचवीं बार सर्वसम्मति से निर्विरोध प्रधान बनाने की बनाई सहमति**

गौरतलब है कि पृथक उत्तराखंड राज्य के गठन के बाद से कफोलगांव में लगातार निर्विरोध निर्वाचन की परंपरा चली आ रही है, जिससे गांव में आपसी सौहार्द, पारदर्शिता और विकास का वातावरण बना है। अब तक चार बार निर्विरोध ग्राम प्रधान चुने जा चुके हैं और राजेंद्र सिंह परमार को यह सम्मान पांचवीं बार मिलने जा रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि ग्राम प्रधान पद के लिए आपसी समन्वय और एकमत से चयन करने की परंपरा ने गांव को न केवल राजनीतिक विवादों से दूर रखा है, बल्कि विकास कार्यों में निरंतरता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित की है। इस सामूहिक निर्णय के दौरान कीर्ति सिंह बिष्ट, सोहन बिष्ट, पूर्व बीडीसी सदस्य जितेंद्र कठैत, जसपाल बिष्ट, नरेंद्र बिष्ट, राजपाल बिष्ट सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# पहाड़ी से गिरा पत्थर, मध्यप्रदेश की यात्री घायल

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा मार्ग में गौरीकुंड घोड़ा पड़ाव के समीप पहाड़ी से पत्थर गिरने से एक लड़की का पैर फैक्चर हो गया। गौरीकुंड स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार कर उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया। गुरूवार दोपहर एक बजे जिला आपदा परिचालन केंद्र को सूचना मिली कि गौरीकुण्ड घोड़ा पड़ाव के समीप पहाड़ी से पत्थर गिरने से एक लड़की का पैर फैक्चर हो गया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची डीडीआरएफ की टीम मध्यप्रदेश निवासी 17 वर्षीय छवि फरक्या पुत्री वीरेन्द्र फरक्या को स्वास्थ्य केन्द्र गौरीकुंड लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद लड़की को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

# गंगा संरक्षण पर ड्राइंग और स्टोरी लर्निंग सत्र आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) और नमामि गंगे परियोजना के तत्वावधान में गुरुवार को केंद्रीय विद्यालय नई टिहरी में गंगा नदी के संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और सामाजिक जुड़ाव को लेकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत ड्राइंग प्रतियोगिता, समूह चर्चा और स्टोरी लर्निंग सत्र के माध्यम से छात्र-छात्राओं को गंगा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया।

**■ नेशनल बुक ट्रस्ट और नमामि गंगे के संयुक्त तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम**

विद्यालय के पुस्तकालय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रदीप चंद्र थपलियाल और एनबीटी के प्रभारी आकाश अत्री ने संयुक्त रूप से किया। अपने उद्घाटन संबोधन में प्राचार्य थपलियाल ने कहा कि इस प्रकार के रचनात्मक और विषयपरक आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मकता को मंच मिलता है, बल्कि उनके भीतर सामा. जिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती है। उन्होंने कहा कि बेहतर मंच मिलने से छात्र अपनी झिझक दूर कर खुले मन से भागीदारी करते हैं। एनबीटी के प्रभारी आकाश अत्री ने बताया कि ट्रस्ट विद्यार्थियों को पुस्तकों की महत्ता से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें समसामयिक विषयों पर जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र भंडारी, इतिहासकार महीपाल नेगी, आर्ट शिक्षिका मनु, देवी सिंह, राम लखन, मनोज सहित विद्यालय के कई शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नशा केवल व्यक्ति नहीं, समाज को भी खोखला करता है: डॉ. सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के टीचिंग बेस अस्पताल में गुरुवार को नशा निषेध दिवस पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। जिनमें डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और मेडिकल छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय विक्रम सिंह ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं अपितु पूरे समाज को खोखला करता है। इसके रोकथाम के लिए सबकों मिलजुल. कर कार्य करना होगा। बेस चिकित्सालय के मनो चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मोहित सैनी ने नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव, मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव, पुनर्वास सेवाओं और परामर्श विकल्पों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही नशे की अवैध तस्करी के बारे में भी जानकारी दी। मनोचिकित्सा विभाग के डॉ. पार्थ दत्ता द्वारा विभाग में पिछले सालों में नशे से संबंधित मरीजों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में डॉ. इंद्रा यादव, डॉ. दीपा हटवाल, डॉ. मोहित कुमार, अनिल उनियाल सहित आदि मौजूद थे।

# 29 जून को टिहरी के दो केंद्रों पर होगी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल अथवा प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा-2025 का आयोजन जनपद टिहरी गढ़वाल में आगामी 29 जून को किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए जनपद में दो परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं-राजकीय प्रताप इंटर कॉलेज, नियर दुर्गा मंदिर, बौराड़ी नई टिहरी और सेंट एंथॉनी पब्लिक स्कूल, नियर पुलिस चौकी, ढुंगीधार नई टिहरी।

परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संचालन के लिए जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल के निर्देशन में उप जिलाधिकारी टिहरी संदीप कुमार द्वारा सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। इसके तहत 29 जून को दोनों परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। यह आदेश परीक्षा की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा, जिसकी शुरुआत 28 जून की शाम 8 बजे से होगी। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा केंद्रों के आसपास किसी भी प्रकार की भीड़भाड़, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग आदि गतिविधि प्रतिबंधित रहेगी।

# दिनेश डोभाल बने बीकेटीसी सदस्य, टिहरी में हुआ भव्य स्वागत

**नई टिहरी।** भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री एवं बीसूका के पूर्व जिला उपाध्यक्ष दिनेश डोभाल को बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) का सदस्य बनाए जाने पर टिहरी जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जोरदार स्वागत किया गया। आगराखाल, चंबा और नई टिहरी में व्यापारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, डोल-नगाड़ों के साथ उनका अभिनंदन कर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि दिनेश डोभाल का बीकेटीसी सदस्य बनना न केवल संगठन के लिए गौरव की बात है।

# गुलदार के हमले के बाद ओनालगांव और आसपास के गांवों में वन विभाग की सतर्कता बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र की पट्टी भदूरा के ओनालगांव और पोखरियालगांव में गुलदार की सक्रियता के चलते दहशत का माहौल बना हुआ है। बीते रविवार को ओनालगांव में चार वर्षीय बालक पर हुए गुलदार के हमले के बाद वन विभाग की टीम लगातार तीन दिनों से गांव में डेरा डाले हुए है। विभाग की गश्त टीम शाम होते ही सक्रिय हो जाती है और गांव के भीतर तथा आसपास के क्षेत्रों में गश्त कर रही है। साथ ही लाउडस्पीकर के माध्यम से ग्रामीणों को एहतियात बरतने की लगातार अपील की जा रही है।

**■ बालक की मां अंगुरी देवी के सम्मान की उठी मांग**

गौरतलब है कि रविवार की शाम गुलदार ने ओनालगांव निवासी चार वर्षीय बालक गणेश पर उस समय हमला कर दिया था, जब वह घर के आंगन में था। बालक की मां अंगुरी देवी ने साहस का परिचय देते हुए गुलदार से भिड़कर अपने बेटे की जान बचाई थी। इस हमले में घायल बालक को प्राथमिक उपचार के बाद एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया था, जहां उसकी हालत में अब सुधार बताया जा रहा है। गुलदार की सक्रियता को देखते हुए वन विभाग द्वारा गांव में दो फॉक्स लाइट और तीन ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं, लेकिन अभी तक कैमरों में गुलदार की कोई स्पष्ट तस्वीर सामने नहीं आई है। लंबगांव रेंज के वन रेंजर हर्षराम उनियाल ने बताया कि वन विभाग की गश्त टीम तीन दिनों से लगातार गांव में डेरा डाले हुए है और प्रत्येक शाम को गश्त कर रही है।

# गुजरात को मिलेगी टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट से हरित ऊर्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भारत के ऊर्जा क्षेत्र में सतत और अक्षय स्रोतों के एकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल) ने टिहरी स्थित पंप स्टोरेज प्लांट से उत्पादित 184.08 मेगावाट विद्युत की आपूर्ति के लिए गुजरात सरकार एवं गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) के साथ एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) और विद्युत क्रय समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह समझौता 25 जून को आयोजित एक समारोह के दौरान गुजरात सरकार के वित्त, ऊर्जा एवं पेट्रोकेमिकल्स मंत्री कनुभाई देसाई, अपर मुख्य सचिव एस. जे. हैदर, जीयूवीएनएल के प्रबंध निदेशक अनुपम आनंद, संयुक्त सचिव भक्ति शैमल, टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर.के. विश्नोई, निदेशक (वित्त) सिपन कुमार गर्ग, तथा जीयूवीएनएल के निदेशक (वित्त) के. पी. जांगिड़ की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष आर.के. विश्नोई ने कहा कि यह समझौता टीएचडीसी की अभिनव जलविद्युत तकनीकों के माध्यम से ऊर्जा परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्लांट के माध्यम से गुजरात को उसकी पीक ऑवर बिजली आवश्यकताओं के लिए विश्वसनीय और हरित ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने इसे टीएचडीसी की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और सतत ऊर्जा भविष्य की दिशा में उठाया गया ठोस कदम बताया।

# छात्रों और कर्मचारियों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

**नई टिहरी।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग में अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान देवप्रयाग थाना पुलिस के सहयोग से विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों को नशे से दूर रहने और नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित देवप्रयाग थाना के उप निरीक्षक प्रदीप बिष्ट ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रही है, जो न केवल उनके भविष्य को बल्कि पूरे समाज को प्रभावित कर रही है।

# देवली में सूक्ष्म कौशल उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद द्वारा क्रियान्वित और रेल विकास निगम लिमिटेड समर्थित प्रोजेक्ट प्रगति: इम्पावरिंग वूमेन के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 14 दिवसीय सूक्ष्म कौशल उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ गुरूवार को देवली में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान सरिता देवी और परियोजना अधिकारी दिलीप सिंह कुशवाहा ने किया। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन प्रभावित गांव देवली की महिलाओं को प्रशिक्षण में मोमबत्ती, धूपबत्ती, अगरबत्ती आदि उत्पाद बनाने की तकनीकी मुख्य प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। आरवीएनएल ऋषिकेश और ईडीआईआई अहमदाबाद मिलकर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए निपुण बनाने का कार्य कर रही है, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बने और अपना स्वरोजगार स्थापित कर नए अवसरों का लाभ उठाएं। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के परियोजना अधिकारी दिलीप सिंह ने 14 दिवसीय प्रशिक्षण के उद्देश्य और परियोजना के बारे में एवं उद्यमिता अवधारणा और महत्व के बारे में अपने सत्र में जानकारी दी।

## एक नजर .......

### राज्य आंदोलनकारी कुंजबिहारी के निधन पर जताया शोक

**श्रीनगर।** राज्य आंदेलनकारी व पूर्व पालिकाध्यक्ष पौड़ी कुंजविहारी नेगी का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन पर विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। दिव्यगंत कुंज. विहारी नेगी गढ़वाल विवि स्थापना, पृथक राज्य उत्तराखंड, हिंदी आंदोलन सहित अनेक जन आंदोलनों में नेगी कीअग्रणी भूमिका रही है। गुरूवार को आईटीआई घाट पर गढ़वाल विवि के अधिकारियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुडे लोगों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धाजंलि अर्पित की। वहीं गढ़वाल विवि के कुलपति सचिवालय में कुंजविहारी नेगी के निधन पर दो मिनट का मौन रखते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, कुलसचिव डॉ. हरभजन सिंह चौहान, प्रभारी अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. विजयकांत पुरोहित, वित्त अधिकारी डॉ. सजय ध्यानी, डॉ. बीएस भंडारी, जन संपर्क अधिकारी आशुतोष बहुगुणा, प्रो. मोहन सिंह पंवार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णानंद मैठाणी, अनील स्वामी, अरूण कुकशाल, गणेश कुकशाल, पुष्कर चौहान सहित आदि मौजूद थे।

### कीर्तिनगर में उपजिलाधिकारी चावला ने संभाला कार्यभार

**श्रीनगर।** कीर्तिनगर की नवनियुक्त उपजिलाधिकारी नीतू चावला के पदभार संभालने पर भाजपाईयों ने खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित प्रदेश स्तरीय नेताओं का आभार व्यक्त किया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि कीर्तिनगर में उपजिलाधिकारी की स्थायी नियुक्ति होने से अब लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही लोगों को तहसील स्तर के कामकाज के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। मौके पर प्रदेश स्तरीय नेताओं का आभार प्रकट करने वालों में विनोद सिंह रावत, डा. उत्तम सिंह भंडारी, राम सिंह मेहरा, राम सिंह बुटोला, आंचला नेगी, रामलाल नौटियाल, संतोष मेहता, अवतार मेहरा, मोहन सिंह, कल्पना कठैत, जय सिंह कठैत सहित आदि मौजूद थे।

### डॉ. बिष्ट बने गढ़वाल विवि के मुख्य छात्रावास अधीक्षक

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में इतिहास विभाग के डॉ. सुरेंद्र सिंह बिष्ट को विश्वविद्यालय का मुख्य छात्रावास अधीक्षक बनाया गया है। डॉ. बिष्ट खेल उप छात्रावास अधीक्षक के साथ ही खेल निदेशक का जिम्मा भी देख रहें है। गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह के निर्देशन पर कुलसचिव ने मुख्य छात्रावास अधीक्षक के लिए आदेश जारी किए है। प्रो. बिष्ट पहले विवि में एनसीसी अधिकारी भी रह चुके हैं। ज्ञात हो कि पूर्व में छात्रों के आक्रोश को देखते हुए गढ़वाल विवि के मुख्य छात्रावास अधीक्षक समेत सहायक छात्रावास अधीक्षकों ने सामुहिक रूप से इस्तीफा दे दिया था। गुरूवार को कुलसचिव प्रो. हरभजन सिंह चौहान ने अग्रीम आदेशों तक डॉ. एसएस बिष्ट को छात्रावास अधीक्षक का जिम्मा सौंपा है। इस मौके पर गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने नवनियुक्त मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. एसएस बिष्ट को तत्काल प्रभाव से छात्रावास से जुड़े कार्यों को नियमानुसार सम्पादित करने के निर्देश दिए। कहा कि छात्रवासों में छात्रों को किसी भी प्रकार की समस्या हो उसको निस्तारण करने को कहा। कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश ने पूर्व में जिन भी छात्रावास अधीक्षकों ने अपना इस्तीफा दिया है और जो भी कार्य करने में सहमत नहीं है वह अपनी समस्या को मुख्य छात्रावास अधीक्षक व डीएसडब्ल्यू को लिखित रूप में दे सकते है।

### निशुल्क नेत्र रोग शिविर का 120 से अधिक मरीजों ने लिया लाभ

**श्रीनगर।** कीर्तिनगर ब्लॉक अंतर्गत लोस्तु बड़ियारगढ़ के तेगड़ बाजार में द हंस फाऊंडेशन हॉस्पिटल सतपुली के सहयोग से गुरुवार को निशुल्क नेत्र रोग जाँच शिविर का आयोजन किया गया। कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने बताया कि पूर्व प्रधान शूरवीर सिंह भंडारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनमोहन सिंह पंवार के संयोजन में द हंस फाऊंडेशन हॉस्पिटल सतपुली के सहयोग से क्षेत्र में निशुल्क नेत्र रोग जाँच शिविर में 120 से अधिक मरीजों की आँखों की जाँच की गई। शि. विर में 25 से 30 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनका 28 जून को सतपुली हॉस्पिटल में नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शूरवीर भंडारी एवं मनमोहन पंवार ने कहा कि द हंस फाउंडेशन हॉस्पिटल लगातार स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तराखंड में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। निशुल्क कैंप में मरीजों को निशुल्क दवाईयाँ एवं चश्में भी वितरित किए गए। इस मौके पर अमित सिंह, ऑप्टोमेट्रिस्ट भूपेंद्र रावत, रविंद्र नेगी, संतोष सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### एसबीआई शाखा श्रीनगर ने किया 55 यूनिट रक्तदान

**श्रीनगर।** गुरूवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के टीचिंग बेस चिकित्सालय में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) श्रीनगर शाखा द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लोगों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग कर स्वैच्छिक रूप से 55 यूनिट रक्तदान किया गया। जिससे ब्लड़ बैंक को सुपूर्द किया गया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने कहा कि किसी का जीवन बचाने के लिए रक्तदान करना जरुरी है। कहा कि ब्लड डोनेट करके लोगों की मदद की जा सकती है। रक्तदान महादान है, इसे जीवनदान के बराबर माना जाता है। रक्तदान न केवल अन्य व्यक्ति के जीवन को बचाता है, बल्कि यह रक्त देने वाले को स्वस्थ बनने में भी मदद करता है, इसलिए यह दोनों के लिए फायदेमंद है। इस मौके पर शाखा के दिनेश बिष्ट, गौरव बहुगुणा, अनील बिष्ट, हेमा, आस्था भंडारी सहित आदि मौजूद थे।

### भारतीय स्टेट बैंक के 70 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किया गया रक्तदान शिविर

**कोटद्वार।** भारतीय स्टेट बैंक के 70 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आधारशिला फाउंडेशन के सहयोग से देवीरोड स्थित बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान हिमालयन अस्पताल से आए तकनीशियनों ने रक्त एकत्रित किया। शिविर में 45 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ बैंक प्रबंधक शशांक अग्निहोत्री व जौलीग्रांट स्थित हिमालयन अस्पताल के जन संपर्क अधिकारी सुधीर जोशी ने किया। इस अवसर पर बैंक प्रबंधक शशांक अग्निहोत्री ने कहा कि बैंक के 70 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान करने से बड़ा और कोई पुण्य नहीं है।

### बांई खोह नहर निर्माण में हुई अनियमितता की जांच की मांग

**कोटद्वार।** नगर निगम के अंतर्गत सनेह क्षेत्र के संयुक्त समाज सेवी संगठन ने बांई खोह नहर निर्माण में हुई अनियमितता की जांच की मांग की है। कहा कि नहर निर्माण में बरती गई लापरवाही के कारण काश्तकारों को धान रोपाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। इस संबध में क्षेत्र के काश्तकारों ने गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछली बरसात में क्षतिग्रस्त हुई बाई खो नहर का मरम्मत का कार्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। किसानों की धान की पौध रोपाई के लिए तैयार है, लेकिन रोपाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। कहा कि नहर की मरम्मत तो कराई गई लेकिन इस कार्य में बरती गई अनियमितताओं के चलते नहर फिर से क्षतिग्रस्त हो गई है और काश्तकारों को रोपाई के लिए बारिश का इंतजार करना पड़ रहा है। कहा कि नहर का मलवा भी अभी तक साफ नहीं किया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन अध्यक्ष मोहन सिंह रावत, सचिव महासनंद ध्यानी, महासचिव वाचस्पति बहुखंडी और हरेंद्र सिंह रौतेला, हरीश चंद्र भदूला और रमेश चंद्र बौंठियाल आदि थे।

# दवा दुकानों व फैक्ट्रियों की होगी कड़ी जांच :ताजबर

**■ दवाओं की गुणवत्ता से नहीं किया जाएगा कोई समझौता, अंतर्राज्यीय नेटवर्क्स पर करारी चोट, 83 संयुक्त छापेमारी अभियान, 53 केस, 89 गिरफ्तारियां**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्यभर में औषधि निर्माण और विक्रय प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त डॉ आर राजेश के निर्देशों के बाद अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने सभी वरिष्ठ औषधि निरीक्षकों को अपने अधीनस्थ निरीक्षकों के साथ मिलकर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अपर आयुक्त एवं औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह जग्गी बताया कि अभियान के तहत दवा दुकानों, गोदामों और फैक्ट्रियों से औषधियों के नमूने एकत्र किए जाएंगे, जिन्हें राजकीय विश्लेषक को जांच के लिए भेजा जाएगा। राजकीय विश्लेषक से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर यदि किसी दवा को अधोमानक पाया जाता है, तो संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ त्वरित जांच और जरूरत पड़ने पर अभियोजन की प्रक्रिया भी की जाएगी। इसके लिए औषधि नियंत्रक से अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा यह कदम राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें जन स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उनका कहना है कि दवा व्यापार में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना अब सर्वोच्च प्राथमिकता है। ताजबर सिंह जग्गी ने स्पष्ट कहा कि हम औषधियों की गुणवत्ता के मामले में न तो कोई कोताही बरत रहे हैं, और न ही कोई समझौता किया जाएगा। राज्यभर में दवा निर्माण इकाइयों की नियमित निगरानी और दोषपूर्ण उत्पादों पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

### संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया

औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि कुछ मामलों में यह भी पाया गया है कि अन्य राज्यों में कुछ असामाजिक तत्व उत्तराखण्ड की फार्मा कंपनियों के नाम का अवैध रूप से इस्तेमाल करते हुए नकली औषधियों का निर्माण कर रहे हैं। ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि विभाग ने इस तरह के मामलों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए भारत सरकार के महाऔषधि नियंत्रक तथा तेलंगाना, महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के औषधि नियंत्रकों के साथ मिलकर संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया है।

### 53 केस, 89 गिरफ्तारियां

औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि 2023 से 2025 तक की कार्रवाई के ठोस आँकड़े इस बात का स्पष्ट प्रमाण हैं कि उत्तराखण्ड औषधि विभाग नकली और अधोमानक दवाओं के खिलाफ पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है। इस अवधि में विभाग द्वारा 53 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें कुल 89 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें कई अंतरराज्यीय गिरोहों के सदस्य भी शामिल थे। औषधि विभाग ने 83 से अधिक संयुक्त छापेमारी एवं निरीक्षण अभियानों को अंजाम दिया, जिसके चलते 33 निर्माण इकाइयों को 'उत्पादन बंद करने' के आदेश जारी किए गए। औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि रिस्क-बेस्ड इंस्पेक्शनष्नीति के तहत निर्माण इकाइयों से 100% नमूने लिए जा रहे हैं और वैज्ञानिक लैब में परीक्षण किया जा रहा है ताकि एक भी अधोमानक दवा बाजार में न पहुंचे। औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि कम स्टाफ और सीमित संसाधनों के बावजूद, विभाग ने राज्य के सभी जिलों में थोक विक्रेताओं, मेडिकल स्टोर्स और निर्माण इकाइयों पर निगरानी बढ़ाई है। अपर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एवं औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह जग्गी ने स्पष्ट किया कि राज्य औषधि विभाग आम नागरिकों को आश्वस्त करता है कि स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े हर पहलू की गहन निगरानी की जा रही है।

# नाबालिग लड़की को भगाने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** पुलिस से मिली जानक. ारी के अनुसार 16 तारीख को वादी कफिल पुत्र अब्दुल कय्युम निवासी रामपुर द्वारा थाना सहसपुर पर आकर एक तहरीर बाबद खुद की नाबालिक पुत्री व उसकी सहेली घर से बिना बताये कही चले जाना तथा तथा मोहित जैन व भारत निषाद पर भगाने का शक के आधार सम्बन्धित दाखिला की दाखिला तहरीर के आधार पर थाना सहसपुर धारा 173(2) बीएनएस मे मुक. दमा दर्ज किया गया था। मुकदमे की विवेचना म0उ0नि0 मोनिका मनराल थाना सहसपुर के सुपुर्द की गयी। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए अपहर्ताओ की तलाश हेतु थाना सहसपुर से म0उ0नि0 मो. निका मनराल के नेत्रत्व मे टीम का गठन किया था गठित पुलिस टीम द्वारा आज मुखबीर की सूचना पर अपहर्ता व अभियुक्त मोहित पुत्र तेजराम निवासी ग्राम सिसोरा सिसोरी थाना बण्डा जिला शाहज. हांपुर उ0प्र0 हाल निवासी चोईबस्ती थाना सहसपुर जनपद देहरादून उम्र- 21 वर्ष, को चौई बस्ती रामपुर थाना सहसपुर से बरामद किया गया।

पुलिस ने अपहर्ता के बयानो के आधार पर मुकदमे में धारा 137(2)/65(1)बीएनएस व 3/4, 5स/6 पोक्सो एक्ट बढ़ोतरी कर आरोपी मोहित को गिरफ्तार किया गया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# जलभराव की शिकायतों को हल्के में न लें अधिकारी: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने अमित ग्राम गुमानीवाला में लोनिवि द्वारा किये जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य प्रगति बढाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी विगत दिवस ऋषिकेश में जलभराव समस्या के समाधान को अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे, तथा लोनिवि को बजट की स्वीकृति प्रदान करते हुए तत्काल कार्य प्रारम्भ कराने को निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ह्यूम पाइप ड्रेनेज की सफाई व अलाइमेंट कार्य तेजी से पूर्ण किया जाए जिससे इस बरसात में में जनसामान्य को जलभराव की समस्या से न जूझना पड़े। उन्होंने कहा इन कार्यों की जिलाधिकारी निरंतर मॉनिटिरिंग कर रहे है।लोनिवि के अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करते हुए जलभराव की समस्या करने के निर्देश दिए गए।गुमानीवाला अमित ग्राम के पास नाली चौक होने की समस्या का निस्तारण पानी निकासी के लिए पूर्व में बिछाई गए ह्यूम पाइप को निकाल कर उसका एलाइनमेंट ठीक करने को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता आदि मौजूद थे।

# नियमों को ताक पर रख हो रहा कामः हर्षुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** नगरपालिका विक. ासनगर क्षेत्र में इन दिनों शहरी विकास विभाग द्वारा पेयजल व सीवरेज आदि का काम किया जा रहा है, जिसको लेकर काम कर रही कंपनी पर खामियां व लापरवाही बरतने के आरोप पूर्व में भी लगते रहे हैं। आज फिर स्थानीय जनप्रतिनिधि हर्षुल शर्मा ने इन काम में इस्तेमाल होने वाले वाहनों को लेकर बड़ा सवाल उठाया है।

मीडिया को दिए अपने बयान में हर्षुल शर्मा ने कहा कि नगरपालिका क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों के कारण जगह जगह मार्ग व गलियां अवरूद्ध होने से स्थानीय व ग्रामीण जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं उन्होंने आरा. ेप लगाया की काम को कर रही



**■ काम में इस्तेमाल होने वाले वाहनों को लेकर भी उठाया सवाल**

बाहरी कंपनी द्वारा जिन वाहनों को लगाया गया है उनमें से कई वाहनों पर उनके नंबर तक अंकित नहीं है, ऐसे अगर कोई दुघर्टना होती है या कोई अन्य नुकसान होता है तो उसकी भरपाई कौन करेगा।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नियमानुसार स्थानीय लोगों को भी इस योजना में काम मिलना चाहिए था जो कि नहीं दिया जा रहा है।

## बाजार में जाम की समस्या एवं नशा कारोबार पर अंकुश लगाओ कप्तान साहबः शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** जन संघर्ष मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण शर्मा पिन्नी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह से मुलाकात कर विकासनगर बाजार व हरबर्टपुर चौक में आए दिन लगने वाले जाम से जनता को निजात दिलाने, नशा कारोबार से जुड़े नेक्सस को समाप्त करने एवं क्षेत्र में गौ तस्करी- हत्या पर लगाम कसने को ज्ञापन सौंपा। श्री सिंह ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

शर्मा ने कहा कि नशा तस्करी एवं गौकशी-तस्करी में आरोप लगाते हुए कहा कि अक्सर देखा गया है कि कुछ नेता व पुलिसकर्मी थोड़े पैसे के लालच में अपना जमीर बेच देते हैं, जिसकी वजह से ये अमानवीय कारोबार धड़ल्ले से फल फूलता है। पुलिसकर्मियों, नेताओं एवं तस्करों की जुगल. बंदी के चलते इस कारोबार ने आज अपनी जड़ें बहुत मजबूत कर ली है। कहा आरोप लगाते हुए कहा गौ- हत्या, तस्करी मामले में भी कहीं न कहीं पुलिस व नेताओं की मिलीभगत के चलते क्षेत्र का माहौल बिगड़ चुका है।

# बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसकी मृत्यु करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस ने बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसकी मृत्यु करने वाले आरोपी को सहसपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सहसपुर। 25 तारीख को थाना सहसपुर को कन्ट्रोल रूम के माध्यम से सूचना मिली की सहसपुर क्षेत्रान्तर्गत केदारावाला गांव में खेत की डोल को लेकर दो पक्षो के मध्य हुए विवाद व मारपीट की घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। उक्त सूचना पर थाना सहसपुर से पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा, मौके पर घटना के सम्बन्ध में जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि वाजिद अली पुत्र जिजुददीन व उसके परि. जनों का उनके भाई के पुत्रों व अन्य परिजनो के साथ खेत की डोल पर घास रखने को लेकर विवाद हो गया था, जिसमें वाजिद अली के भतीजे मनीष द्वारा उसका मुंह कीचड़ में दबाकर उनके साथ मारपीट की गयी थी।

मारपीट की घटना के बाद वाजिद का अचानक स्वास्थ्य खराब होने पर परिजनों द्वारा उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित किया गया। घटना के सम्बन्ध में मृतक के पुत्र द्वारा थाना सहसपुर अभियुक्त मनीष, असलम तथा अन्य परिजनों के विरुद्ध दी गयी तहरीर के आधार पर उनके विरूद्ध धारा 105/115(2)/352 भा0न्या0सं0 का मुकदमा दर्ज किया गया।घटना में नामजद आरो. पियों की गिरफ्तारी को पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा अभियुक्तों के सम्बन्ध में सुरागरसी पतारसी करते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया तथा आज घटना में नामजद मुख्य अभियुक्त मनीष पुत्र स्व0 जाहिद अहमद को मुखबिर की सूचना पर केदारवाला से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम व0उ0नि0 विकास रावत, थाना सहसपुर, सिपाही विकास त्यागी, नवबहार सिह शामिल रहे।

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाएंः डीएम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न वित्तीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। राष्ट्रीय शहरी व ग्रामीण आजीविका मिशन, कौशल विकास मिशन तथा स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बैंक एवं विभागीय अधिक. ारी यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचे और जनहित में कार्य हो। सरकारी योजनाओं को गंभीरता से लें, यह केवल औपचारिकता नहीं, जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया



कि जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही बैंक फ्रॉड के प्रति लोगों को जागरूक करने व जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा की प्रत्येक बैंक आवंटित लक्ष्यों को शतप्रतिशत प्राप्त करना सुनिश्चित करें और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं को प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाए। जिलाधिकारी ने बैंकों को ऋण-जमा अनुपात सुधारने, कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता देने, और लंबित वसूली प्रमाणपत्रों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना और वित्तीय समावेशन से जुड़ी योजनाओं को भी प्राथमिकता से लागू करने पर बल दिया गया। बैठक में बिजनेस कोरेस्पोंडेंट की तैनाती, रुपे कार्ड का शत-प्रतिशत सक्रियीकरण, और ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों की समीक्षा जैसे बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में सीडीओ रामजीशरण शर्मा, डीडीओ संतोष कुमार पंत, जिला पर्यटन विकास अधिकारी प्रकाश खत्री समेत अन्य मौजूद रहे।

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर विधायक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** वर्षा काल के दौरान विधायक कपकोट गढ़िया लगातार आपदा प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं। कई जगह विधायक ने अपने निधि से सुधार के लिए ग्रामीणों की मदद की जा रही है। तो कही सम्बन्धित विभागों को कड़े निर्देश देते हुए राहत कार्य गतिमान रहने को कहा जा रहा है। बुधवार को विधायक सुरेश गढ़िया ने विधान सभा के पोथिंग व चीराबगड़ मोटर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। मोटर मार्ग में भीषण बारिश के चलते पहाड़ी से बड़े बड़े बोल्डर व मलवा आने से सड़क जगह जगह पर बंद हो गई थी। उन्होंने कार्यदाई संस्था के अधिका. रियों को तत्काल मौके पर जेसीपी मशीन भेजकर सड़क को यातायात के लिए खोलने के निर्देश दिए। साथ ही विधायक ने आपदा ग्रस्त क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने जनता से मुलाकात करते हुए कहा कि आपदा काल में शासन प्रशासन उनके साथ खड़ा है। इधर गढ़िया ने बताया कि सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सड़कों के लिए प्राप्त पैसा अवमुक्त करने के आदेश दिए है। सभी अधिकारी एकजुटता के साथ कार्य करे। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी, हरीश कोरंगा, दयाल ऐठानी, हरीश मेहरा, प्रमोद पांडे, ओमप्रकाश ऐठानी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## संवैधानिक संस्थाओं को खत्म करना चाहती है सरकार: कुंजवाल

**अल्मोड़ा।** प्रदेश की भाजपा सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव व्यवस्था को कमजोर करने पर तुली हुई है। 5 साल में क्षेत्र पंचायत की एक बैठक करा कर सरकार संवैधानिक संस्थाओं को समाप्त करना चाहती है। यह बात विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने जारी बयान में कही है। कहा कि पूर्व में कांग्रेस की सरकार ने इन संस्थाओं को ठीक उसी प्रकार का संवैधानिक अधिकार दिया है, जैसा विधान सभाओं व लोक सभाओं को दिया है। संविधान की मंशा, साफ है कि चुनी हुई ग्राम-सभा, क्षेत्र-पंचायत, व जिला पंचायते स्वतन्त्र रूप से नियमों के तहत संचालित करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों का विकास व जनहित के कार्यो को अंजाम देते हुए ग्रामीणों अर्थव्यवस्था लोकतंत्र को मजबूती देने में सहयोग कर सके। कुंजवाल ने कहा कि दुर्भाग्य यह है कि, ना तो सरकार समय पर चुनाव ही करा पा रही है और अगर चुनाव किसी तरह हो भी गये तो इस चुनी हुई संस्थाओं में बैठक ना करा कर प्रशासक के तरह इन संस्थाओं का संचालन हो रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण विगत पाँच वर्षों में विकासखण्ड स्तर पर क्षेत्र पंचायत की पहली बैठक में चुने प्रमुख को अन्य प्रस्ताव भी पारित किये उसके बाद 5 वर्ष तक एक भी बैठक ना कर सके सारे नियमों का उल्लंघन करते हुए 5 साल की कार्य योजना स्वीकृत धन का वितरण आदि कोई भी नियमों के अंतर्गत तो आता है उसे क्षेत्र पंचायत की बैठक में पास किया जाना उचित नहीं समझ गया, जिन क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ब्लाक प्रमुखो को चुना गया था उनके अधिकारों को सरकार के आदेशों पर जिला प्रशासन ने जिला तरह समाप्त करने का कार्य किया है उससे स्पष्ट होता है कि इन संवैधानिक संस्थाओं को सरकार समाप्त करना चाहती है।

# भारी बारिश ने बढ़ाई मुश्किलें

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले में बारिश का दौर जारी है। दिन में चटख धूप के बाद रात में हो रही भीषण बारिश से पहाड़ियां दरकने लगी हैं। जिससे आम जनमानस के लिए मुश्किलें बढ़ते जा रही है। जिले में बुधवार की रात झमाझम बारिश होते रही। जिससे एक बार फिर नदी नलों सहित सरयू गोमती नदी उफान पर रही। नदी का जल स्तर बढ़ने पर पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों को नदी के आस पास न जाने की चेतावनी दी गई। वही सुरक्षा की दृष्टि से सरयू तट पर जल पुलिस भी तैनात कर दी है। इधर गुरुवार की सुबह से ही चटक धूप खिली रही। दिन भर लोग गर्मी से बेहाल हुए। वही तेज धूप के कारण पानी से भरे पगडियां दरकने लगी है। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार बारिश से कपकोट-कर्मी, भानी-हरसिंग्याबगड़, दूनी-सुकुंडा, पपों-रतायस, कपकोट-पिंडारी, बदियाकोट-बोरबलड़ा, धरमघर-सनगाड़, बाछम-खाती, भयूं-गुलेर, चेताबगड़, मुनार-गांसी, गुलम-परगड़ा मोटर मार्ग पहाड़ी से मलबा व बोल्डर आने से बंद रही। जिसमें गुरुवार की सुबह जेसीपी मशीनों द्वारा सड़कों को खोलने का कार्य शुरू किया गया। देर शाम तक कुछ सड़कें खोल दी गई। जबकि अभी भी 5 सड़कों पिंडरीग्लेशायर मोटर मार्ग, काफली कमेडा मोटर मार्ग, बदियाकोट बोरबलड़ा मोटर मार्ग, सगाड़ मोटर मार्ग, मुनार गांसी मोटर मार्ग में कार्य जारी है। वही विभाग ने बताया कि सबसे अधिक बारिश कपकोट तहसील में 75 एमएम हुई, गरुड़ में 36 तथा बागेश्वर में 18 एमएम बारिश हुई है। जबकि सरयू नदी का जलस्तर बढ़कर 866. 30 मीटर, गोमती नदी का जलस्तर 863.50 मीटर पर रहा।



## पौधारोपण आंदोलन अनवरत जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन वीरवार को 356 वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत वीरवार को उनके नेतृत्व में गुरना देवी मंदिर परिसर पिथौरागढ़ में स्थित गुरना वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।

# फिजूलखर्ची रोकते हुए निर्विरोध चुना गया प्रधान, गांवों ने पेश की मिसाल

## ग्राम पंचायत मेहरावना के प्रधान बने आनंद सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकास खंड चकराता की ग्राम पंचायत मेहरावना में लो. कतंत्र की एक सराहनीय मिसाल पेश करते हुए ग्रामवासियों ने सर्वसम्मति से आनंद सिंह चौहान पुत्र कुंवर सिंह चौहान को निर्विरोध प्रधान चुना। यह निर्णय हाल ही में आयोजित ग्रामसभा की खुली बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ ग्रामवासी टीकाराम स्याणा ने की।

बैठक में तीनों गांवों मेहरावना, शिर्वा और टुगरोली के ग्रामीणों ने भाग लिया और बिना किसी चुनावी विवाद या अनावश्यक खर्च के प्रधान पद पर सर्वसम्मति से चयन की परंपरा को दोहराया।

ग्रामीणों ने प्रस्ताव पारित कर स्पष्ट संदेश दिया कि पंचायत चुनाव में फिजूलखर्ची की बजाय सामूहिक सहमति से योग्य और सेवाभावी व्यक्ति को नेतृत्व सौंपना ही गांव के विकास के लिए हितकारी है। यह लगातार दूसरी बार है जब ग्रामसभा मेहरावना में प्रधान पद के लिए निर्विरोध चुनाव हुआ है। इससे पहले शर्मिला देवी को भी सर्वसम्मति से प्रधान बनाया गया था।

बैठक में दाताराम जोशी, टीकाराम जोशी, विक्की नेगी,नरेंद्र नेगी, शूरवीर नेगी, शांतिराम, प्रताप सिंह नेगी, गुड्डू, सज्जू दास, पप्पू, विजयपाल, तिलकराम जोशी, जवाहर सिंह, भगतराम, अर्जुन सिंह, बारूदत्त, गेंदा, गीता सहित अनेक ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षर कर प्रस्ताव का समर्थन किया।

# बच्चा गायब कर बेचने की आरोपी महिला दोषमुक्त

**काशीपुर।** जसपुर के एक अस्पताल से बच्चा गायब कर बेचने की आरोपी महिला को प्रथम एडीजे कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है। मोहल्ला नईबस्ती, जसपुर निवासी साजिया पत्नी सलमान ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 सितंबर,2018 को उसने एक निजी अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया। एक अक्तूबर, 2018 को उसकी परिचित ग्राम खेड़ा निवासी परवीन पत्नी शब्बन उसके नवजात पुत्र को मशीन में रखने की बात कहकर वहां से उठा ले गई। उसके बाद वह लौटकर नहीं आई। बाद में पता लगा कि उसने एक निसंतान महिला को 25 हजार रूपये में बेच दिया। जिसे उसने बच्चा अपनी बीमार भांजी का बताया था। उसी का इलाज कराने की बात कहकर बच्चा सौंपा था। अगले दिन अखबार में अस्पताल से बच्चा चोरी होने की खबर प्रकाशित हुई तो बच्चा लेने वाली महिला ने साजिया के घर जाकर उसे उसका बच्चा लौटा दिया। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर आरोपी परवीन को गिरफ्तार कर लिया।

# तहसील परिसर में जुआ खेलते वीडियो वायरल, राजस्व उप निरीक्षक निलम्बित

**■ जुआ खेल रहे अन्य लोगों की पहचान के निर्देश, दोषी कार्मिकों पर गाज गिरनी तय**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** कार्यालय में जुआ खेल रहे राजस्व कार्मिक की फोटो व वीडयो वायरल होने पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी चकराता/कालसी/ त्यूनी से जांच कराई। जांच में दोषी पाए जोन पर डीएम ने सम्बन्धित कार्मिक के विरूद्ध त्वरित एक्शन लेते हुए राजस्व उप निरीक्षक त्यूनी को निलम्बित कर दिया है।

तहसील त्यूनी परिसर में मैन गेट पर राजस्व कर्मियों की सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो कि खबर प्रकाशित की गई है डीएम ने उप जिलाधिकारी चकराता को वायरल वीडियों के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी कालसी/ चकराता/ त्यूनी द्वारा प्रश्नगत प्रकरण की जॉच आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे।

शिकायत पर उप जिलाधिकारी कालसी / चकराता / त्यूनी द्वारा प्रकरण में प्रेषित आख्या में उल्लेख किया कि तहसील कर्मियों द्वारा तहसील परिसर में ही ताश/जुआ खेला जा रहा था, जिसका मुख्य खिलाड़ी राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र रायगी स्पष्ट दिखायी दे रहा है, साथ ही उक्त प्रकरण का सोशल मीडिया एवं दैनिक समाचार पत्रों में भी खबरें प्रकाशित हुई है। प्रकरण में प्रथम दृष्टया राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र रायगी, तहसील त्यूनी की संलिप्तता स्पष्ट उजागर हो रही है। ऐसे कृत्य से आम जन मानस में विभाग / प्रशासन की छवि धूमिल हुई है। राजस्व उप निरीक्षक के विरूद्ध विभागीय आचरण नियमों के उल्लघंन करने पर तत्काल प्रभाव से उचित कार्यवाही किये जाने हेतु डीएम को आख्या प्रेषित की गई।

एसडीएम कालसी/चकराता/त्यूनी से प्राप्त आख्या, जांच में की गई संस्तुति के आधार पर जिलाधिकारी ने नागचन्द, राजस्व उपनिरीक्षक क्षेत्र रायगी, तहसील त्यूनी के विरूद्ध संलिप्तता सिद्ध होने तथा उत्तराखण्ड राज्य कर्मचारियों की आचरण नियमावली का भी उल्लंघन किये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया कर दिया है, निलम्बन अवधि में राजस्व उपनिरीक्षक रायगी को तहसीलदार चकराता के कार्यालय में सम्बद्ध कर दिया है। प्रकरण में तहसीलदार त्यूनी को जांच अधिकारी, नामित करते हुए विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए हैं।

# नशा निषेध दिवस पर बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष ने की समीक्षा

**देहरादून।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा. गीता खन्ना की अध्यक्षता में आईसीडीएस सभागार में बच्चों में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति की रोकथाम,की समीक्षा के लिये ज्वाइंट एक्शन प्लान की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बाल आयोग के सचिव डा. शिव कुमार बरनवाल ने बच्चों में बढ़ती नशे की प्रवृति पर आयोग द्वारा पूर्व से किए गए कार्यो और वर्तमान में संचालित कार्यो को साझा करने को कहा। राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के संयुक्त निदेशक डा0 एसडी बर्मन ने बच्चों में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति के उपचार के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी दी, टोल फ्री नम्बर- 14416 के बारे में बताया गया और कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु के उपरान्त उत्तराखंड में ई-मानस के लांच किये जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों का सेवन करने वाले 13 प्रतिशत बच्चे एवं किशोर है, जिसमें से 20 वर्ष से कम आयु के मात्र 5 प्रतिशत लोग ही उपचार की तलाश करते है, जो कि संख्या में काफी कम है। बैठक में एसडीएम हरि गिरि, एसीएमओ डा0 दिनेश चौहान, सुपरिटेंडेंट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो विरेन्द्र सिंह, नमिता ममगांई आदि उपस्थित थे।

# कलंक से अधिक है आपातकाल : धन सिंह रावत

**भाजपा ने आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर गोष्ठी का किया आयोजन**

शाह टाइम्स संवाददाता




**हरिद्वार।** आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर जगजीतपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि 1975 में लगाया गया आघातकारी आपातकाल स्वतंत्र भारत के इतिहास में एक कलंक से कहीं अधिक है। यह इस बात की याद दिलाता है कैसे इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र के ताने बाने को नष्ट करने की कोशिश की थी। आपातकाल के दौरान तत्कालीन सरकार द्वारा आम जनमानस का अंग्रेजों से भी ज्यादा दमन किया गया। लोकतंत्र के चारों स्तंभों को ध्वस्त करते हुए देश में लाखों लोगों की जबरन नसबंदी कर दी गई। अनेक अखबारों को बंद कर दिया गया। कई हजार पत्रकारों को जेल भेज दिया गया। प्रमुख विपक्षी नेताओं को या तो जेल भेज दिया गया अथवा नजरबंद कर उनका उत्पीड़न किया गया। आज देश की युवा पीढ़ी को काले इतिहास को विस्तार से बताने की आवश्यकता है। जिससे उन्हें मालूम पड़े कि जो लोग विश्व पटल पर जाकर लोकतांत्रिक भारत में लोकतांत्रिक हनन की बात करते हैं। उनका स्वयं का इतिहास कितना बदनुमा और दागदार है। उन्होंने कहा कि आज फिर कांग्रेस के नेता देश की जनता में झूठ फैलाने की बात कर देश में फिर से अराजकता का माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि आपातकाल में हरिद्वार के सैकड़ों जनसंघ और आरएसएस कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न सरकारी मशीनरी द्वारा किया गया। कार्यकर्ताओं को जेल में यातनाएं सहनी पड़ी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि घर घर जाकर भारतीय लोकतंत्र के काले इतिहास की जानकारी दें। जिससे कि आने वाली पीढ़ी यह तय कर सके कि देश का भविष्य किन हाथों में सुरक्षित रहेगा।

जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि आज से 50 वर्ष पूर्व आपातकाल का दंश संपूर्ण देश को झेलना पड़ा था। राष्ट्रीय स्थिरता बनाए रखने के नाम पर कांग्रेस नेताओं ने गिरफ्तारियां, प्रेस सेंसरशिप और नागरिक स्वतंत्रता के निलंबन का शासन चलाया। भारतीय लोकतंत्र और राजनीति का यह सबसे दुखद दिन था। तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने सत्ता की मनमानी और संविधान का मजाक उड़ाते हुए लोकसभा तक का कार्यकाल छः वर्ष कर दिया था। इस अवसर पर आपातकाल के समय पीड़ित परिवार ग्र अभिनंदन गुप्ता को सम्मानित किया गया एवं उनके संस्मरणों को सुना गया। गोष्ठी में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, मेयर किरण जैसल, दर्जाधारी राज्य मंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि, पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, जिला महामंत्री आशु चौधरी, कार्यक्रम संयोजक अनिल अरोड़ा, मोर्चा प्रदेश महामंत्री ऋषिपाल सिंह, महेंद्र धीमान, अनु कक्कड़, सुशील चौहान, जगपाल सैनी जिला उपाध्यक्ष लाल शर्मा, विकास तिवारी, रजनी वर्मा, प्रीति गुप्ता, मोहित वर्मा, मनोज शर्मा, नकलीराम सैनी, सचिन, निश्चित, सचिन शर्मा, तरुण चौहान, विक्रम भुल्लर, मनीष कुमार, एजाज हसन, मंडल अध्यक्ष विपिन शर्मा, बिंदरपाल, कैलाश भंडारी, अश्वनी कंबोज, रीता सैनी, प्रशांत शर्मा, तुशांक भट्ट, राजेंद्र कटारिया, पवन कपूर, पृथ्वी सिंह राणा, चित्र कुमार सैनी, विवेक चौहान, परमिंदर गिल, यादराम वालिया, मुकुल पाराशर, मंजू रावत, हरविंदर गिल, निशा पुंडीर, हीरा सिंह बिष्ट, सूबे सिंह, तरुण नायर, प्रिंस लोहट, अनिमेष शर्मा, अरुण चौहान, सरिता अमोली, देवेश वर्मा, नाथीराम चौधरी आदि मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने की कांवड़ मेले के दौरान
# बाजारों और कालोनियों में भी अर्द्धसैनिक बल तैनात हो

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महानगर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुनील सेठी ने प्रतिनिधिमंडल के साथ एसएसपी को पत्र देकर कांवड़ मेले के दौरान हाइवे के साथ बाजारों और कालोनियों के बाहर भी अर्धसैनिक बलों की तैनाती करने, आधार कार्ड दिखाने पर स्थानीय निवासियों को मेला क्षेत्र आवागमन की सुविधा देने की मांग की है। सेठी ने कहा कि मुख्य बाजारों में अर्ध सैनिक बल जरूर तैनात किए जाएं। जिससे स्थानीय लोगों और व्यापारियों में सुरक्षा का भाव बना रहे। कालोनियों में भी अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की जाए ओर बड़ी गाड़ियों की एंट्री कालोनियों में प्रतिबंधित की जाए। स्थानीय लोगों के आवागमन को सुलभ बनाने के लिए उनके आधार कार्ड को परिचय पत्र मान कर राहत दी जाए। व्यापारियों के सामान लाने ले जाने का समय निर्धारित किया जाए। सेठी ने कहा कि इसमें एक मुख्य विषय इस अभियान को हरकी पैड़ी के आसपास के सभी पार्किंग स्थल एवं उतरी हरिद्वार व मध्य हरिद्वार के बीच के गंगा घाटों सहित अपार्टमेंट्स तथा सोसाईटियों में विशेष सत्यापन अभियान चलाया जाए। प्रतिनिधिमंडल में प्रीतकमल सारस्वत, लालजी यादव, बृजमोहन शर्मा, मनोज ठाकुर, हरिमोहन शर्मा, एसके सैनी आदि शामिल रहे।

# पार्षद राजेश शर्मा ने शुरू कराया सड़क निर्माण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वार्ड 20 के पार्षद राजेश शर्मा ने बृहष्पतिवार को क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। राजेश शर्मा ने बताया कि मध्य हरिद्वार और प्रेम नगर क्षेत्र में बरसात में होने वाले जलभराव व क्षतिग्रस्त सड़कों की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लंबे समय से चली आ रही समस्या से क्षेत्र के लोगों को राहत दिलाने के लिए उन्होंने नगर निगम को प्रस्ताव दिया था। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। सड़क का निर्माण होने से लोगों को सुविधा मिलेगी। सड़क निर्माण शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने फूलमाला पहनाकर पार्षद राजेश शर्मा का स्वागत किया। नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने के बाद राजेश शर्मा ने कहा कि समस्याओं का समाधान कर वार्ड को सुविधा संपन्न बनाना उनका लक्ष्य है। बरसात के दौरान होने वाली समस्या को दूर करने के लिए कार्य शुरू करा दिया गया है। नगर निगम द्वारा संचालित जनकल्याणकारी और अन्य विकास योजनाओं का लाभ भी वार्ड के लोगों को दिलाया जाएगा।



# साध्वी ऋतम्भरा का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक के संयोजन में अखाड़े के पदाधिकारियों और सदस्यों ने जगजीतपुर स्थित वात्सल्य गंगा आश्रम पहुंचकर साध्वी ऋतम्भरा का स्वागत किया और उन्हें भगवान परशुराम का चित्र, फरसा और पुष्पहार भेंट किया। इस दौरान साध्वी ऋतम्भरा के साथ धर्मचर्चा करते हुए पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि सनातन धर्म के संरक्षण संवर्द्धन में संत समाज की अहम भूमिका रही है। संत समाज के लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में श्रीराम मंदिर की स्थापना हुई। राम मंदिर आंदोलन के दौरान हिंदू समाज को एकजुट करने में साध्वी ऋतम्भरा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि श्री अखंड परशुराम अखाड़े द्वारा सनातन धर्म संस्कृति के मान बिंदुओं की रक्षा के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। पंडित अधीर कौशिक ने बताया कि साध्वी ऋतम्भरा ने अखाड़े के प्रयासों की सराहना करते हुए अपनी और से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है। इस दौरान कुलदीप शर्मा, बृजमोहन, अशोक सिंह, विष्णु गौड़, उमेश कुमार, संजू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



# नशे के शिकार युवाओं की काउंसलिंग के लिए पुलिस लाइन में किया कैंप का आयोजन

**कैंप में प्रतिभाग किया और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक**

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** रोशनाबाद स्थित पुलिस लाईन में कैंप का आयोजन कर नशे की लत का शिकार युवाओं की काउंसलिंग के लिए शुक्रवार को पुलिस की और रोशनाबाद पुलिस लाईन में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव सिमरनजीत कौर, अनुभवी काउंसलरों, चिकित्सकों की टीम व पुलिस अधिकारियों ने युवाओं की काउंसलिंग की। टीसीआई फाउंडेशन व प्रजापति ब्रह्मकुमारी की टीम ने भी कैंप में प्रतिभाग किया और नुक्कड़ नाटक के माध्यम युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान युवाओं की पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया और प्रतिभागी युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव सिमरनजीत कौर ने नशे की वजह से शारीरिक व मानसिक समस्याओं, परिवार, समाज व कैरियर पर होने वाले प्रभाव पर विस्तार से चर्चा करते हुए युवाओं को नशे के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक किया। काउंसलरों व चिकित्सकों की टीम ने बताया कि नशे से दूर रहने के लिए खेलकूद, व्यायाम व योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने युवाओं को संबोधित करते नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और कहा कि काउंसलिंग कैम्प का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से मुक्ति दिलाना और उन्हें जीवन की मुख्य धारा से जोड़ना है।

कैंप में शामिल हुए सभी युवाओं व मनोवैज्ञानिकों टीम ने एसएसपी की इस पहल को युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने व उन्हें नशे की लत से मुक्ति दिलाने में एक महत्वपूर्ण कदम बताया व हरिद्वार पुलिस का धन्यवाद किया। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया और जांच के पश्चात नि:शुल्क चश्मे वितरित किए।

कैंप में एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल, एसपी क्राइम व ट्रैफिक जितेंद्र मेहरा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सिमरनजीत कौर, मनोवैज्ञानिक चिकित्सक राजीव रंजन, हेमंत खड़कवाल, टीसीआई फाउंडेशन व प्रजापति ब्रह्माकुमारी की टीम व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

# वेतन भुगतान की मांग कर रहे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने की तालाबंदी

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** वेतन भुगतान की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे गुरूकुल आयुर्वेदिक कालेज के चुतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने चिकित्सालय के मुख्यद्वार पर सांकेतिक रूप से तालाबंदी कर विश्वविद्यालय प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी और धरना प्रदर्शन किया। पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन के प्रदेश ऑडिटर एसपी चमोली ने आंदोलन कर रहे कर्मचारियों संगठन की और से को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। एसपी चमोली और चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश लखेड़ा ने कहा कि सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन कर्मचारियों के सब्र का इम्तहान ले रहे हैं। कर्मचारियों की वेतन एवं अन्य मांगों को लेकर विश्विद्यालय प्रशासन और सरकार ने जल्द कोई कार्यवाही नहीं की तो पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ मिलकर गुरुकुल विश्वविद्याल आयुर्वेदिक चिकित्सालय के कर्मचारियों की लड़ाई लड़ेगा। साथ ही मुख्यमंत्री से पूरी स्थिति से अवगत कराकर अधिकारियों की मनमानी पर लगाम लगाने की मांग करेगा। जिला मंत्री राकेश भंवर, प्रदेश प्रवक्ता राजेन्द्र तेश्वर एवं संरक्षक लोकेंद्र ने कहा कि 27 जून को संगठन विश्विद्यालय प्रशासन और उत्तराखंड शासन की बुद्धि शुद्धि के लिए यज्ञ करेगा और 28 जून को कर्मचारी नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर अपनी पीड़ा से अवगत कराएंगे। उपशाखा अध्यक्ष ताजबर सिंह नेगी, मंत्री मनीष पंवार, उपाध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि मांगे पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कर्मचारियों को आयुर्वेदिक निदेशक देहरादून के अंतर्गत लाया जाए। जिससे कर्मचारियों की वेतन संबंधी समस्या का समाधान हो सके। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता अंकित कुमार ने व संचालन मनीष पंवार ने किया। धरना प्रदर्शन करने वालों में अनिल कुमार, लोकेंद्र कुमार, मोहित, ताजबर सिंह नेगी, मनीष पंवार, अरूण कुमार, राजू कश्यप, त्रिलोकी प्रसाद, अरूण कुमार, पप्पू, सहदेव, अंकित, राकेशचंद्र, सतीश, रोहन, ममता पाल, कमलेश, ईशा, नीलम बिष्ट, पुष्पा आदि शामिल रहे।

# आईसीएआई हरिद्वार शाखा एमएसएमई महोत्सव का 27 को

**एमएसएमई में लघु एवं मंझोले उद्योगों के लिए लाभकारी सरकारी योजनाओं की मिलेगी जानकारी**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारत सरकार की ओर से छोटे एवं मझोले उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। लेकिन जानकारी के अभाव में लोगों को उचित लाभ नहीं मिल रहा है। इसीलिए सीए दिवस पर एमएसएमई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जहां सिडकुल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, बैंकिंग एवं इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) हरिद्वार शाखा के पदाधिकारी एक साथ मौजूद रहकर लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

प्रेस क्लब हरिद्वार के सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) हरिद्वार शाखा के अध्यक्ष सीए चंद्रशेखर ने बताया कि शुक्रवार, 27 जून 25 को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर केंद्रित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन श्रीजी वेंकट हाल प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न सरकारी पहलों, वित्तीय योजनाओं और सहायता प्रणालियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा मुख्य अतिथी होंगे। सीए चंद्रशेखर ने बताया कि कार्यक्रम में टीआईडीईएस आईआईटी रुड़की के सीईओ, एमएसएमई क्षेत्र में काम करने वाले केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी एवं सीए वीरेंद्र कालरा तकनीकी सत्र एमएसएमई के लिए उपलब्ध विभिन्न लाभों, योजनाओं और सहायता तंत्र के संबंध में जानकारी देंगे। जिसमें कराधान और विनियामक ढांचे के तहत प्रोत्साहन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एमएसएमई समुदाय को और अधिक सहायता प्रदान करने के लिए अग्रणी वित्तीय संस्थानों के बैंकर एमएसएमई के लिए तैयार ऋण और ऋण योजनाओं का प्रदर्शन करेंगे। आईसीएआई हरिद्वार शाखा द्वारा हेल्प डेस्क स्थापित करेगी, जो नि:शुल्क उद्यम पंजीकरण सहायता प्रदान करेगी और एमएसएमई से संबंधित मुद्दों से संबंधित प्रश्नों का समाधान करेगी। उन्होंने कहा कि एमएसएमई उद्यमियों और पेशेवरों से भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए अनुरोध किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में सीए चंद्रशेखर, सीए अंकुर अग्रवाल, सीए अनमोल गर्ग, सीए वासु अग्रवाल मौजूद रहे।




## नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले
# छात्रा छात्राओं को डीएम ने किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान के सफल क्रियान्विन हेतु 12 जून को रन अगेंस्ट ड्रग्स दौड का आयोजन विकास भवन रोशनाबाद हरिद्वार से स्पोर्टस स्टेडियम रोशनाबाद हरिद्वार तक किया गया। इस दौड़ में अंडर 14 बालक एवं बालिका वर्ग तथा ओपन आयु वर्ग के अन्तर्गत समस्त आयु वर्ग के प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त दौड़ में हर वर्ग से प्रथम तीन पायदान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को आज जिला कार्यालय में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओंब को मेडल, ट्राफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ जिस खेल में उन्हें रुचि है उसमें कड़ी मेहनत एव लगन से अपने लक्ष्य को हासिल करे। उन्होंने सभी से नशे से दूर रहते हुए एवं नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी अपने आस पास के लोगों को भी जागरूक करने को कहा। इस दौड़ में अंडर 14 बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले नीरज पुत्र सुल्ली द्वितीय स्थान वंश कटारिया पुत्र सतीश तृतीय स्थान मानस पुत्र संजीव कुमार व अंडर 14 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान नेहा पुत्री आनंद सिंह बगडबाल द्वितीय स्थान दिया पुत्री पप्पू राम तृतीय करीना पुत्री ओमप्रकाश। ओपन वर्ग में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान शेर अली पुत्र इस्लाम अली द्वितीय मोईन पुत्र अली शेर तृतीय आलोक पुत्र संजू प्रजापति व महिला वर्ग में प्रथम स्थान श्रद्धा पुत्री शशी कुमार द्वितीय दीपा पुत्री मदन राम तृतीय सलोनी पुत्री अमर सिंह। इस अवसर पर यशवन्त सिंह (प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी हरिद्वार) एवं शावाली गुरूंग (जिला क्रिडा अधिकारी हरिद्वार), प्रतिभागी छात्र छात्राओं सहित विभाग के अन्य कार्मिक भी मौजूद रहे।

# विहिप संगठन मंत्री ने गंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रायवाला स्थित भूमि के विवाद में श्री गंगा सभा को जीत मिलने पर विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री अमित ने श्रीगंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान विहिप विभाग संगठन मंत्री अमित ने कहा कि वर्ष 1962 से रायवाला स्थित भूमि को लेकर चल रहे संघर्ष में नितिन गौतम के नेतृत्व में सफलता मिली है। यह केवल भूमि की वापसी नहीं। बल्कि हमारी परंपरा, आस्था, और स्वाभिमान की विजय है। उन्होंने कहा कि तीन पीढ़ियों का संघर्ष रंग लाया है। श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम का यह कार्यकाल सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। श्री गंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था की सपंत्ति का संरक्षण करना उनका दायित्व है। स्वागत करने वालों में जिला सहमंत्री दीपक तालियान, शाश्वत वशिष्ठ, मुकुल शर्मा, सप्तऋषि प्रखंड संयोजक रवि कुमार, बजरंग दल सप्तऋषि प्रखंड अध्यक्ष दीनदयाल दीक्षित, अंश मल्होत्रा, अनिकेत सिंह, रणजीत सिंह, प्रखंड अध्यक्ष सुनील सैनी, देशबंधु, जिला उपाध्यक्ष रुड़की दिलीप महेंद्र आदि शामिल रहे।



# सीडीओ ने उद्योग विभाग में संचालित की जा रही योजनाओं की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** मुख्य विकास अधिकारी, हरिद्वार द्वारा उद्योग विभाग में संचालित की जा रही योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई जिसमें मुख्यत: प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवम् मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना 2.0 प्रमुख रही। पी0एम0 विश्वकर्मा योजना में ऑनबोर्ड हेतु लम्बित ग्राम पंचायतों के सम्बन्ध में पूर्व में भी कई बार ऑनबोर्ड कराये जाने हेतु दिए गए निर्देशों के अनुपालन में अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण न होने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नराजगी व्यक्त करते हुए जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देश दिये गये कि अपने मुख्यालय से नियमित अनुश्रवण करते हुये सभी ग्राम पंचायतों को अविलम्ब ऑनबोर्ड कराया जाना सुनिश्चित करेगें। इस योजनान्तर्गत प्रशिक्षण में भी अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर एनएसडीसी को इस सम्बन्ध में यथाशीघ्र प्रशिक्षण कार्यक्रमों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये है इसके साथ ही प्रशिक्षण संस्थानों से अपेक्षा की गई है कि छैक्ब से समन्वय करते हुये प्रशिक्षण कार्यक्रमों को पूर्ण कराये। बैठक में समस्त विकास खण्ड अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि योजनान्तर्गत आवेदकों के सत्यापन के कार्यो में तेजी लाये एवम् विकास खण्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विश्वकर्मा के उत्पादों को मार्केटिंग प्रदान करने के लिये उद्योग विभाग से अनुश्रवण करें। इस योजना में बैंकों से वित्तपोषण में लम्बित मामलों की समीक्षा उपरांत अग्रणी जिला बैंक प्रबन्धक को निर्देश दिए गए कि सम्बन्धित बैंक शाखाओं से अनुश्रवण करते हुये लम्बित मामलों में ऋण वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये। बैठक में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना 2.0 के सम्बन्ध में महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र के द्वारा विकास खण्ड अधिकारियों के मध्य प्रस्तुतिकरण किया गया तथा इस योजना में विकास खण्ड स्तर पर अधिक से अधिक आवेदन पत्र भरवाने हेतु अनुरोध किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र को निर्देश दिए गए कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुये सम्बन्धित विभागों से भी अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को योजनान्तर्गत स्वरोजगार दिलाये जाने की कार्यवाही करें। बैठक में महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र उत्तम कुमार तिवारी, अग्रणी जिला बैंक प्रबन्धक दिनेश कुमार गुप्ता, सहायक निदेशक एस.सी. काण्ड़पाल एम0एस0एम0ई0 हल्द्वानी भारत सरकार, सहायक जिला पंचायती राज अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, स्टेट प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट के सदस्य, प्रशिक्षक राजकीय आई.टी.आई. जगजीतपुर उपस्थित रहे।

# वृद्ध ने एसएसपी से लगाई नौकरी से हटाने के बाद भी अनधिकृत रूप से कमरे में रह रहे चौकीदार को निकालने की गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वृद्ध ने संपत्ति की देखभाल के लिए रखे गए चौकीदार पर नौकरी से हटाने के बाद अनाधिकृत रूप से परिसर में रहने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगायी है। एसएसपी शिकायत प्रकोष्ठ में दिए गए प्रार्थना पत्र में मूलरूप से राजस्थान के जयपुर निवासी विनोद गुप्ता ने बताया कि थाना श्यामपुर अंतर्गत ग्राम कांगड़ी में पीठ बाजार स्थिति भूमि की देखभाल के लिए उन्होंने मुजफ्फरनगर निवासी भूषण पुत्र जयराम को रखा था। तभी से वह परिवार के साथ रहकर संपत्ति की देखभाल कर रहा था। विनोद गुप्ता ने बताया कि इस दौरान उनके परिवार का भूषण के परिवार व बच्चों के साथ काफी स्नहे हो गया था। जिसके चलते उनकी पत्नि भूषण को तनख्वाह के अतिरिक्त उसके बच्चों की पढ़ाई लिखाई व कपड़े आदि देकर सहायता करती रहती थी। भूषण की बड़ी पुत्री की भी आर्थिक मदद की। प्रार्थना पत्र में विनोद गुप्ता ने बताया कि वह और उनकी पत्नि काफी वृद्ध हो चुके हैं। वह स्वयं भी कैंसर से पीड़ित हैं। ऐसी स्थिति में उनका बार-बार हरिद्वार आना संभव नहीं होने के कारण उन्होंने दो वर्ष पूर्व चौकीदार भूषण को बता दिया था कि वह अब उसकी सेवा नहीं ले पाएंगे। इसलिए वह अपने लिए मकान और नौकरी ढूंढ ले। उस समय उसने सहमति जताते हुए तीन महीने का समय मांगा था। लेकिन इसके बाद वह लगातार बहाने बनाकर संपत्ति पर टिका हुआ है और उन्हें धमकाने के साथ कमरा खाली करने की एवज में पैसों की डिमांड करने लगा। पैसे देने से इंकार करने पर उसने उन्हें व उनकी पत्नि को मारने और झूठे मुकद्मे में फंसाने की धमकी दी। इस पर उन्हें अपनी जानमाल की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ निजी गार्ड नियुक्त करने पड़े। इससे उन्हें अतिरिक्त खर्च के साथ मानसिक परेशानी भी उठानी पड़ रही है। विनोद गुप्ता ने बताया कि उन्होंने 28 मार्च को थाना श्यामपुर पुलिस को प्रार्थना पत्र जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगायी थी। विनोद गुप्ता ने एसएसपी से गुहार लगाते हुए कहा कि उनकी संपत्ति में अनाधिकृत रूप से रह रहे भूषण को बाहर निकाला जाए और जानमाल की सुरक्षा की जाए।

# प्रख्यात शिक्षिका व समाजसेविका बीना पांडे का निधन

## बाबा नीम करौली महाराज की अनन्य भक्त भी थीं, नम आंखों से नैनीताल ने विदाई दी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल की जानी-मानी शिक्षिका और समाजस. ेवा में अग्रणी रहीं बीना पांडे का मंगलवार को दिल्ली में हृदयगति रुकने से निधन हो गया। 76 वर्षीय बीना पांडे तल्लीताल बाजार निवासी थीं और स्व. कर्नल अनिल पांडे की पत्नी थीं। उनके निधन की खबर से पूरे नैनीताल शहर में शोक की लहर दौड़ पड़ी, और शिक्षा व सामाजिक जगत ने एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व को खो दिया।







बीना पांडे बिशप शा। इंटर कॉलेज की वरिष्ठ शिक्षिका रहीं, जहां से उन्होंने दीर्घकालीन शिक्षण सेवा के बाद सेवानिवृत्ति ली थी। अपने कार्यकाल में उन्होंने न केवल शिक्षा दी, बल्कि अनेक छात्र-छात्राओं के जीवन को दिशा दी। उनके विद्यार्थियों और सहकर्मियों में उनके प्रति अपार सम्मान था।

सेवानिवृत्ति के बाद बीना पांडे अपने पुत्र अभय पांडे के साथ दिल्ली और पुत्री रोहिणी पांडे कुमार के साथ इंग्लैंड में रहती थीं। निधन के समय वे दिल्ली में थीं। परिजनों के अनुसार, बीना पांडे नीम करौली बाबा की अनन्य भक्त थीं और जीवन की अंतिम सांस तक नैनीताल में रहने की इच्छा रखती थीं। उनकी यही अंतिम इच्छा पूरी करते हुए पुत्र अभय पांडे उनका पार्थिव शरीर नैनीताल स्थित उनके आवास लेकर आए, जहां से गुरुवार को बैंड-बाजे और गेंदे के फूलों से सजे शव वाहन के साथ उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। शवयात्रा तल्लीताल डांठ से पाषाण देवी मंदिर होते हुए पाइंस स्थित श्मशान घाट पहुंची, जहां धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान इंग्लैंड से उनकी पुत्री रोहिणी पांडे कुमार भी नैनीताल पहुंचीं और परिवार के साथ इस भावुक क्षण में सहभागी बनीं। नाती धनंजय कुमार, नातिनी रूपरना कुमार, दामाद दीपक कुमार, भाई अभय बिष्ट, संजय बिष्ट सहित पूरा परिवार मौजूद रहा और हर आंख नम थी। बीना पांडे की अंतिम यात्रा में शहर के व्यापारी, समाजसेवी, शिक्षाविद, पूर्व छात्र और जनप्रति. निधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शवयात्रा में अमनदीप आनंद, भुवन लाल शाह, नासिर खान, सुखदीप आनंद, राजेंद्र मंडल, शोभा तिवारी, संजय मेहरा, योगेश शाह, हनी छाबड़ा, कनक शाह, दिनेश, मोहम्मद महफूज सिद्दीकी, कर्नाटक पप्पू, संजू बिष्ट, मोहन नेगी, नीरज पंत, भागवत पंत, कमल खान, रजब खान, उमेश जोशी, पूरन तिवारी समेत अनेक गणमान्य नागरिकों ने दुख जताया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# बढ़ती उम्र में घुटनों के दर्द को न बनाएं लाचारी: डा. यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उम्र बढ़ने के साथ घुटनों में दर्द, अकड़न और चलने-फिरने में कठिनाई आम हो जाती है। सीढ़ियां चढ़ना, बागवानी करना या पास की दुकान तक जाना भी चुनौती बन जाता है।



विशेषज्ञों के अनुसार, यह स्थिति आमतौर पर ऑस्टियोआर्थराइटिस या पुराने जोड़ों की क्षति के कारण होती है, और समय पर इलाज न होने पर जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डा.अखिलेश यादव ने बताया कि वजन नियंत्रित रखना, हल्का व्यायाम करना, आरामदायक जूते पहनना और संतुलित आहार लेना जोड़ों की सेहत के लिए जरूरी है। डा. यादव ने बताया कि यह तकनीक पारंपरिक विधियों की तुलना में अधिक सटीक है। इसमें कम चीरा, कम रक्तस्राव, कम दर्द और तेज रिकवरी होती है। अधिकांश मरीज सर्जरी के दिन ही चलने लगते हैं और जल्दी सामान्य जीवन में लौटते हैं। रोबोटिक तकनीक से घुटनों के इम्प्लांट का एलाइनमेंट बेहतर होता है, जिससे दीर्घकालिक लाभ मिलता है। हजारों वरिष्ठ नागरिक अब इस तकनीक के ज़रिए दोबारा चल-फिर पाने की आज़ादी महसूस कर रहे हैं।

# नर्सिंग कॉलेज में वार्षिक पुस्तकालय महोत्सव

## 6 दिन चलेंगे प्रोग्राम, बुक टॉक व बुक रिव्यू प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी में गुरूवार से वार्षिक पुस्तकालय महोत्सव-2025 का शुभारंभ किया गया। महोत्सव का आयोजन आज यानि गुरूवार से 1 जुलाई (छह दिवसीय) तक किया जाएगा। महोत्सव के अंतर्गत कई सारी नूतन लाइब्रेरी प्रतियोगिताओं का आयोजन छात्र-छात्राओं के साथ किया जा रहा है। बताते चलें कि राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी, उत्तराखंड का पहला नर्सिंग कॉलेज है, जहां वाइब्रेंट लाइब्रेरी को लेकर तेजी से प्रयास किये जा रहे हैं। गुरुवार को बुक टॉक प्रतियोगिता एवं बुक रिव्यू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में 114 बच्चों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल के सदस्यों के तौर पर उमेश पांडे, गीतांजलि साह, नीता बिष्ट, गीता आर्या, ज्योति बुढ़लाकोटी, तारा राणा, रंजना उपाध्याय, खष्टी जोशी, हेमलता एवं वैशाली मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की छात्रा अदिति पुंडीर, पूजा रौतेला एवं छात्र अमित बिष्ट, विमल कुमार ने किया। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. अरुण जोशी ने बताया कि लाइब्रेरी गतिविधियां पुस्तकालय का एक बहुत महत्वपूर्ण आयाम हैं। इसलिए इस फेस्टिवल में विभिन्न लाइब्रेरी गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं में लाइब्रेरी एवं किताबों के प्रति रुचि बढ़ाने को लेकर प्रयास किये जा रहे हैं। राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी की प्राचार्या डा. सबिस्ता अहमद नाज़ ने बताया कि कल यानि आज शुक्रवार को शेयर्ड रीडिंग प्रतियोगिता एवं स्वरचित कविता प्रतियोगिता व 28 जून को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा 1 जुलाई को सोशल अवेयरनेस ड्रामा प्रतियोगिता एवं समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा।




## भिक्षुओं की संख्या बढ़ी

**नैनीताल।** लेकसिटी में इन दिनों पर्यटकों के साथ भिक्षुकों की भीड़ भी बढ़ गई है। जबरन पैसे मांगते भिक्षुक पर्यटकों को परेशान कर रहे हैं। लोग लगातार पुलिस व पालिका से भिक्षुकों को शहर से खदेड़ने की मांग कर रहे हैं लेकिन उसके बाद भी नयना देवी मंदिर के बाहर भिक्षुकों का जमावड़ा लगा है। बता दें कि हर पर्यटन सीजन के दौरान पर्यटकों से पहले यहां दर्जनों भिक्षुक पहुंच जाते हैं। जो डीएसए भवनए बैंड स्टैंड और रिकशा स्टैंड में रात बिताकर दिन में मंदिर और बाजार क्षेत्र में लोगों से पैसे मांगते हैं।

इन दिनों इनकी तादाद शहर में बढ़ रही है। भिक्षुक पैसे मांगकर पर्यटकों को परेशान कर रहे हैं। लोग भिक्षुकों को को शहर से खदेड़ने की मांग कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को भी नयना देवी मंदिर के समीप भिक्षुकों का जमावड़ा लगा रहा। जो स्थानीय दुक. ानदारों व पर्यटको को परेशान करते नजर आए। ?

कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि जल्द ही पूर्व की तरह अभियान चलाकर भिक्षुकों को शहर से बाहर किया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स दिवस पर शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतरराष्ट्रीय ड्रग दिवस के अवसर पर गुरुवार शाम हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक विशेष जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।




कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड हल्द्वानी, जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग जनपद नैनीताल के संयुक्त प्रयासों से किया गया। शिविर की शुरुआत जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत द्वारा नशे को कहें ना स्वस्थ जीवन को अपनाएं की शपथ दिलाकर की गई। इस मौके पर सहायक समाज कल्याण अधिकारी राहुल आर्य ने स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लगभग 300 बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। जनजागरूकता कार्यक्रम के साथ ही खेल विभाग द्वारा एक दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसका उद्घाटन खेल उपनिदेशक रसिका सिद्दीकी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के अंत में विजेता खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपक्रीड़ा अधिकारी वरूण बेलवाल, त्रिलोक सिंह जीना, विनय जोशी, शुभांगनी शाह, गोविंद लटवाल, अंकुश रौतेला, श्याम भट्ट, राहुल सिंह, बिमला रावत आदि मौजूद रहे।

**अदालती सूचना**
**न्यायालय जिला जज महोदय**
**पौड़ी गढ़वाल।**

प्र0 दी0वाद सं0-76 सन् 2025
श्रीमती पदमा देवी उम्र 90 वर्ष पुत्र स्व0 महेन्द्र सिंह रावत, ग्राम-सिरोली, पो0-क्र्याक, पट्टी इड़वालस्यू तह0 पौड़ी, पौड़ी गढ़वाल। 246001
..........**प्रार्थिनी**
**बनाम**
1. ग्राम पंचायत विकास अधिकारी (प्रशासक) ग्राम सभा सिरोली, पटटी-इड़वालस्यू, विकासखण्ड पौड़ी, तह0 पौड़ी, पौड़ी गढ़वाल,
2. आम व खास जन प्रकाशन हेतु
..........**विपक्षीगण**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी ने अपनी पुत्री ऊषा रावत के द्वारा डाकघर पौड़ी, एस0बी0आई0 पौड़ी व बैंक ऑफ बड़ौदा पौड़ी, में जमा की गयी कुल धनराशि रूपये 1,01,53,591/- एक करोड़ एक लाख तिरपन हजार पांच सौ इकानवे मय लाभ (ब्याज) सहित प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहने बावत इस न्यायालय में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया है जिसमें सुनवाई हेतु 29.07.2025 तिथि नियत है। अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने में किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह उक्त तिथि को ठीक 10 बजे प्रातः न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दाखिल करे, अन्यथा एक तरफा सुनवाई की जायेगी। आज दिनांक 26.06.2025 को न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी।

जिला जज
पोड़ी गढ़वाल।

# तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण

**हल्द्वानी।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को हल्द्वानी नगर क्षेत्र में तीन आंगनबाड़ी केंद्रों के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया। ये केंद्र राजेन्द्र नगर प्रथम (राजपुरा), सुभाष नगर चतुर्थ और दमुवाढूंगा मल्ली बमौरी क्षेत्रों में बनाए गए हैं। प्रत्येक भवन की लागत 18.57 लाख रुपये रही है। इस अवसर पर मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल भवन नहीं, बल्कि उत्तराखंड के भविष्य को आकार देने वाली संस्थाएं हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के पोषण, शिक्षा और संस्कार की पहली जिम्मेदारी इन केंद्रों की होती है, और स्वस्थ बचपन से ही कुशल मानव संसाधन तैयार होते हैं। रेखा आर्या ने कहा कि हाल ही में 7000 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की नियुक्ति से प्रदेश में बाल विकास सेवाओं की दक्षता और पहुंच में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से एकल महिला स्वरोजगार योजना को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योजना की जानकारी ज्यादा से ज्यादा पात्र महिलाओं को दी जाए ताकि वे सरक. ारी सहायता लेकर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा सकें। कार्यक्रम में पार्षद प्रीति आर्या, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष रविंद्र बाली, रजनी बाली, भरत वल्दिया, हेमंत साहू, वीरेंद्र जायसवाल, हीरालाल साहू, पार्षद पंकज त्रिपाठी, पूर्व पार्षद राजेंद्र भाकुनी, पार्षद नेहा अधिकारी, दिनेश वर्मा और विक्रम अधिकारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## राजमार्ग पर गड्ढों की मरम्मत

**नैनीताल।** नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर उभरे गड्ढे आम जनमानस के लिए खतरा बन गए थे। सड़क पर उभरे गड्ढों को एडीबी ने इमल्शन से भर दिया है। जिससे वाहन चालकों को आराम मिल रहा है। बता दें कि बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नैनीताल पहुंचे लेकिन उनके आने से पहले सारे विभाग हर चीज को व्यवस्थित करने में जुट गए। एडीबी ने ताकुला व रूसी क्षेत्र में सड़क के गड्ढों को कंक्रीट से भर दिया लेकिन रात हुई बारिश से सड़क पर दोबारा गड्ढे उभर गए।

# नोटिसों पर भड़के विधायक सुमित हृदयेश

## कहा-एक भी गरीब परिवार का आशियाना नहीं टूटने देंगे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर विधायक सुमित हृदयेश ने गुरुवार को आवास विकास स्थित पंचेश्वर मंदिर परिसर में प्रशासन द्वारा लगाए गए आपत्ति कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों को अतिक्रमण के नाम पर भेजे जा रहे नोटिसों पर तीखी नाराजगी जताई और कैंप में स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। विधायक हृदयेश ने कहा कि प्रशासन की कार्रवाई गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को लक्ष्य बनाकर की जा रही है, जो निंदनीय है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि इससे पूर्व वह सुभाष नगर में आयोजित आपत्ति कैंप में भी शामिल हुए थे और दर्जनों आपत्तियां प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत की थीं। उन्होंने आरा. ेप लगाया कि अब तक उन आपत्तियों का कोई स्पष्ट और लिखित जवाब नहीं मिला है। विधायक ने सख्त लहजे में अधिकारियों को चेतावनी दी कि कोई भी बाहरी अधिकारी यहां आकर अपनी सनक नहीं थोप सकता। प्रशासन का यह एकतरफा रवैया और गुंडा राज किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह इन गलियों में पले-बढ़े हैं और हर घर से उनका व्यक्तिगत जुड़ाव है। उन्होंने दोहराया कि एक भी गरीब का आशियाना उजड़ने नहीं दिया जाएगा। हृदयेश ने अधिकारियों से कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने की मांग करते हुए कहा कि जब तक सभी आपत्तियों का विधिवत निस्तारण नहीं होता, तब तक कोई भी निर्णायक कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने आमजन को आश्वस्त किया कि प्रशासन चाहे जितनी कोशिश कर ले, वह हर स्थिति में जनता के साथ खड़े रहेंगे।

**नाम परिवर्तन**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मो मंसूर हसन अंसारी ( MOHD MANSOOR HASSAN ANSARI-पुराना नाम ) से बदलकर मो मंसूर हसन (MOHD MANSOOR HASAN - नया नाम) कर लिया है। भविष्य में मुझे मो मंसूर हसन पुत्र मकसूद अली के नाम से जाना व पहचाना जाए।
**शपथकर्ता :** मो मंसूर हसन पुत्र मकघ्सूद अली, निवासी- माजरा पश्चिम, मस्जिद वाली गली, जिला देहरादून, उत्तराखंड, पिन-248171

# प्रो. वाइएस पांगती की पुस्तक का विमोचन

## लेखकों को उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बधाई दी



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने नैनीताल क्लब में वीरवार को कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी, प्राध्यापक डा. कंचन उप्रेती, डा. नवीन चंद्र पांडे, गोविंद बल्लभ पंत पर्यावरण संस्थान लद्दाख के डा. नवीन चंद्र, यूसेक देहरादून के डा. गजेंद्र सिंह तथा फैलो ऑफ नेशनल अकादमी ऑफ साइंसेज प्रो. यशपाल सिंह पांगती द्वारा लिखित पुस्तक हिमालयन ग्रीन ट्रेजर यूजफुल प्लांट्स ऑफ उत्तराखंड वेस्टर्न हिमालय इंडिया का विमोचन किया। पुस्तक के विमोचन के बाद डा. रावत ने सभी लेखकों को बधाई दी। प्रो. तिवारी ने बताया कि पुस्तक में उत्तराखंड की 757 कुलों की 1265 पौधों की प्रजातियों का वर्णन है जिसमें द्विबीजपत्री की 125 कुल तथा 1052 वंश एकबीज पत्री की 24 कुल तथा 102 वंश तथा 163 प्रजातियां शामिल है।

जिमनास्पर्म की 5 फैमिलीज 9 वंश तथा 14 प्रजाति शामिल हैं। टेरीडोफ्फाइटस की 16 कुल तथा 26 वंश 36 प्रजाति शामिल हैं। सभी के अपडेटेड नाम, बोटेनिकल नाम तथा विवरण व उपयोग तथा वितरण इस पुस्तक में दिया गया है। पुस्तक को इंदु बुक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड न्यू दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया है। 850 पृष्ठों की पुस्तक में कई पौधों की रंगीन चित्र दिए गए हैं। पुस्तक की कीमत 3995 रुपए रखी गयी है। पुस्तक का आमुख प्रो. प्रदीप के जोशी चेयरमैन एनटीए व पूर्व चेयरमैन यू पीएससी न्यू दिल्ली ने लिखा है। इस अवसर पुस्तक के लेखकों की ओर से सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डा. रावत को शॉल उड़ाकर तथा पुष्प गुच्छ तथा 6 पौधों के फ्लायर भी भेंट किए गए। पुस्तक के विमोचन के मौके पर विधायक सरिता आर्य समेत डा. विजय कुमार, डा. मोहित सिंह रौतेला, नितिन सिंह कार्की, डा. दीपक मेलकनी, मोहित लाल साह, भारत सिंह मेहरा तथा निखिल बिष्ट आदि शामिल रहे। दूसरी ओर पुस्तक के विमोचन होने के बाद डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत ने सभी लेखकों को बधाई दी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र **गौरव पाल** व पुत्रवधु **ईशा** मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में पुत्र **गौरव पाल व पुत्रवधु ईशा** के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।
**राजेश कुमार पुत्र स्व. श्री जिम्मू पाल,** निवासी- 34 बनखंडी, ऋषिकेश, जिला देहरादून।

**अध्यक्ष / सचिव पी0टी0ए0, श्री गुरू राम राय इण्टर कॉलेज मथुरावाला, देहरादून।**

संख्या / 015 / 2025-26 **आवश्यकता** दिनांक- 24.06.2025

श्री गुरू राम राय इण्टर कॉलेज मथुरावाला, देहरादून में वित्त विहीन व्यवस्था के अन्तर्गत अति न्यून मानदेय पर निम्न एकल पदों के प्रति सुयोग्य, प्रशिक्षित अध्यापकों की आवश्यकता है। उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा अधिनियम सपठित विनियम व समय-समय पर यथा संशोधित, अर्ह योग्यताधारी अभ्यर्थियों से इस प्रकाशन के 21 दिनों के अन्तर्गत स्वलिखित आवेदन / शैक्षिक व प्रशिक्षण आदि प्रमाणपत्र सहित आमंत्रित किए जाते हैं।
**प्रवक्ता पद**- भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, सैन्यविज्ञान, कंप्यूटर, इतिहास, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र।

**प्रधानाचार्य,**
श्री गुरू राम राय इण्टर कॉलेज
मथुरावाला, देहरादून।

**अध्यक्ष**
श्री गुरू राम राय इण्टर कॉलेज
मथुरावाला, देहरादून।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग**

पत्रांक: 473/सेवा0कर0उ0सशो0/2025-26 दिनांक: 25/06/2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग व्यवसाय लाइसेंस शुल्क निर्धारण एवं संग्रहण उपविधि-2019 (यथा संशोधित 2025) का प्रकाशन शुल्कदाताओं से आपत्तियां आमंत्रित करने हेतु इस समाचार पत्र के दिनांक 10 अप्रैल 2025 के अंक में प्रकाशित किया गया था, जिसमें निर्धारित समय में कोई भी आपत्ति इस कार्यालय को प्राप्त नहीं हुई है तद्क्रम में सूचना इस सन्दर्भ में प्रकाशित की जा रही है, कि उक्त संशोधित उपविधि को लागू करने हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,**
**रूद्रप्रयाग।**

**अलकेमिस्ट एसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
(सीआईएन नं, 74999DL2002PLC117052)
ए-270 (एफएफ एंड एसएफ), डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110 024, दूरभाष : 91-11-46562580 - 83
फैक्स: 91-11-46562584, Email: admin@alchemistarc.com, Web: alchemistarc.com

**सार्वजनिक सूचना**
**बिक्री की तिथि- 10.07.2025**
दिल्ली एनसीआर के लिए बिजनेस स्टैंडर्ड (अंग्रेजी) + नवोदय टाइम्स (हिंदी) और देहरादून (उत्तराखंड) के लिए बिजनेस स्टैंडर्ड (अंग्रेजी) + शाह टाइम्स (हिंदी) में दिनांक **03.06.2025** को प्रकाशित सरफेसी ई-नीलामी/बिक्री सूचना, **10.07.2025** को निर्धारित ई-नीलामी के लिए, "**मोज़ेक होटल**" के रूप में ज्ञात सभी फ्रीहोल्ड भूमि के टुकड़ों और पार्सल की बिक्री के संबंध में, कुलरी, पिक्चर पैलेस एंड के पास, द मॉल रोड, मसूरी में स्थित 2580 वर्ग मीटर की भूमि, उप रजिस्ट्रार ऑफ़ एश्योरेंस मसूरी, पंजीकरण जिला देहरादून के अधिकार क्षेत्र में, साथ में सभी भवन, संरचनाएं, निर्माण आदि जो वर्तमान और भविष्य में निर्मित और/या बनाए जाने हैं और मेसर्स मोजैक हॉस्पिटैलिटीज प्राइवेट लिमिटेड के खाते में **शिप्रा होटल्स लिमिटेड** (सह-उधारकर्ता और बंधककर्ता) के स्वामित्व वाली फ्लैट नंबर-502, 502-ए, 5वीं मंजिल 23 बाराखंभा रोड, नारायण मंजिल नई दिल्ली 110001 में पंजीकृत, उक्त नीलामी नोटिस वापस ले लिया गया है और रद्द कर दिया गया है। नई बिक्री सूचना नियत समय में समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाएगी।
**स्थान: दिल्ली, दिनांक: 23.06.2025** **एसडी/- (प्राधिकृत अधिकारी)**

**उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
Corporate Identity No. U40109UR2001SGC025867 / 2358
विक्टोरिया क्रास विजेता, गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून
दूरभाष: 91-135-2763672-76, फैक्स-91-135-2760289

**ई-निविदा तिथि विस्तार सूचना**
इस कार्यालय द्वारा पूर्व में आमंत्रित सी सी पी - I / 1 / 2025-2026 जोकि 11 के0वी0 वी सी बी इनकमिंग पैनल 500एमवीए 800 / 400 / 5ए, 11के0वी0 फीडर वी सी बी पैनल 500 एमवीए 400 / 200 / 5ए एंव 11 के0वी0 बस कपलर 500 एमवीए की आपूर्ति हेतु आमंत्रित की गयी थी को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। ई-निविदा दिनांक 14.7.2025 के 17:00 बजे तक क्रय एवं जमा की जा सकती है। ई-निविदा का भाग-एक दिनांक 15.7.2025 को 15:45 बजे खोला जायेगा।
अन्य नियम व शर्त मूल ई-निविदा के अनुसार रहेगी। विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेवसाईट **www.uktenders.gov.in** को देखें।
**No.: 366/EE(CM)/UPCL/A-2 Dt. 26.06.2025**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**कारपोरेट (अनुबंध एवं क्रय-प्रथम)**
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें।" बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं० 1912)
विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं० 18001804185 / फैक्स नं0 0135-2760911 पर दें)

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि संपत्ति के स्वामित्व अधिकार "खाता संख्या 2777 (फसली वर्ष 1417 से 1422), खसरा संख्या 1190 घ क्षेत्रफल 208.77 वर्ग मीटर भूमि का हिस्सा है, जो मौजा माजरा, परगना पछवा दून, जिला देहरादून में स्थित है" वर्तमान मालिकों 1-श्री मनप्रीत सिंह (मनप्रीत सिंह अल्लावादी) पुत्र श्री सतपाल सिंह अल्लावादी, 2-श्री हरविंदर कुमार मुनियाल पुत्र श्री मनोहर लाल मुनियाल और 3-श्री दिलप्रीत सिंह पुत्र श्री हरजीत सिंह के पास दस्तावेज संख्या 13376 के माध्यम से 18-11-2024 को मौजूद थे। इससे पहले कानूनी श्रृंखला में श्री हरीश चावला पुत्र श्री जे. एन. चावला और 2-श्रीमती रचना चावला पत्नी श्री हरीश चावला दस्तावेज संख्या 3713, दिनांक 20-06-2005 को, और श्री संजय चावला पुत्र श्री जे.एन. चावला एवं 2-श्रीमती अनीता चावला पत्नी श्री संजय चावला दस्तावेज संख्या 3820, दिनांक 22-06-2005 को व्यक्तिगत क्षमता में संपत्ति खरीदी लेकिन बाद में संपत्ति हरीश चावला और संजय चावला के HUF के माध्यम से श्रीमती सुमन गोयल पत्नी स्वर्गीय श्री के. एल. गोयल को दस्तावेज सख्या 4287, दिनांक 0406-2010 के नाध्यम से और दस्तावेज संख्या 4288, दिनांक 04-06-2010 को HUF कर्ता के लिए CA प्रमाण पत्र और HUF में संपत्ति के पूलिंग डीड के बिना वर्तमान मालिक उक्त संपत्ति श्री वसीम खान 5/ओ श्री शेरदीन को बेच रहे हैं और खरीदार IDFC फर्स्ट बैंक लिमिटेड से खरीद ऋण प्राप्त कर रहे हैं। यदि किसी को स्वामित्व अधिकार और खरीद या ऋण के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो वह 7 दिनों की अवधि के भीतर दस्तावेजी सबूत के साथ मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। 7 दिनों की अवधि के बाद दावे या आपत्ति पर विचार किया जाएगा और इसे आरंभ से ही निरस्त हुआ माना जाएगा।
**एडवोकेट- आलोक पुंडीर मोबाइल नंबर-9412054582, पताः निवास सह कार्यालय/184/71. वेस्ट कैनाल रोड, माजरा, देहरादून (उत्तराखण्ड)।**

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग

पत्रांकः 474/ सेवा0कर0उ0स0शो0/2025–26 दिनांकः 25/06/2025

सार्वजनिक सूचना

## नगरीय ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन उपविधि–2016 (यथा संशोधित–2025)

## नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग

नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग सीमा के अन्तर्गत् नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा 298, उपधारा–2 खण्ड–(झ) (घ) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगरीय ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन नियमावली 2000 के क्रयान्वयन हेतु नगरीय ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन उपविधि–2015 की संसोधित उपविधि–2016 (यथा संशोधित 2025) बनायी जाती हैं, जो नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–301 (1) के अन्तर्गत जनसामान्य एवं जिन पर इस उपविधि का प्रभाव पड़ने वाला हो, उनसे आपत्ति एवं सुझाव प्राप्ति हेतु प्रकाशित की जा रही है।

अतः समाचार पत्र मे उपविधि के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित सुझाव एवं आपत्तियॉ अध्यक्ष/ अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग को प्रेषित की जा सकेगी। वादमियाद प्राप्त आपतितयों एवं सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन उपविधि–2016 (यथा संशोधित–2025)**

**संक्षिप्त प्रसार एवं प्रारम्भः–**

1. यह उपविधि नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग की **'नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन उपविधि, "2016" (यथा संशोधित 2025)** कहलायेगी।
2. यह उपविधि नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग के समस्त क्षेत्रों में प्रभावी होंगी।
3. यह उपविधि सरकारी गजट उत्तराखण्ड मे प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगी।
4. **परिभाषायेंः–**

I. **"नगरीय ठोस अपशिष्ट"** के अन्तर्गत औद्योगिक परिसंकटमय अपशिष्टों को छोड़कर किन्तु उपचारित जैव चिकित्सीय अपशिष्टों को सम्मिलित करते हुए ठोस या अर्द्ध ठोस रूप से नगरीय/अधिसूचित क्षेत्रों मे पैदा किया जाने वाला वाणिज्यिक तथा आवासीय अपशिष्ट आता है।

II. **'उपविधि'** से तात्पर्य नगर पालिका अधिनियम 1916 के उपबन्धों के अधीन बनाई गई कोई उपविधि से है।

III. **"नगर पालिका परिषद्'** से तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 243 (थ) के खण्ड 7 के उपखण्ड (ग) के अधीन किसी नगर के लिए संगठित नगर पालिका परिषद् से है।

IV. **"अधिशासी अधिकारी"** से तात्पर्य नगर पालिका, अधिनियम, 1916 (यथा संशोधित 2025) के अन्तर्गत् उत्तर प्रदेश पालिका केन्द्रीयित सेवा नियमावली–1966 के अधीन नियुक्त अधिशासी अधिकारी से है।

V. **"सफाई निरीक्षक"** से तात्पर्य नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग में शासन द्वारा तैनात सफाई निरीक्षक से है।, ऐसे अधिकारी के उपलब्ध न होने की स्थिति मे नगर पालिका के उस अधिकारी/कर्मचारी से हैं जो उस पद के कार्यभार के लिए शासन या अधिशासी अधिकारी द्वारा अधिकृत किया गया हो।

VI. **'निरीक्षण अधिकारी'** का तात्पर्य मुख्य अधिशासी अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, सफाई निरीक्षक अथवा ऐसे अधिकारी/कर्मचारी से है जिन्हें समय–समय पर अधिशासी अधिकारी के आदेश निरीक्षण के लिये अधिकृत किया गया हो।

VII. **'नियम'** से तात्पर्य भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं0 648 नई दिल्ली, मंगलवार 03 अक्टूबर, 2000 असाधारण अधिसूचना नई दिल्ली, दिनांक 25 सितम्बर, 2000 के द्वारा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनिम, 1986 के अन्तर्गत नगरीय ठोस (प्रबन्धन एवं हथालन) नियम, 2000 बनाये गये से है।

VIII. **'अधिनियम'** से तात्पर्य उत्तर प्रदेश/उत्तराखण्ड, नगर पालिका परिषद, अधिनियम, से है।

IX. **"जीव नाशित/जैव निम्नकरणीय/जैविक अपशिष्ट"** (Biodegrabable waste) से तात्पर्य ऐसे अपशिष्ट से जिसका सूक्ष्म जीवों द्वारा निम्नकरण किया जा सकता है, जैसे– बचा हुआ खाना, सब्जी–फल के छिलके, फूल–पौधों के पत्ते आदि।

X. **"जीव अनाशित अपशिष्ट"** (Non-Biodegrabable Waste) का तात्पर्य ऐसे कूड़ा–कचरा सामग्री से है, जो जीव नाशित कूड़ा–कचरा नहीं है और इसके अन्तर्गत प्लास्टिक भी है।

XI. **"पुनर्चकणीय अपशिष्ट"** (Recyclable Waste ) से तात्पर्य ऐसे अपशिष्ट से है जो दुबारा किसी भी प्रकार सीधे अथवा किसी विधि से परिवर्तन उपरान्त प्रयोग में आ सकता हो जैसे–प्लास्टिक, पॉलिथीन, कागज, धातु, रबड़ आदि।

XII. **"जैवचिकित्सीय अपशिष्ट"** (Biomedical Waste) से तात्पर्य ऐसे अपशिष्ट से है, जिसका जनन मानवों व पशुओ के निदान, उपचार या प्रतिरक्षीकरण के दौरान या उनसे सम्बन्धित किसी अनुसंधान, किया कलापों या जैविकों के उत्पादन या परीक्षण के दौरान हुआ है।

XIII. **"संग्रहण"** (Collection) से तात्पर्य अपशिष्ट के उत्पत्ति स्थल, संग्रहण बिन्दुओं तथा किसी अन्य स्थान से ठोस अपशिष्ट को उठाया जाना अभिप्रेत है।

XIV. **"कचरा खाद बनाने"** (Composting) से एक ऐसी नियंत्रित प्रकिया अभिप्रेत है जिसमें कार्बनिक पदार्थ का सुक्ष्म जैवीय निम्नकरण अन्तर्वलित है।

XV. **"ढहान तथा र्निाण सम्बन्धी अपशिष्ट"** (Demolition and Construction Waste) से सन्निर्माण, पुनः निर्माण, मरम्मत और ढहाने सम्बन्धी संकिया के परिणामस्वरूप निर्माण सामग्री रोड़ियो और मलबे से उद्भूतअपशिष्ट अभिप्रेत है

XVI. **"व्ययन"** (Disposal) से भूजल, सतही जल तथा परिवेशी वायु गुणता को सन्दूषण से बचाने हेतु आवश्यक सावधानी से नगरीय ठोस अपशिष्ट का अन्तिम रूप से व्ययन अभिप्रत है।

XVII. **"भूमिभरण"** (Landfilling) से भूजल, सतह जल का प्रदूषण और वायू के साथ उड़ने वाली धूल, हवा के साथ उड़ने वाला बदबू, आग के खतरे, पक्षियों का खतरा, नाशी जीव/कृत्तक, ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन, ढाल अस्थिरता और कटाव के लिए संरक्षात्मक उपायो के साथ डिजाइन की गई सुविधा मे अवशिष्ट, ठोस अपशिष्ट का भूमिभरण पर निपटान अभिप्रेत है।

XVIII. **"निक्षालितक"** (Leachate) से वह द्रव्य अभिप्रेत है जिसका ठोस अपशिष्ट या अन्य माध्यम से रिसाव हुआ है तथा जिसने इसमें से घुलित अथवा निलम्बित पदार्थ का निष्कर्षण किया है।

XIX. **"नगर पालिका प्राधिकारी"** (Municipal Authority) से म्युनिश्पिल कार्पोरेशन, म्युनिसपैलिटी, नगर पालिका परिषद् जिसके अन्तर्गत अधिसूचित क्षेत्र, समिति (एन0ए0सी0) अथवा सुसंगत कानूनों के अन्तर्गत गठित कोई अन्य स्थानीय निकाय अभिप्रेत है, जहां नगरीय ठोस अपशिष्ट का प्रबन्धन और हथालन ऐसे किसी अभिकरण को सौपा जाता है।

XX. **"स्थानीय प्राधिकारी"** (Local Authority) का तात्पर्य तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन गठित नगर पालिका परिषद्, नगर पंचायत या ग्राम पंचायत से है।

XXI. **"नगरीय ठोस अपशिष्ट"** (Municipal Solid Waste) के अन्तर्गत औद्योगिक परिसंकटमय (Hazardous) अपशिष्टों को छोड़कर किन्तु उपचारित जैव चिकित्सीय अपशिष्टों को सम्मिलित करते हुए ठोस या अर्द्धठोस रूप से नगरीय/अधिसूचित क्षेत्रों में पैदा किया जाने वाला वाणिज्यिक तथा आवासीय अपशिष्ट आता है।

XXII. **"सुविधा के परिचालक"** (Operator of a Facility) से ऐसा कोई व्यक्ति अभिप्रेत है जो नगरीय ठोस अपशिष्टों के संग्रहण, पृथक्करण, भण्डारण, परिवहन, प्रसंस्करण और निपटान की सुविधा का स्वामी या परिचालक है और इसके अन्तर्गत ऐसा कोई अभिकरण भी आता है जो अपने–अपने क्षेत्रों मे नगरीय ठोस अपशिष्टों के प्रबन्धन और हथालन के लिए नगर पंचायत प्राधिकारी द्वारा इस रूप में नियुक्त किया गया है। "प्रसंस्करण" से वह प्रक्रिया अभिप्रेत है, जिसके द्वारा अपशिष्ट सामग्रियों को नये या पुनः चक्रित उत्पादों में परिवर्तित किया जाता है।

XXIII. **"पुनः चक्रण"** (Recycling) से वह प्रकिया अभिप्रेत है जो नये उत्पादों के उत्पादन के लिए पृथ्थकरण सामग्रियों को उत्पादन सामग्री मे परिवर्तित करता है, जो अपने मूल उत्पादन के समान हो सकता है या नहीं भी हो सकता है।

XXIV. **"पृथक्करण"** (Segregation) से नगरीय ठोस अपशिष्टों को कार्बनिक, अकार्बनिक, पुनः चक्रण योग्य और परिसंकटमय अपशिष्टों को वर्गों मे अलग–अलग करना अभिप्रेत है।

XXV. **"भण्डारण"** (Storage) से नगरीय ठोस अपशिष्टों के अस्थाई रूप से इस प्रकार डिब्बा बन्द किया जाना अभिप्रेत है जिससे कूड़ा–करकट, रोग वाहकों के आकर्षित करने, आवारा पशुओं तथा अत्याधिक दुर्गन्ध को रोका जा सके।

XXVI. **"परिवहन"** (Transportation) से विशेष रूप से डिजायन की गई परिवहन प्रणाली द्वारा स्वच्छता से एक स्थान से दूसरे स्थान तक नगरीय ठोस अपशिष्ट का परिवहन कराना अभिप्रेत है ताकि दुर्गन्ध, कूड़ा–करकट बिखरने, रोग वाहकों की पहुच से रोका जा सके।

5– कोई भी व्यक्ति/स्थापन (Establishment) नगरीय ठोस अपशिश्ओं को नाली, सड़क, नाली, फुटपात, किसी भी खुले स्थान पर जो नगर पालिका इस प्रयोजन के लिए निर्धारित नहीं किया गया है, न डालेगा और न डलवायेगा।

6– नगरीय ठोस अपशिष्टों के उत्पादक व्यक्ति/स्थापन अपशिष्ट उत्पादन स्थल पर दो कूड़ेदान रखेगा, जिनमें से एक में जैव निम्नकरणीय अपशिष्ट तथा दूसरे में पुनः चक्रणीय अपशिष्ट संग्रहित करेगा।

7– नगरीय ठोस अपशिश्ओं के उत्पादक व्यक्ति/स्थपन द्वारा उक्त बिन्दु 6 के अनुसार संग्रहित जैव निम्नकरणीय अपशिष्ट प्रतिदिन तथा पुनः चकणीय अपशिष्ट सप्ताह में एक दिन नगर पालिका के द्वारा निर्धारित समय, प्रकिया के अनुसार नगर पालिका के कर्मचारी/सुविधा के प्रचालक (Operator of a Facility) को देना होगा (किन्तु जीव नाशित कूड़ा, जीव अनाशित थैले मे रखकर नहीं डाला जायेगा) जिसके लिए अनुसूची में निर्धारित दरों जो समय–समय पर संशोधित की जा सकेंगी, के अनुसार उत्पादक व्यक्ति/स्थापन से प्रतिमाह सेवा शुल्क (user charges) लिये जायेंगे।

8– नगरीय ठोस अपशिष्टों के उत्पादक व्यक्ति/स्थापन ढहान तथा निर्माण सम्बन्धी अपशिष्टों को उठाने के लिए नगर पालिका से सम्पर्क कर पालिका द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ऐसे अपशिष्टों को उठाने के लिए निर्धारित दर पर सेवा शुल्क (user charges) भुगतान करना होगा।

9– नगरीय ठोस अपशिष्टों के उत्पादक व्यक्ति/स्थापन द्वारा जहाँ तक सम्भव हो बागवानी व सभी पेड़–पौधों के कूडे को परिसर में ही कम्पोस्ट करना होगा, जहां ऐसा सम्भव न हो नगर पालिका से सम्पर्क कर पालिका द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ऐसे अपशिष्टों को उठाने के लिए निर्धारित दर पर सेवा शुल्क (user Charges) भुगतान करेगा। किसी भी दशा में ऐसे अपशिष्टों को जलाया नहीं जायेगा।

10– नगरीय ठोस अपशिष्ट उत्पादक व्यक्ति/स्थापन द्वारा परिसंकटमय (Hazardous) अपशिष्टों को अलग से जमा रखना होगा और पन्द्रह दिन में एक बार द्वार–द्वार संग्रहण हेतु कर्मचारी/सुविधा के प्रचालक को देना होगा।

11– नगरीय ठोस अपशिष्टों के उत्पादक व्यक्ति/स्थापन जीव चिकित्सा अपशिष्टों का प्रबन्धन जीव–चिकित्सा अपशिष्ट (प्रबन्धन और हस्तन) नियम, 1988 के अनुसार करेगा, बिना उपचारित जैव–चिकित्सा अपशिष्टों को नगरीय ठोस अपशिष्टों में नहीं मिलायेगा।

12– नगरीय ठोस अपशिष्टों के उत्पादन करने वाला/हथालन करने वाला व्यक्ति/स्थापन तथा अन्य कोई भी व्यक्ति नगरीय ठोस अपशिष्टों को न जलायेगा और न जलवायेगा।

13– नगरीय ठोस अपशिष्टों के उत्पादन, पृथक्करण, संग्रहण, भण्डारण, परिवहन तथा व्यय से सम्बन्धित स्थल का निरीक्षण का अधिकार, निरीक्षण अधिकारी को होगा।

14– निरीक्षण अधिकारी द्वारा स्थल पर पाये गये नगरीय ठोस अपशिष्ट को यदि तत्काल उठवाने की आवश्यकता समझी जाती है जो मासिक यूजर चार्जेज के अन्तर्गत निर्धारित नहीं है, को अपशिष्ट उत्पादक के द्वारा अथवा नगर पालिका/सुविधा के प्रचालक द्वारा तत्काल उठवाया जा सकेगा और उसके लिए स्थल पर ही यूजर चार्जेज वसूल किया जा सकेगा। जिसकी प्राप्ति रसीद अपशिष्ट उत्पादक को दी जोयेगी। यह धनराशि उसी दिन अथवा अगले कार्य दिवस में नगर पालिका/सुविधा प्रचालक के खातें में जमा की जायेगी।

15– अनुसूची में दी गयी दरों में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी, जिसकी गणना ` 5/– के पूर्णांक में की जायेगी।

16– उपविधि में लगाये जाने वाले यूजर चार्जेज में छूट का प्राविधान नहीं होगा।

| क0सं0 | अपशिष्ट एवं अपशिष्ट उत्पादक की श्रेणी/प्रकार | यूजर चार्ज प्रतिमाह |
|---|---|---|
| 1 | डोर–टू–डोर घर से एकत्रित होने वाले कूड़े पर | 50.00 |
| 2 | दुकान | 100 |
| 3 | रेस्टोरेन्ट | 300 |
| 4 | होटल, 5 कमरों तक | 250 |
| 5 | होटल, 5 कमरो से अधिक पर | 300 |
| 6 | होटल, 10 कमरों से अधिक पर | 350 |
| 7 | होटल, 15 कमरो से अधिक पर | 400 |
| 8 | होटल, 20 कमरों से अधिक पर | 500 |
| 9 | होटल, 30 कमरों से अधिक पर | 1000 |
| 10 | होटल, 40 कमरों से अधिक पर | 1500 |
| 11 | मेडिकल शॉप/क्लीनिक | 100 |
| 12 | पैथौलॉजी लैब | 120 |
| 13 | बैंक | 200 |
| 14 | हार्डवेयर शॉप | 300 |
| 15 | पैट्रोल पम्प | 300 |
| 16 | सब्जी विक्रेता, थोक विक्रेता | 400 |
| 17 | सब्जी विक्रेता, छोटी दुकान | 300 |
| 18 | ज्वैलरी शॉप | 100 |
| 19 | कबाड़ी शॉप | 1000 |
| 20 | मीट विक्रेता | 500 |
| 21 | मोटर पार्ट शॉप | 150 |
| 22 | वर्कशॉप रिपेयरिंग सेंटर | 300 |
| 23 | गन्ने का जूस विक्रेता | 300 |
| 24 | जूस की दुकान | 100 |
| 25 | प्राइवेट स्कूल | 200 |
| 26 | बारात घर | 1000 |
| 27 | धर्मशाला (काली कमली/विडला) | 200 |
| 28 | बेकरी | 200 |
| 29 | सरकारी/प्राईवेट कार्यालय | 300 |
| 30 | शो–रूम, 4 व्हीलर | 800 |
| 31 | शो–रूम, 2 व्हीलर | 350 |
| 32 | वाहन धुलाई सेंटर | 200 |
| 33 | एक्सरे सेंटर | 100 |
| 34 | डेन्टल क्लीनिक | 100 |
| 35 | ड्राईक्लीनर्स | 100 |
| 36 | फर्नीचर निर्माता | 500 |
| 37 | फर्नीचर शोरूम | 200 |
| 38 | अस्पताल | 1200 |
| 39 | ई–कॉमर्स, प्रतिष्ठान (अमेजन, फिलिपकार्ट, मिन्त्रा, मीशो आदि) | 500 |
| 40 | आर्मी कैम्प परिसर | 8000 |
| 41 | रेलवे कन्सट्रक्सन कंपनियों/स्टेशन | 15000 |
| 42 | भारत कंन्सट्रक्सन कंपनी | 500 |
| 43 | मोबाइल शाप | 150 |
| 44 | रिपेयरिंग सेंटर | 150 |
| 45 | मोबाइल शाप /रिपेयरिंग सेंटर | 200 |
| 46 | विदेशी शराब की दुकान | 200 |
| 47 | प्रत्येक सार्वजनिक कार्यक्रम/विवाह | 500 |
| 48 | मिठाई के थोक विकेता | 1000 |
| 49 | स्वीट शॉप | 150 |
| 50 | हेयर ड्रेसर | 200 |
| 51 | ब्यूटी पार्लर | 100 |
| 52 | धर्मशाला (बद्री केदार) | 400 |

**शास्ति**

उपरोक्त उपविधि के किसी भाग का उल्लंघन करने पर पालिका अर्थदण्ड़ वसूल कर सकेगी, जो सेवा शुल्क की निर्धारित दरों का 10 गुना तक अधिकतम हो सकता है। उपविधि–3 के उल्लंघन पर रु0 200 प्रति घन मी0 की दर से अर्थदण्ड वसूल किया जायेगा। निरंतर उल्लंघन की दशा में रु0 500 प्रति घन मी0 प्रतिदिन की दर से वसूल किया जायेगा।

(सन्तोष सिंह रावत)

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग।

अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग।

# 1975 में लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया था: त्रिवेन्द्र रावत

## इमरजेंसी की 50वीं बरसी पर पूर्व सीएम ने कांग्रेस पर बोला हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि आज ही के दिन 1975 में देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ताला लगा, संविधान को ताक पर रखकर सत्ता के नशे में एक आपातकाल थोपा गया। लेकिन, यह वही भारत है जहाँ लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने आवाज बुलंद की, लाखों युवाओं ने सड़कों पर उतरकर लोकतंत्र की मशाल को जलाए रखा। यदि उन रणबाँकों ने अत्याचार के खिलाफ साहस नहीं दिखाया होता तो आज हम स्वतंत्र भारत में सांस न ले रहे होते।



आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर गुरुवार को नगर निगम सभागार में पत्रकारों से बात. चीत करते हुए पूर्व सीएम एवं हरिद्वार से सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि आपातकाल में कांग्रेस ने संविधान को सबसे अधिक चोट पहुंचाई। वर्तमान में संविधान बचाने का कांग्रेसी नारा पूरी तरह से हास्यास्पद है। कांग्रेस वर्तमान में भी सिर्फ इंदिरा गांधी और जवाहर लाल नेहरू के एजेंडे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आपातकाल से पहले दूरे देश में मजदूर संगठन व विपक्षी दल कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ आंदोलन कर रहे थे। इस बीच 12 जून 1975 को आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित किए जाने के फैसले ने पूरे देश में भूचाल ला दिया। अपने हाथों से देश की सत्ता जाते देख 25 जून 1975 की मध्यरात्रि को इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल थोप दिया। इस दौरान प्रेस पर सेंसर लगा दी गई। विपक्ष और संघ के नेताओं की खिलाफ कार्रवाई की गई। उत्तर प्रदेश की सरकार के आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने के बाद संघ के नेताओं की बड़े पैमाने पर गिरफ्तारी की गई। देश को आपातकाल में झोंकने वाली कांग्रेस के नेता अब देश में संविधान को बचाने की बात कर रहे हैं। जबकि आपातकाल के दौरान संविधान को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया गया। वार्ता के दौरान मेयर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी चन्दन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# गोलीकांड का मुख्य आरोपी समेत छह लोग गिरफ्तार

## बिड़ला स्कूल के पास 23 जून की रात दिया था वारदात को अंजाम


शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** 23 जून को हुए सनसनीखेज गोलीकांड और जानलेवा हमले की गुत्थी आखिरकार सुलझ गई है। मामले के मुख्य आरोपित रोहित मंडोला उर्फ राजा समेत छह आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

वारदात के बाद से फरार चल रहा रोहित मंडोला बुधवार को खुद ही पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर चुका था, जबकि अन्य पांच को पुलिस पहले ही दबोच चुकी थी। जानकारी के अनुसार, यह पूरा हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया। घटना 23 जून की शाम करीब 7.30 बजे उस समय हुई जब हरीश सिंह मेहरा, अपने साथी नीरज भगत, भूपेंद्र सिंह बोरा और गणेश सिंह दरम्वाल के साथ कार से बिड़ला स्कूल से छड़ायल की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार प्रेमपुर लोश्ज्ञानी रोड से आगे बढ़ी, पहले से घात लगाए बैठे रोहित मंडोला व उसके 10-12 साथियों ने घेरा. बंदी कर हमला बोल दिया।

हमलावरों ने कार सवारों को बर्बरता से पीटा। बीच-बचाव करने आए भूपेंद्र सिंह पर रोहित मंडोला ने जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। गोली लगने से भूपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद एक और गोली भूपेंद्र को मारी गई। अन्य आरोपितों में अन्नू बिष्ट, विशाल बिष्ट, अक्षय रंगवाल और उज्ज्वल परगांई हथियारों से लैस थे, जबकि सात-आठ अन्य ने लाठियों से हमला किया। घटना के दौरान कार पर पथराव भी किया गया। हमले में हरीश, भूपेंद्र और गणेश गंभीर रूप से घायल हुए और उनका इलाज निजी अस्पताल में जारी है। वहीं, नीरज भगत ने किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई और हमले का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। सूत्रों के मुता. बिक, पुलिस ने दबिश देकर पांच से अधिक हमलावरों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि मुख्य आरोपित रोहित मंडोला ने आत्मसमर्पण कर दिया। फिलहाल सभी आरोपित लॉकअप में बंद हैं और शुक्रवार को कोर्ट में पेश किए जाएंगे। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि पुलिस द्वारा मामला दबाने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन वीडियो फुटेज और गंभीर घायलावस्था ने इसे हाईप्रोफाइल बना दिया। पुलिस अब मामले में गैंगवार और आपराधिक साजिश की धाराएं भी जोड़ सकती है।

# मसूरी के होटल ओमकार ने युवक से किया दुर्व्यवहार




मालिक ने की गाली गलौज और धमकाया

**देहरादून।** मसूरी के प्रसिद्ध होटल ओमकार स्प्रिंग रोड लाइब्रेरी चौक के मालिक ने युवक के साथ बदसलूकी की। युवक छुट्टियां मनाने दोस्तों के साथ मसूरी आया था। जानकारी के अनुसार वह होटल ओमकार में कमरा देखने पहुंचा था, लेकिन होटल की स्थिति उसे पसंद नहीं आई, इसलिए वह बिना बुकिंग किए वापस जाने लगा।

युवक के अनुसार जैसे ही वह होटल से बाहर निकलने लगा, होटल के मालिक ने उसे रोक लिया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। युवक का कहना है कि मालिक ने उसे ताना मारा कि इतनी देर तक कमरा देखकर अब मना कर रहा है और फिर धमकाते हुए कहा कि बाहर निकल यहां से। यह घटना होटल इंडस्ट्री की सेवा भावना और पर्यटकों के साथ व्यवहार पर सवाल खड़े करती है। मामले को लेकर अभी तक काई आधिकारिक शिकायत पुलिस में दर्ज नहीं की गई है, लेकिन युवक इस मामले को लेकर प्रशासन से न्याय की मांग कर सकता है। स्थानीय लोगों ने भी होटल मालिक के व्यवहार की निंदा की है और प्रशासन से अपील की है कि इस तरह के होटल मालिकों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि मसूरी जैसे पर्यटन स्थल की छवि खराब न हो।

# लोकतंत्र सेनानियों को किया सम्मानित

**हल्द्वानी।** देश में 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातक. ाल के विरोध में हल्द्वानी में नगर निगम सभागार में आपातकाल स्मृति दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आपातकाल के उस काले अध्याय को दुख के साथ याद किया गया, जिसमें हजारों जनसंघ कार्यकर्ताओं और अन्य दलों के नेताओं को जेलों में डाल दिया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा आघात था। उस दौर में नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता छीन ली गई थी और लोकतंत्र को कुचला गया था। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने वालों के सपनों को कुचलने वाली वह रात, आज भी हर लोकतंत्र प्रेमी के लिए एक पीड़ा है। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा में संघर्ष करने वाले बुजुर्ग लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नैनीताल-ऊधमसिंह नगर के सांसद अजय भट्ट, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, महामंत्री नवीन भट्ट, राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप, रंजन बर्गली, दर्जा मंत्री नवीन वर्मा, रेनू अधिकारी, दीपक मेहरा, दिनेश आर्या, वरिष्ठ कवि गोविन्द कश्यप 'वीरा' सहित मौजूद रहे।

# राज्य आंदोलनकारी नंदन सिंह बिष्ट को दी श्रद्धांजलि

**हल्द्वानी।** चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति की ओर से गुरूवार को एक शोक सभा का आयोजन कर शीशमहल निवासी राज्य आंदोलनकारी नंदन सिंह बिष्ट के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में वक्ताओं ने नंदन सिंह बिष्ट के उत्तराखंड राज्य आंदोलन में दिए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें समर्पित और निस्वार्थ कार्यकर्ता बताया, जिनकी सामाजिक सेवाएं सदैव स्मरणीय रहेंगी। शोक सभा में जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, कमल मेहरा, हेम पाठक, अयोध्या प्रसाद केसरवानी, भुवन जोशी, जोशना पांडे, हेमलता जोशी, बृजेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** सड़क हादसे में घायल रानीखेत अल्मोड़ा निवासी बुजुर्ग की उपचार के दौरान गुरुवार को एसटीएच में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक चिनियानौला रानीखेत निवासी कुंदन सिंह द्ध66 वर्षत्र पुत्र रूप सिंह को बुधवार को रानीखेत में एक अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। बुजुर्ग को आसपास के लोगों ने घायल अवस्था में रानीखेत अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार देने के बाद हालत नाजुक होने पर जयपाल को एसटीएच रेुर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान गुरुवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। मेडिकल चौकी प्रभारी बीएस मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## ट्रेन में चपेट में आए व्यक्ति की सात दिन बाद मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** लालकुआं में एक सप्ताह पूर्व ट्रेन की चपेट में आकर घायल हुए अधेड़ की उपचार के दौरान मौत हो गई है। लालकुआं के राजीवनगर निवासी जयपाल (51 वर्ष) पुत्र लीलाधर 19 जून को रेलवे पटरी क्रॉस करते समय तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में उनके शरीर के अंग का एक हिस्सा कट गया था। गंभीर हालत में जयपाल को एसटीएच में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार चल रहा था। गुरुवार को सात दिन इलाज चलने के बाद उनकी मौत हो गई।

# शिया कब्रिस्तान में कब्रों को पहुंचाया नुकसान

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल थाना क्षेत्र में अराजक तत्वों की ओर शिया कब्रिस्तान में कब्रों को क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तल्लीताल निवासी मुश्ताक अली खान ने ज्योलीकोट चौकी में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि बीते दिनों कुछ असामाजिक तत्वों की ओर से ग्राम दयोता स्थित शिया कब्रिस्तान में 15 से 20 कब्रों को क्षतिग्रस्त कर तोड़फोड़ की गई है। आरोप लगाया जा रहा है कि अराजक तत्वों की ओर से माहौल बिगाडने् की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कब्र तोडने् वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बाताया कि मामले में शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# होटल राजमहल रामपुर में कसीनो के खेल का भंडाफोड़

## महिलाएं परोसती थी ड्रिंक व पत्ते, गंगनहर पुलिस ने दो दर्जन को दबोचकर लगा दी सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अवैध कार्यों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों पर कोतवाली गंगनहर पुलिस ने थाना भगवानपुर पुलिस के सहयोग से रामपुर चुंगी स्थित होटल राजमहल में चल रहे बड़े खेल का भंडाफोड़ करते हुए होटल के अंदर से आठ महिलाएं और 24 पुरुष हिरासत में लिए। मौके से फरार होटल स्वामी सहित अन्य जिनमें एक कथित पूर्व पार्षद भी शामिल है कि तलाश की जा रही है।

कसीनो की सूचना पर औचक तौर पर होटल पहुंची पुलिस टीम को देख मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। मौके से कसीनो कॉइन, ताश गड्ड़ियां, एंट्री कार्ड व दो लाख 74 हजार के करीब नगदी सहित अन्य समान बरामद किया गया। हिरासत में लिए गए आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। पूछताछ में सामने आया कि ग्राहकों को लुभाने के लिए होटल पर विशेष तौर पर महिलाओं को रखा गया था जिनका काम शॉर्ट ड्रेसेज पहनकर ग्राहकों को ड्रिंक्स सर्व करना और ताश के पत्ते बांटना था। पकड़े गए आरोपियों में 25 वर्ष के युवा से लेकर 62 वर्ष का बुजुर्ग भी शामिल है। 'पकड़े गए आरोपित-गोपाल भंडारी, सुशील कुमार, मुकेश उर्फ मोन्टी, नरेन्द्र, रमेश कुमार, सुभाष चन्द, संजय थार्पा, कृष्णकुमार , शुभम पुत्र,



ऋषभ गोयल, अमन कन्नोजीया उर्फ ध्रुव, अर्जुन पुंडीर, तेज सिंह , अरुण कुमार , दीवान सिंह, रोहिल , सुरेन्द्र सिंह, पंकज कुमार , शुभम पुत्र , हरि सिंह, जितेन्द्र, मोहित , साकिर पुत्र व कुल आठ महिलाओं को मौके से हिरासत में लिया गया।

आरोपियों से 1- कसीनो कॉइन- 18952- ताश की गड्ड़ी- 103- नगदी 274600/- 4- एंट्री कार्ड- 215- शराब खाली व आधी भरी हुई बोतल - 056- बियर के केन खाली व भरी हुई- 067- कांच के गिलास- 168- मोबाइल फोन- 01 'पुलिस टीम-' 1- प्रभारी निरीक्षक गंगनहर आर. के. सकलानी 2- प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर सुर्यभूषण नेगी3- प्रभारी निरीक्षक रुड़की मणिभूषण श्रीवास्तव 4- वरिष्ठ उ0नि0 अजय शाह 5- उ0नि0 नवीन कुमार6- उ0नि0 मनदीप सिंह7- उ0नि0 पंकज कुमार8- उ0नि0 करुणा रोकली9- उ0नि0 ज्योति नेगी10- अपर उ0नि0 कांता प्रसाद 11- अपर उ0नि0 मनीष कवि 12- हे0कां0 इसरार13- हे0कां0 लखपत14- हे0कां0 अशोक तिवारी15- कां0 भूपेंद्र 16- कां0 नितिन 17- कां0 प्रभाकर 18- कां0 अजयवीर19- कां0 अजय दत्त20- कां0 चालक लाल सिंह21- म0कां0 पूजा रावत 22- म0हो0गा0 संयोगिता23- म0हो0गा0 बबीता धीमान 24- म0हो0गा0मुकेश बाला आदि शामिल रहे।

**❖आरोपियों से पौने तीन लाख की नकदी बरामद, पकड़े गए 25 साल के युवा से लेकर 60 साल का बुजुर्ग भी शामिल**

## पकड़ी गई महिलाएं ग्राहकों को लुभाने के लिए शॉर्ट ड्रेस पहनकर सर्व करती थी ड्रिंक्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की राजमहल होटल में चल रहे कसीनो के अवैध खेल में पकड़ी गई महिलाएं शॉर्ट ड्रेस पहनकर ग्राहकों को लुभाने के लिए ड्रिंक्स सर्व करने का काम करती थी। पकड़े गए 24 पुरुष विभिन्न प्रदेश और अलग जिलों से है। वहीं मामले में पुलिस ने होटल स्वामी,पूर्व सभासद समेत चार लोगों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया है जो कि फरार हैं। कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा अब जुआ के बड़े खेल का भी भंडाफोड़ किया गया है। गंगनहर कोतवाली पुलिस ने रामपुर चुंगी स्थित होटल राजमहल में छापेमारी की। इस दौरान कसीनो खेल रहे लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने चारों ओर से घेराबंदी करते हुए आठ महिलाएं और 24 पुरुषों को हिरासत में लिया है। होटल स्वामी मेहरबान कुर्बान पुत्र मेहरबान विपिन पूर्व पार्षद विकास निवासी सहारनपुर अभिषेक लोधी डोईवाला देहरादून मौके से फरार हो गए। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। हिरासत में लिए गए आरोपियों को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

## किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाला आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना पुलिस ने एक नाबालिक किशोरी को बहला फुसला कर भागने वाले आरोपी को दबोच कर किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार वादी निवासी थाना भगवानपुर द्वारा थाना भगवानपुर आकर तहरीर दी कि मेरी नाबालिग पुत्री को 1. साजेब पुत्र मतलूब निवासी ग्राम खेलड़ी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वारद्वारा बहलाफुसलाकर भगा कर ले जाने के सम्बन्ध में दी जिसके आधार पर थाना भगवानपुर पर स0मु0अ0स0- मु0अ0सं0-210/2025 धारा-137(2)पंजीकृत किया गया। अभि0 की गिरफ्तारी व अपर्हता की सकुशल बरामदगी हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार महोदय के आदेश के क्रम में थाना भगवानपुर पुलिस की गठित टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त वांछित अपराधी गिरफ्तारी व अपर्हता की तलाश किये जा रहे थे दिनांक-25/06/25को अभि0 साजेब पुत्र मतलूब निवासी ग्राम खेलड़ी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार किया तथा अपर्हता को सकुशल बरामद किया गया नियमाअनुसार अन्य विधि कार्रवाई की जा रही है। ''नाम पता अभि0 साजेब पुत्र मतलूब निवासी ग्राम खेलड़ी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वारपुलिस टीम''1- म0उ0नि0 पूजा पाण्डेयख्रथाना भगवानपुर 2- का0 रामपाल तोमर ख्रथाना भगवानपुर शामिल रहे।

## पुलिस ने लोगों को नशे के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा नशा करने वाले व्यक्तियों को थाना क्षेत्र के सुलतानपुर मे बुलाकर नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया मनानीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार द्वारा चलाये जा रहे हैं अभियांन ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को साकार करने के लिए विश्व ड्रग्स दिवस के अवसर पर पुलिस मुख्यलय एसएसपी हरिद्वार द्वारा क्षेत्र में अभियांन नशे से आजादी पकवाड़ा चलाने के लिए निर्देशित किया था जिसमें सुलतानपुर क्षेत्र में प्रचार प्रसार कर सुलतानपुर में एक गोष्टी का आयोजन किया गया गोष्ठी में नशा करने वाले आदतन नशेड़ीयों व आसपास के लोगों को बुलाकर नशे से होने वाले नुकसान व युवा पीढ़ी को नशे की लत से दुर रखने के लिए नशे से भविष्य में होने वाले नुकसान के संबंध में जानकारी दी गई उन्होंने कहा की सभी को अपने घर परिवार गांव क्षेत्र मे लोगों को समझाना चाहीये की जिस घर में भी नशा घुस जता है वह घर बर्बाद हो जता है इसीलिए सभी को चाहीये की सभी अवैध नशे से दुर रहे और अपने को व परिवार को सुरक्षित रखे।



## प्रतिबंधित 30 किलो मांस के साथ एक आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा 30 किलोग्राम प्रतिबंधित मांस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए लक्सर पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम ने लक्सर क्षेत्र के निरंजनपुर रायसी में बंगाली डेरा के पास खाली खंडहर में एक व्यक्ति को वन्य सुरक्षित जीव कछुए को मारकर उसके मांस व अंक को काटकरव छांटकर करते हुए पकड़ा गया है उसके कब्जे से 30 किलोग्राम कछुए के मांस शारीरिक अंग व उपकरण दो भाले एक छूरी बरामद की गई है पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम काम सिंह पुत्र मांगा निवासी निरंजनपुर बंगाली डेरा थाना कोतवाली लक्सर उम्र 45 वर्ष बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी कमलकांत रतूड़ी कांस्टेबल महेंद्र सिंह अनिल वर्मा शामिल रहे।

## 13 साल का नाबालिग लापता तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के खेड़ी कला गांव से एक 13 वर्षीय बच्चा बुध वार शाम घर से कहीं चला गया है जिसकी परिजनो के द्वारा तलाश की जा रही है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने बताया कि खेड़ी कला से घर से गायब बच्चों की तरह मिला है जिस पर नाबालिग की तलाश की जा रही है उन्होंने आमजन से यह भी कहा की उस बच्चे ने ब्लैक लोअर वह ग्रह कलर की शर्ट पैहन रखी है अगर किसी को कहीं भी उस बच्चे की जानकारी हो तो है उसकी सूचना तुरंत ही लक्सर पुलिस को दें।

## पुलिस ने एक झपटमार युवक पकड़ा, मोबाइल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना पुलिस ने एक झपटमार को दबोच कर फैक्ट्रीकर्मी से छीना गया मोबाइल बारामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार छोटू कुमार पुत्र मोहन दास निवासी ग्राम सुनहरा कोतवाली गंगनहर जिला हरिद्वारद्वारा तहरीर दी गयी कि दिनांक 24/06/25 को ब्लाइज कम्पनी के आगे गली मे स्थित गते की फ्रैक्ट्री रायपुर भगवानपुर से अज्ञात चोर द्वारा वादी का रेडमी 11 फोन झपटा मारपर ले जाने के सम्बन्ध में थाना भगवानपुर पर मु0अ0सं0 209/25 धारा-304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना भगवानपुर द्वारा पुलिस टीम का गठन कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज संकलित कर विषलेशण किया गया जिससे पुलिस टीम को काफी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है। तथा क्षेत्र में मुखबिर मामूर किये गये। परिणाम स्वरूप पुलिस टीम को दिनांक-25/06/2025को मुखबिर की सूचना पर 01आरोपी 1. सौयब पुत्र असलम निवासी ग्राम सिकन्दरपुर भैसवाल थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार मय वादी के मोबाईल रेडमी के साथ गिरफ्तार किया व (2) विधि विवादित किशोर को पुलिस सरक्षंण मे लिया गया। आरोपी से रेडमी फोन बरामद किया है। पुलिस टीम का विवरण-1-अ0उ0नि0 प्रदीप चौहान थाना भगवानपुर 2- हे0कानि0 सुन्दरलाल थाना भगवानपुर 3- हे0कानि0 गीतम ख्रथाना भगवानपुर 4-कानि0 राहुल कुमार थाना भगवानपुर शामिल रहे।

## शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा शांति बनाए रखना संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्देशित किया था जिसमें सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति लड़ाई झगड़ा कर रहा है सूचना पर तुरंत ही पुलिस को भेजा गया पुलिस के द्वारा उसको काफी समझाने का प्रयास किया वह नहीं माना और मरने मारने पर उतारू हो गया किसी संज्ञे अपराध को दृष्टिगत रखते हुए उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम पुनीत कुमार पुत्र अवनीश निवासी सुवाहेडी बिजनौर उत्तर प्रदेश उम्र 25 वर्ष बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक दीपक चौधरी कांस्टेबल अरुण नेगी मोहित खंतवाला शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## नाला सफाई को लेकर भिड़े दो पक्ष, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** नाले की सफाई के दौरान सैलाब हटाने को लेकर दो पक्षों में हुए झगड़ों में कोतवाली गंगनहर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना संख्या एक' दिनांक 25-06- 2025 को मुकदमा वादी अमन कुमार पुत्र स्वर्गीय रवि कुमार निवासी पश्चिम अंबर तालाब हाल सहायक क्लर्क नगर पंचायत रामपुर रुड़की की तहरीर बाबत हारुन पुत्र मूनफैत तथा नसीम उर्फ मियां निवासी रामपुर रुड़की द्वारा शिकायतकर्ता तथा कार्यकरनी के साथ नाले की सफाई के दौरान सैलाब हटाने को लेकर मारपीट कर गाली गलौज करना तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में कोतवाली गंगनहर पर मुकदमा अपराध संख्या 175/2025 धारा 132/115(2)/352/351(3) बीएनएस मैं पंजीकृत किया गया है। 'घटना संख्या 02' दिनांक 25-6-2025 को मुकदमा वादी मूनफैत अली पुत्र हनीफ निवासी रामपुर रुड़की कोतवाली गंगनहर द्वारा सूचना दी की 1-नावेद पुत्र शराफत 2-दानिश पुत्र शराफत 3-परवेज पुत्र शराफत निवासी गण रामपुर कोतवाली गंगनहर 4-शहजाद पुत्र शाहिद निवासी नन्हेड़ा व दो अन्य अज्ञात द्वारा एक राय होकर हथियारों से लैस वादी के मेडिकल स्टोर में घुसकर मुकदमा वादी के बेटे हारून तथा पोता आयान के साथ मारपीट कर गाली गलोज करना तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मेडिकल स्टोर में तोड़फोड़ करना के संबंध में कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 276/25 धारा 191(2)/191(3)/190/115/ 352 /351(3)/324(4) बीएनएस में पंजीकृत किया गया है। उपरोक्त दोनों मुकदमों की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

## जुमेरात पर दरगाह में जायरीनों की बढ़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** अजमेर शरीफ में छठी में शामिल होने वाले जायरीनों और जुमेरात होने के चलते दरगाह साबिर पाक में भीड़ भाड़ रही। इस दौरान जायरीनों ने दरगाह साबिर पाक के जियारत कर अमनो अमान की दुआ की।

जानकारी के अनुसार अजमेर शरीफ में इस्लामी कैलन्डर के अनुसार मोहर्रम की छः तारीख को हजरत ख्वाजा गरीब नवाज की छठी मनाई जाती है । छठी के उर्स में शामिल होने से पहले हजारो की संख्या में जायरीन साबिर पाक की दरगाह पर जियारत करने पहुंचते है।और साबिर पाक की दरगाह पर अपनी मन्नते मांगते हे।उसके बाद जायरीन पानीपत ,दिल्ली,आगरा होते हुए अजमेर के लिये रवाना हो जाएंगे।जो जायरीन अजमेर शरीफ ख्वाजा गरीब नवाज की छठी के उर्स से पहले न आ सके वो जायरीन छ्ठी के उर्स के बाद में कलियर पहुचेंगे।



छठी के उर्स में शामिल होने वाले जायरीन पहले दरगाह साबिर पाक के मजार पर जियारत करने के लिए पहुंच रहे हैं। ब्रस्पतिवार की सुबह से ही साबिर पाक कि दरगाह पर लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। बड़ी संख्या में बिहार व उत्तर प्रदेश ,गुजरात,बंगाल दिल्ली आदि जगहों से बसों से जायरीन कलियर पहुंच रहे हैं।और अपनी मुरादें मन्नतें मांग रहे हैं।

## पुलिस ने एक सटोरिया दबोचा

**पिरान कलियर।** पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए एक खाईबाड को नगदी व सट्टा पर्ची के साथ गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कलियर सोहलपुर रोड के पास से एक व्यक्ति को को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार किया गया हैं। तलाशी लेने पर उनके पास से सट्टा पर्ची पेन गत्ता डायरी व 1650 रुपए की नगदी बरामद हुई हैं। पुलिस ने आरोपी जफीर अहमद निवासी दीपा सराय थाना नकाशा संभल यूपी के खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

## 14 वर्षीय किशोर जायरीन गंगनहर में डूबकर लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक में जियारत करने के लिए आया 14 वर्षीय किशोर गंगनहर में डूबकर लापता हो गया। पुलिस गोताखोरों की मदद से किशोर की तलाश कर रही हैं।

पंजाब जिला कपूरथला के गांव निहालगढ़ निवासी सागर (14) अपने भाई लखवीर के साथ बुध वार को कलियर दरगाह साबिर पाक में जियारत करने के लिए आया हुआ था। ब्रस्पतिवार को वह गंगनहर में स्नान करने के लिए चले गए। स्नान करते समय सागर का अचानक पैर फिसल गया और वह गंगनहर के तेज बहाव में बह गया। आसपास स्नान कर रहे लोगों ने बचाने का प्रयास किया।लेकिन वह गंगनहर में पानी के तेज बहाव में बहकर लापता हो गया है।किशोर के भाई लखवीर ने पुलिस को सूचना दे दी है।थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि गंगनहर में डूबकर लापता हुए किशोर की गोताखोरों की मदद से तलाश कर रही हैं।

## अवैध कार्य करने वालों पर गैंगस्टर एक्ट में हो कार्रवाई : कांगेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कांग्रेस के नेताओं द्वारा एसडीएम कार्यालय पर पहुंचकर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से रुड़की के कांग्रेस जन चाहते थे कि रुड़की में अवैध जिस्मफरोशी स्मैक एवं अन्य नशे तथा जुए सट्टे का कारोबार बंद किया जाए और अवैध काम में लिप्त आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की जाए।

इस अवसर पर कांग्रेसियों ने कहा कि रुड़की की दुर्दशा के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार एवं स्थानीय विधायक जिम्मेदार हैं उनके द्वारा अपना कर्तव्य निर्वहन नहीं किया जा रहा है सभी विभागों में भ्रष्टाचार बहुत ज्यादा है और यह सरकार हर मामले में फेल हो गई है रुड़की में सड़के टूटी पड़ी है जल भराव है एवं अन्य समस्याएं हैं जिन पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। जिलाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने हुए कहा कि रुड़की की पुलिस को ऐसे सभी कृत्य में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर गैंगस्टर एक्ट में जेल भेजना चाहिए । पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफाक अली पीसीसी सदस्य डॉक्टर अता उर रहमान श डॉ हरविंदर सिंह अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## करालटी में बनेगा एससी बच्चों के लिए 35 करोड़ से राजकीय आवासीय विद्यालय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** आज समाज कल्याण विभाग द्वारा भगवानपुर नगर मंडल के करालटी गांव में अनुसूचित जाति समाज के बच्चों के लिए 35 करोड़ की लागत से बनने वाले राजकीय आवासीय विद्यालय स्थल का निरीक्षण राज्य मंत्री देशराज करणवाल ने अपने साथियों के साथ किया। यह विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि समाज के वंचित वर्ग के भविष्य को नई दिशा देने का कार्य करेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विराट गोयल, महामंत्री हिमांशु चौधरी, आवेश चौहान, बीडीसी सदस्य प्रतिनिधि श्री मिंटू मास्टर जी, और साथ ही ग्राम के सम्मानित नागरिक श्री संजय चौहान जी, दिनेश चौहान जी, बृजेश चौहान जी, कर्णपाल चौहान जी, महावीर चौहान जी, क्षेत्रपाल चौहान जी, एडवोकेट अनुज चौहान जी, मोहित चौहान जी, विपिन चौहान जी, सादी राम सैनी जी, नंदन अग्रवाल जी, योगेन्द्र चौहान जी, रोहित कुमार जी, अरुण कुमार जी सहित सैकड़ों स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे! सभी का आभार एवं इस ऐतिहासिक पहल के लिए सरकार को धन्यवाद। यह विद्यालय हमारे समाज के भविष्य निर्माण में एक सशक्त कदम सिद्ध होगा।



## नायब तहसीलदार ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** सरकार जनता के द्वार प्रोग्राम के अंतर्गत ग्राम भगवानपुर तहसील के सिरचिंदी गाँव में चौपाल लगाकर लोगों की जन समस्याएं सुनने की और उनके निष्ठाका भी साथ-साथ प्रयास किया गया।

नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि तहसील भगवानपुर के सिरचिंदी गांव आयोजित किया गया ।13 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। शिकायतें संबंधित विभागों को प्रेषित की गई है जगह-जगह पानी की पाइपलाइन टूटी हुई है एवं बिजली संबंधी ट्रांसफार्मर की प्लेट आदि खराब है। ग्रामीणों में पानी और नाले को लेकर काफी गुस्सा है तथा आंगनबाड़ी भवन बनाने की भी मांग की गई तालाब से पानी की जल निकासी के संबंध में नाले का निर्माण आदि शिकायत प्राप्त हुई है जिनको संबंधित विभाग को प्रेषित कर दी गई है। आपूर्ति विभाग से नागेंद्र जी खंड विकास कार्यालय से अनुराग चौहान ग्राम प्रधान बाल विकास से आंगनवाड़ी सुपरवाइजर एवं ग्रामीण मौके पर रहे।



# लापता श्रद्धालुओं की तलाश में देर रात तक चला रेस्क्यू अभियान

## चारधाम यात्रा में 3 श्रद्धालुओं की जान गई, 10 लापता, जौनसार-बावर क्षेत्र के युवाओं की कार दुर्घटना में मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग/विकासनगर।** उत्तराखंड के दो अलग-अलग क्षेत्रों में गुरुवार को हुए दो भीषण सड़क हादसों ने प्रदेश सहित पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। एक ओर चारधाम यात्रा मार्ग पर रुद्रप्रयाग जनपद के घोलतीर क्षेत्र में यात्रियों से भरी मिनी बस अलकनंदा नदी में समा गई, तो दूसरी ओर देर रात कालसी-चकराता मोटर मार्ग पर युवाओं से भरी एक कार 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। दोनों घटनाओं में कुल 6 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 10 लोग अब भी लापता हैं और एक की हालत नाजुक बनी हुई है।

गुरुवार सुबह रुद्रप्रयाग के

### हादसे में अभी भी चल रहे 9 लोग लापता

घोलतीर क्षेत्र में ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक मिनी बस (टेंपो ट्रैवलर) 250 मीटर गहरी खाई में गिरकर अलकनंदा नदी में समा गई। बस में 20 तीर्थयात्री सवार थे, जिनमें से 3 की मौत हो गई, 8 घायल हैं और 9 अब भी लापता हैं। घायलों में से 4 की हालत गंभीर होने पर उन्हें एयर एंबुलेंस से एम्स ऋषिकेश भेजा गया।

प्राथमिक जांच के अनुसार, हादसा सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर के कारण हुआ, जिससे बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। SDRF, NDRF, ITBP और पुलिस की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई हैं, लेकिन अलकनंदा का बढ़ा हुआ जलस्तर बचाव कार्य में बाधा बन रहा है। दोपहर में एक महिला का शव धारी देवी के पास मिला। बस में सवार यात्री मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र के रहने वाले थे, जो बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर निकले थे। पुलिस ने ट्रक की टक्कर और चालक की लापरवाही को हादसे का कारण मानते हुए केस दर्ज कर लिया है।

## विकासनगर से चकराता जाते समय हुई दुर्घटना, क्षेत्र में शोक की लहर




**विकासनगर।** बीती रात विकासनगर से चकराता की ओर जा रही एक कार कालसी-चकराता मोटर मार्ग पर चापनू गांव के पास अनियंत्रित होकर 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।

कार में चार युवक सवार थे, जिनमें से तीन की मौके पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। घायल युवक मंगल चौहान, निवासी मटियावा चकराता का इलाज जारी है।

### मृतकों की पहचान

मुकेश राणा (21), कोटी कनासर, चकराता
प्रियांशु चौहान (22), भाऊवाला
दीपक सती (25), गढ़वाली कॉलोनी, भाऊवाला

हादसे की जानकारी सुबह ग्राम प्रहरी के माध्यम से पुलिस को मिली, जिसके बाद SDRF, पुलिस और राजस्व विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य शुरू किया।

### दर्द और सवाल

एक ही दिन में हुई दो भीषण दुर्घटनाओं ने न सिर्फ दर्जनों परिवारों को शोक में डुबो दिया, बल्कि राज्य की सड़क सुरक्षा व्यवस्था और तीर्थ यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या यात्रियों की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हैं? क्या पहाड़ी रास्तों पर भारी वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त निगरानी हो रही है? उत्तराखंड में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाएं एक बार फिर यह याद दिला रही हैं कि पर्यटन और तीर्थाटन के साथ-साथ सतर्कता और सुरक्षा को भी प्राथमिकता देना आवश्यक है।

### घटना में मृतकों का विवरण

1- विशाल सोनी, निवासी राजगढ़, मध्य प्रदेश, उम्र 42 वर्ष।
2- ड्रिमी, निवासी ई 202 पर्वत सिलिकॉन पैलेस, आईमाता चौक सूरत, गुजरात, उम्र 17 वर्ष।
3- गौरी सोनी, निवासी वीर सावरकर मार्ग, वार्ड नं. 12 राजगढ़ तहसील सदरपुर, मध्य प्रदेश, उम्र 41 वर्ष।

### घटना में लापता चल रहे यात्रियों का विवरण

1- रवि भवसार, निवासी उदयपुर, शास्त्री सर्किल, राजस्थान, उम्र 28 वर्ष।
2- मौली सोनी, निवासी एफ 601 सिलिकॉन पैलेस बाम्बे मार्केट, पूना कुभंरिया रोड गुजरात, उम्र 19 वर्ष।
3- ललित कुमार सोनी, निवासी प्रताप चौक गोगुण्डा, राजस्थान, उम्र 48 वर्ष।
4- सुशीला सोनी, निवासी शास्त्री सर्किल, उदयपुर, राजस्थान, उम्र 77 वर्ष।
5- संजय सोनी, निवासी उदयपुर, शास्त्री सर्किल राजस्थान, उम्र 55 वर्ष।
6- मयूरी, निवासी सूरत, गुजरात, उम्र 24 वर्ष।
7- चेतना सोनी, निवासी उदयपुर राजस्थान, उम्र 52 वर्ष।
8- चेष्ठा, निवासी ई 202 पर्वत सिलिकॉन पैलेस, आईमाता चौक सूरत, गुजरात, उम्र 12 वर्ष।
9- कट्टा रंजना अशोक, निवासी थाणे मीरा रोड, महाराष्ट्र, उम्र 54 वर्ष।

घटना में घायल यात्रियों का विवरण

1- दीपिका सोनी निवासी सिरोही मीना वास, राजस्थान उम्र 42 वर्ष।
2- हेमलता सोनी निवासी प्रताप चौक, गोगुण्डा, राजस्थान, उम्र 45 वर्ष।
3- ईश्वर सोनी निवासी ई 202 पर्वत सिलिकॉन पैलेस, नियर अर्चना स्कूल, गुजरात उम्र 46 वर्ष।
4- अमिता सोनी निवासी 701 702 बिल्डिंग नं. 3 मीरा रोड, महाराष्ट्र, उम्र 49 वर्ष।
5- भावना सोनी ईश्वर, निवासी ई 202 पर्वत सिलिकॉन पैलेस, नियर अर्चना स्कूल, गुजरात, उम्र 43 वर्ष।
6- भव्य सोनी निवासी ई 202 सिलिकॉन पैलेस, बाम्बे मार्केट, नियर अर्चना स्कूल, गुजरात, उम्र 7 वर्ष।
7- पार्थ सोनी निवासी वार्ड नं. 11, राजगढ़, वीर सावरकर मार्ग ग्राम राजगढ़ मध्य प्रदेश, उम्र 10 वर्ष।
8- सुमित कुमार (वाहन चालक), पुत्र नरेश कुमार, निवासी बैरागी कैम्प, हरिद्वार, उम्र 23 वर्ष।

# गोपनीय रिपोर्ट से नहीं चलेगा लोकतंत्र, आज फिर होगी सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर आरक्षण रोस्टर विवाद पर हाईकोर्ट की निगरानी और भी सख्त हो गई है। गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ में हुई अहम सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ने जिस समर्पित एकल आयोग की रिपोर्ट के आधार पर पंचायत चुनाव टाले, उसे अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। अधिवक्ता योगेश पचौलिया ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार की रिपोर्ट को सार्वजनिक करना संवैधानिक आवश्यकता है, क्योंकि यही वह दस्तावेज है जिसकी आड़ में पंचायत चुनावों को लगातार टाला गया। इसपर कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उसकी मंशा चुनाव टालने की नहीं है, लेकिन नियमों और संविधान का पालन अनिवार्य है।

**■ पंचायत चुनाव आरक्षण पर हाईकोर्ट सख्तः मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने सरकार से पूछा, समर्पित आयोग की रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक क्यों नहीं?**

### सरकार ने दी सफाई

सरकार की ओर से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर और मुख्य स्थायी अधिवक्ता ने दलील दी कि 9 जून को नया रूल जारी किया गया था, जिसे 14 जून को गजट में प्रकाशित भी कर दिया गया। उन्होंने तर्क दिया कि पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के बाद पुराने रोस्टर को शून्य करना ही एकमात्र विकल्प था। गुरुवार को दोपहर 1 बजे सरकार ने कोर्ट के समक्ष नया आरक्षण रोस्टर प्रस्तुत किया, जिस पर याचिकाकर्ताओं ने अध्ययन के लिए समय मांगा। इस पर कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 जून (आज) दोपहर 1 बजे तय की है। आज की सुनवाई बेहद अहम मानी जा रही है, क्योंकि कोर्ट साफ कर चुका है कि वह नियम विरुद्ध चुनाव को अनुमति नहीं देगा, वहीं सरकार बार-बार चुनाव टालने के आरोपों से घिरी हुई है। वहीं, याचिकाकर्ताओं ने उत्तराखंड पंचायत राज अधिनियम, संविधान के अनुच्छेद 243डी, 243टी, और आरक्षण संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि आरक्षण रोस्टर का पालन करना संवैधानिक बाध्यता है, जिसे सरकार नजरअंदाज नहीं कर सकती।

## सीएम धामी ने रूद्रप्रयाग हादसे पर जताया शोक

**देहरादून।** सीएम धामी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर रूद्रप्रयाग में हुए सड़क हादसे पर दुख व्यक्त किया। साथ ही दुर्घटना के जांच के आदेश भी दिए।

## महाराज ने दुर्घटना पर जताया दुख

**देहरादून।** जनपद रुद्रप्रयाग, घोलतीर के समीप बद्रीनाथ हाईवे पर हुई मिनी ट्रैवलर बस के दुर्घटनाग्रस्त होने पर प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने चिंता जताते हुए हादसे में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त कर घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। महाराज ने कहा कि हादसे में मारे गए, घायल यात्रियों को निकालने और लापता यात्रियों की खोज के लिए एसडीआरएफ 40 किमी तक रेस्क्यू अभियान चला रही है।

# कार दुर्घटना में सहकारी बैंक प्रबंधक की मौत

## देर रात गोपेश्वर बैठक से लौट रहे थे सतेराखाल की ओर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग-पोखरी मोटरमार्ग के सन बैंड के पास बुधवार रात एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि कार अनियंत्रित होकर ऊपर सड़क से 200 मीटर नीचे गिरकर नीचे सड़क में अटक गई, लेकिन कार के पहाड़ी से गिरने से परखच्चे उड़ गए। घटना में चमोली जिला सहकारी बैंक सतेराखाल शाखा के मैनेजर की दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



बीती बुधवार की देर रात्रि सवा 11 बजे के लगभग पुलिस को सूचना मिली कि सनबैंड के पास एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मनोज नेगी पुलिस बल सहित एसडीआरएफ, डीडीआरएफ की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। रात्रि करीब दो बजे तक चले रेस्क्यू अभियान में दुर्घटनाग्रस्त हुए वाहन सख्या यूके 07 डीएच 8233 के स्वामी विवेक प्रसाद मनोड़ी पुत्र चन्द्रमणि मनोड़ी निवासी ग्राम मरोड़ा नारायणबगड़ थाना थराली जनपद चमोली हॉल बैंक मैनेजर चमोली जिला सहकारी बैंक सतेराखाल अचेत अवस्था में मिले, जिनको जिला चिकित्सालय लाये जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। वाहन स्वामी मृतक चमोली जिला सहकारी बैंक सतेराखाल शाखा में मैनेजर के पद पर तैनात थे। वहीं, घटना के बाद से मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। वहीं हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। जिला सहकारी बैंक मैनेजर गोपेश्वर बैठक से सतेराखाल लौट रहे थे, तभी वे हादसे का शिकार हो गए।

# लोकतंत्र की हत्या का काला अध्याय, प्रत्येक पीढ़ी को पढ़ने की जरूरतः भूपेंद्र

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र यादव ने 25 जून को लोकतंत्र रक्षा के लिए ठीक उसी तरह मनाने का आग्रह किया जिस तरह 15 अगस्त को आजादी और 26 जनवरी को संविधान स्थापना की प्रेरणा के रूप लिया जाता है। उन्होंने विकसित भारत के लिए आर्थिक मजबूती के साथ लोकतांत्रिक मजबूती को भी अहम बताया। उन्होंने कहा कि संविधान की किताब हाथ में रखने वाली कांग्रेस ने ही आपातकाल में संविधान को ध्वस्त किया है। ये बात और है कि इसी इमरजेंसी के संघर्ष में तपकर पीएम मोदी जैसा राजनैतिक नेतृत्व देश को मिला।



### राज्य के प्रमुख स्थानों पर आयोजित किया जा रहे हैं कार्यक्रम : महेंद्र भट्ट

इस दौरान पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने बताया देशभर में आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलब्ध में 25, 26, 27 जून को पार्टी देश भर के सभी राज्यों के सभी प्रमुख स्थानों पर जाकर विभिन्न कार्यक्रम कर रहे हैं। ताकि आपातकाल का वह काला दिवस लोगों में सदैव जागृत रहे कि लोकतंत्र को किस तरह कुचला गया। आज की पीढ़ी के संज्ञान में लाने के लिए कार्यक्रमों की यह श्रृंखला आयोजित की जा रही है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा कि देश के लो. कतंत्र, केवल हाथ में संविधान की पुस्तक लेकर नहीं किया जा सकता है।

गुरुवार को राजधानी के हिमालय कल्चरल सेंटर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भूपेंद्र यादव ने कहा कि, इस देश को आजादी बहुत बड़ी संख्या में क्रांतिकारियों के बलिदान और जनता के लंबे संघर्ष से मिली है। इसलिए इस आजादी के बाद जो संविधान हमें प्राप्त हुआ उसका लक्ष्य देश में लोकतंत्र की स्थापना, भारत को गणतंत्रवादी देश के रूप में आगे बढ़ाना, स्वतंत्र न्यायपालि. का के साथ चलना, देश में संसद की सर्वोच्चता को महत्व देना, फेडरल स्ट्रक्चर से संघीय राज्य संबंध को मजबूती से आगे बढ़ना। और यह सब, देश को दुनिया के सबसे प्रगतिशील उदारवादी लो. कतांत्रिक देश के रूप में आगे बढ़ाने का संकल्प है। यह जो संकल्प हमें दिया गया था, उसपर हमला करने का काम, कुठाराघात करने और इसकी हत्या करने का काम हुआ कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार द्वारा 25 जून 1975 को। इसलिए जो आजादी हमको मिली थी, उसके लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला 25 जून 1975 को हुआ था। जो मार्च 1977 तक रहा, लगभग 21 महीने। इसलिए भारत की पहली आजादी तो 1947 में हुई थी ,लेकिन भारत में लोकतंत्र की एक और आजादी मार्च 1977 में 21 महीने की कैद समाप्त होने के बाद हासिल हुई थी। इसलिए 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में याद किया जाता है। बेशक यह घटना 50 साल पहले की है लेकिन देश के हर नौजवान को इसके बारे में जानना चाहिए, ताकि उसकी पुनरावृति ना हो।

इस दौरान उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि, उन्होंने संघ के स्वयंसेवक के रूप में आपतक. ाल में ही युवाओं को संगठित करने का कार्य किया। जिस प्रकार कहा भी जाता है कि संघर्ष की ताप से ही नेतृत्व निखरता है, ठीक उसी तरह आपातकाल के विरोध, संघर्ष ने मोदी जैसे नेतृत्व को उभारने का कार्य किया है। आज पीएम मोदी देश में लोकतंत्र को आगे बढ़ाने के संकल्प को लेकर चल रहे हैं, जो आपातकाल में लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए संघर्ष की उनके व्यक्तित्व पर पड़ी छाप का ही परिणाम है।

# नशे के खिलाफ सख्त एक्शन प्लान तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने गुरुवार को सचिवालय में एनकॉर्ड (राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल) की बैठक में प्रदेश में युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए व्यापक और ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों व एसएसपी को सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए एसटीएफ एसएसपी नवनीत सिंह को नशा विरोधी अभियान का नोडल अधिकारी नामित किया।

उन्होंने प्रदेशभर में मेडिकल टेस्ट अभियान, शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की भागीदारी और परिजनों की सहभागिता पर बल दिया। साथ ही खाली सरकारी भवनों में नए नशा मुक्ति केंद्र खोलने के निर्देश भी दिए। निजी नशा मुक्ति केंद्रों की जांच कर मानकों का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की बात कही।

मुख्य सचिव ने एनएसएस, एनसीसी और महिला मंगल दलों को भी नशे के खिलाफ अभियान में शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव शैलेश बगोली, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर डॉ. वी. मुरूगेशन समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र, देहरादून में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने नरेंद्र कुमार मित्तल, रणजीत सिंह जुयाल सहित 10 लोकतंत्र रक्षकों को सम्मान प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकाल भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का काला अध्याय है, जिसमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कुचली गई और संविधान को रौंदा गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए जेल की काल कोठरियों को तपोभूमि बनाने वाले सेनानियों का राष्ट्र सदा ऋणी




रहेगा। सीएम ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, नानाजी देशमुख जैसे नेताओं के योगदान को याद करते हुए बताया कि उत्तराखंड के कई सपूतों ने भी इस आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई, जिनमें चंद्र सिंह राठौर और गोविंद राम ढींगरा प्रमुख हैं।

मुख्यमंत्री ने युवाओं से आग्रह किया कि वे आपातकाल के इतिहास को जानें ताकि लोकतंत्र की महत्ता को समझा जा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए "संविधान हत्या दिवस" का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों को लोकतंत्र के प्रति सजग बनाएगी। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इस प्रकार के आयोजन नियमित रूप से होते रहेंगे।



## पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के निधन पर महाराज ने दुख जताया

**पौड़ी।** प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने पौड़ी के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कुंज बिहारी नेगी के असामायिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पौड़ी के पूर्व नगर पालि. का अध्यक्ष 85 वर्षीय कुंज बिहारी नेगी के असामायिक निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। उनके निधन से समाज को एक सच्चे सेवक की कमी महसूस होगी। उनके द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा और उनके आदर्शों से हमें प्रेरणा मिलती रहेगी।

# सीएम हेल्पलाइन में लटक रही शिकायतों पर धामी सरकार सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम हेल्पलाइन 1905 में छह माह से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन मामलों के निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि फोर्स क्लोजिंग जैसी अनावश्यक कार्रवाई से परहेज किया जाए और हेल्पलाइन को राज्य की बेस्ट प्रैक्टिस बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

**■ समयबद्ध निस्तारण न करने पर होगी कार्रवाई: मुख्यमंत्री ■ 180 दिन से ज्यादा लंबित मामलों के निस्तारण को चलेगा विशेष अभियान ■ मुख्यमंत्री ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को चेताया**

गुरुवार को सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायतों का समयबद्ध समाधान न करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई तय है। उन्होंने निर्देश दिए कि पूरे राज्य में एक दिन तहसील दिवस और एक दिन थाना दिवस आयोजित किया जाए। मुख्यमंत्री खुद किसी एक जनपद में औचक रूप से शामिल होंगे। इस अवसर पर अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, डीजीपी दीपम सेठ सहित तमाम सचिव, अपर सचिव और सभी जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

### शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने हेल्पलाइन पर शिकायत करने वाले कुछ नागरिकों से सीधा संवाद भी किया। उत्तरकाशी के उपेन्द्र सिंह रावत की पेयजल समस्या के समाधान के लिए जिलाधिकारी को एक सप्ताह की समयसीमा दी। हरिद्वार के आलम की स्ट्रीट लाइट संबंधी शिकायत का समाधान हो चुका है।

देहरादून, चमोली और नैनीताल से आए अन्य शिकायतों का भी समाधान किया जा चुका है।

### जनता से सीधे जुड़ेंगे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलाधिकारी जनता दर्शन, तहसील दिवस और बीडीसी बैठकों को नियमित करें ताकि जन समस्याओं का तुरंत समाधान हो। उन्होंने अतिक्रमण हटाने, वेरिफिकेशन और दो-दो गांवों को आदर्श ग्राम बनाने के निर्देश भी दिए। सीएम धामी ने खराब ट्रांसफार्मर, लटकते तार और कम वोल्टेज की समस्या को लेकर बिजली विभाग को निर्देश दिए कि सभी ट्रांसफार्मरों का सेफ्टी ऑडिट शीघ्र किया जाए। दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### टीबी मुक्त जनपदों को मिलेगा सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में सबसे पहले टीबी मुक्त होने वाले तीन जनपदों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस दिशा में तेजी से कार्य करने के निर्देश भी दिए। वहीं, शिकायत निस्तारण में बेहतर कार्य के लिए मुख्यमंत्री ने परिवहन, कृषि, समाज कल्याण, आबकारी और ऊर्जा विभाग की सराहना की, जबकि लोक निर्माण, भू-विज्ञान, राजस्व, गृह और वित्त विभाग को और तेजी लाने के निर्देश दिए।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 27 जून 2025

## विश्वास की कमी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व कतर के शासकों के प्रयासों से यूं तो ईरान-इजरायल के बीच जो सीजफायर हुआ, वह बदस्तूर जारी है, लेकिन जिस तरह दोनों तरफ से अभी भी शब्दों के बाण चल रहे हैं। वह यह बताने के लिए काफी हैं कि जो शांति दिखाई दे रही है वह केवल सतही है। इसमें गहराई नहीं है और दोनों देशों के बीच जो अविश्वास की खाई है, वह किसी भी तरह से भरती दिखाई नहीं दे रही है। ईरान के विदेश मंत्री सईद खातिबजादेह ने एक लेबनानी चैनल के माध्यम से कहा है कि अमेरिका ने जिस तरह ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया है, वह उसका मुआवजा वसूलेगा। इसके लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराने की बात भी कही है। ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला खामेनेई ने ईरान के लोगों को जंग जीतने की बधाई दी है और एक्स पर कहा है कि ईरान ने अपने हमलों से इजरायल को धराशाई कर दिया, उसको कुचल दिया। यह कहते हुए उन्होंने अमेरिका पर भी हमला बोला और कहा कि अमेरिका ने इजरायल का खुलकर साथ दिया और जंग के आखिर में तो वह खुलकर मैदान में आ गया क्योंकि उसे डर था कि अगर वह जंग में नहीं कूदा तो इजरायल का ईरान के हाथों खात्मा तय है। खामेनेई ने कहा है कि हालांकि अमेरिका भी कुछ नहीं कर पाया और ईरान ने अमेरिका के मुंह पर जोरदार तमाचा मारा। ईरान ने अमेरिकी एयरबेस पर हमला किया और उसे नुकसान पहुंचाया। इस तरह ईरान ने बता दिया कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका के ठिकाने उसकी पहुंच से दूर नहीं हैं। ब्रिटिश संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स के कन्जर्वेटिव सदस्य रिचर्ड भी मानते हैं कि ईरान व इजरायल के बीच युद्ध विराम से सैन्य कार्रवाई में कमी आ सकती है, लेकिन इससे शांति समझौते की संभावना नहीं है। वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट सामने आई है कि जो कहती है कि सीजफायर कराना ही डोनाल्ड ट्रम्प के लिए भारी पड़ सकता है। द टेलीग्राफ की एक खबर के अनुसार सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि असली जवाब ईरान अमेरिका की सरजमीं से दे सकता है और वह भी स्लिपर सेल्स के जरिये। अखबार यहां तक कहता है कि यह बात ट्रम्प समेत पूरे सिस्टम के लिए खतरे की घंटी है। ये तमाम बातें हैं, जो यह बता रही हैं कि भले ही सीजफायर हो गया है, लेकिन अभी यह गारंटी मिलनी बाकी है कि समय के साथ इसमें मजबूती आएगी, क्योंकि कोई भी पक्ष झुकने के लिए जरा भी तैयार दिखाई नहीं दे रहा है और सबसे बड़ी बात यह है कि जिन बातों को लेकर यह युद्ध शुरू हुआ था वे मुद्दे जस के तस हैं। उनको लेकर कोई समाधान निकलता दिखाई नहीं दे रहा है। गाजा की समस्या भी जस की तस बनी है। इजरायल वहां रोज हमले कर रहा है। इजरायल ईरान के बीच सीधी भिड़ंत के दौरान ही 12 दिनों में 800 से अधिक फलस्तीनियों की जान इजरायली हमलों में चली गई है। ईरान बराबर अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे न हटने की बात कह रहा है। जब तक झगड़े का कारण बने मुद्दों पर बैठकर बातचीत नहीं होती तब तक मध्य पूर्व में शांति स्थापना को लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता।

### सपना बनकर रह गया घर खरीदना



महंगाई चरम पर है और शहरी अर्थव्यवस्था में गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना सपना बनकर रह गया है, मुंबई में घर लेने के लिए भारत के सबसे अमीर पांच प्रतिशत लोगों को भी 109 साल तक अपनी आमदनी का 30 प्रतिशत बचाना पड़ेगा, यही हाल ज्यादातर बड़े शहरों का है, जहां आप अवसर और सफलता की तलाश में एडियां घिस देते हैं, कहां से आएगी इतनी बचत, गरीब और मध्यम वर्ग की विरासत दौलत नहीं, जिम्मेदारियां होती हैं, बच्चों की महंगी शिक्षा, महंगे इलाज की चिंता, माता-पिता की जिम्मेदारी या परिवार के लिए छोटी-सी गाड़ी, फिर भी दिलों में रहता है एक सपना एक दिन एक घर होगा अपना।

**-राहुल गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता**

## इस्लामी हिज़री के पहले महीने मोहर्रम की अज़ीम है फज़ीलत




आलमे इन्सानियत में जब भी नए साल की बात जेहन में आती है हर इंसान खुशी और जश्न के तसव्वुर में डूब जाता है, मगर मजहबे-इस्लाम एक ऐसा वाहिद मजहब है जिसका नया साल अल्लाह-तआला की इबादत, वाजिबात की अदायगी और रंज व गम के साथ इंसानी जेहन को मकसदे-जिन्दगी की फिक्र और तहफ्फुजे दीन की दावत देता हुआ शुरू होता है। मोहर्रम जहां मजहबे-इस्लाम का पहला महीना है वहीं यह इस्लाम के चार मोअतबर महीनों में से एक है। जिसमें अल्लाह तआला की तरफ से किसी भी तरह की लड़ाई पर पाबंदी है। माहे- मुहर्रम की एक खुसूसियत यह भी है कि तारीख में यह महीना हमेशा से एक अहम महीना रहा है फिर चाहे वह नुजूले-इस्लाम के पहले का दौर हो या बाद का, क्योंकि इसमें तारीख के अहम वाकिआत गुजरे हैं और इन्हीं वाकिआत की वजह से यह गौर का मौजू रहा है कि आखिर वो कौन सा वाकिआ है जिसने इस महीने को इतनी अहमियत दी।

वैसे अगर हम तारीख में इसका जवाब तलाश करें तो पाएंगे कि इस महीने में तारीख के दो अहम वाकिआत गुजरे हैं जिसमें पहला तो यह है कि इस महीने में हजरत मूसा अलै. ने फिरऔन पर फतह हासिल की थी और दूसरा वाकिआ यह है कि इस महीने में सन 61 हिजरी में पैगम्बरे इस्लाम के नवासे इमाम हुसैन (अलै.) ने दीने- इस्लाम की रूह को बचाने के लिए कर्बला के मैदान में अपने अहले बैत और असहाब के साथ अपनी अजीम कुर्बानी दी, जिसके बाद माहे - मुहर्रम इमाम हुसैन (अलै.) और करबला से ऐसा मंसूब हुआ कि मोहर्रम का जिक्र आते ही आलमे-इंसानियत के जेहन में जो पहली बात आती है वो वाकि. आ-ए-करबला है।

दूसरा सवाल जो जेहन में आता है कि आखिर क्या वजह थी जो नवासा-ए-रसूल को इतनी अजीम कुर्बानी देनी पड़ी। इस सवाल का जवाब दो तरह से दिया जा सकता है, जिसमें पहला तो यह है कि उस वक्त का खलीफा जिसका नाम यजीद इब्ने माविया था, वह एक फासिको फाजिर इंसान था और जाती तौर पर शराब खोरी का आदी था जुआ खेलने वाला, तमाम हराम कामों को करने वाला इंसान था, यहां तक कि उसने अपने दौर हुकूमत में काबे का भी एहतराम ना किया और उसमें भी आग लगवा दी थी इसके बाद मआशरे पर मजहबे- इस्लाम के हलाल की हुई चीजों को हराम और हराम की हुई चीजों को हलाल करने पर आमादा था और अपने अमल को जायज करार देने के लिए वो इमाम हुसैन से बेअत लेना चाहता था, क्योंकि वह जानता था कि अगर इन्होंने बेअत कर ली तो तमाम आलमे-इस्लाम की जबान उसके खिलाफ चुप हो जाएगी। मगर इमाम हुसैन ने बेअत करने के बजाए अपना पूरा कुनबा इस्लाम पर कुर्बान करना कुबूल किया और शहादत तक बेअत कुबूल ना की।

इसी के मद्देनजर उन्होंने यजीद इब्ने माविया के खिलाफ कयाम किया और अपने अहलेबैत और असहाब के साथ करबला के मैदान में 3 दिन की भूख और प्यास के साथ इस्लाम पर कुर्बानी पेश की। एक और सवाल जो मेरे जेहन में इस वक्त आया वह यह कि करबला की जंग हुकूमत के लिए हुई थी या जंग- इस्लाम के दिफा के लिए हुई थी। अगर हम दूसरे सवाल के जवाब पर गौर करें तो खुद बखुद समझ सकते हैं कि यह इस्लाम जंग खुदा की राह में थी। जिसमें इमाम हुसैन (अलै.) ने दीने इस्लाम की खातिर अपना भरा घर लुटा दिया।

पैगम्बरे इस्लाम ने फरमाया: 'हसनैन (हसन और हुसैन) जवानाने जन्नत के सरदार हैं यानि जन्नत में मर्दों के सरदार हैं और कुरआन कहता है कि दुनिया की मुहब्बत गुनाह है, तो अब समझने की बात यह है कि अगर कुरआन दुनियावी मुहब्बत को गुनाह समझता है और गुनहगार का जन्नत में कोई तसव्वुर नहीं तो जन्नत में मर्दों के सरदार से दुनियावी हुकूमत की ख्वाहिश कैसे मनसूब किया जा सकता है।

अब दूसरी जगह कुरआन कहता है कि अहलेबैत, खुदा तो बस यह चाहता है कि तुमको हर तरह की बुराई से दूर रखे और जो पाक व पाक. ीजा दिखने का हक है वैसा पाक व पाकीजा रखे। तो कुरआन जिस हुसैन (अलै.) (अहलेबैत) की पाकीजगी की गवाही दे रहा है उन्होंने मदीने से निकलते वक्त एक खुत्बा दिया जिसमें इमाम हुसैन (अलै.) ने फरमाया, मैं अपने नाना की उम्मत की इस्लाह के लिए कयाम कर रहा हूं, तो अब मानना पड़ेगा के कयामे हुसैन (अलै.) खालिस खुदा के लिए था। अब आखिर में एक हदीस और बयान करना चाहूंगा, जिसमें उन्होंने फरमाया कि मेरा लाल हुसैन करबला की मिट्टी पर कत्ल किया जाएगा, हर इंसान जो उस वक्त मौजूद हो तो उसको चाहिए कि हुसैन की मदद करे।

अब यह बात मुकम्मल तौर पर जाहिर है कि अगर कयामे हुसैन (अलै.) दुनिया की मुहब्बत में होता तो पैगम्बरे इस्लाम कभी हसैन (अलै.) का साथ देने के लिए न कहते, तो अब यह काफी है इस बात को समझने के लिए कयामे इमाम हुसैन खालिस रजाए परवरदिगार को हासिल करने के लिए था। यजीद हुसैन को कत्ल कर के भी हार गया और हुसैन (अलै.) अपना सब कुछ लुटा कर भी दुनिया और आखिरत में कामयाब हो गए।



ज़िया अब्बास ज़ैदी
सीनियर जर्नलिस्ट
मोबाइल नंबर 9837776610,
मेल आईडी-
ziaabbaszaidist@gmail.com

## बेटियों के लिए मोह बढ़ना संतुलित समाज का आधार

**भारत में भी यही स्थितियां देखने को मिल रही है। जबकि सदियों से भारत की समाज-व्यवस्था एवं परिवार-परम्परा पुत्र मोह की ग्रंथि से ग्रस्त रहा है। जिसके चलते शिशु लिंग अनुपात में असंतुलन बढ़ता गया है। देश में हुई 2016 की जनगणना में लड़कों की तुलना में लड़कियों की घटती संख्या के आंकड़े चौंकाते ही नहीं बल्कि दुखी भी करते हैं। जिस तरह से लड़के-लड़कियों का अनुपात असंतुलित हो रहा है, उससे ऐसी चिन्ता भी जताई जाने लगी है कि यही स्थिति बनी रही तो लड़कियां कहां से लाएंगे?**



ललित गर्ग

दुनियाभर में माता-पिता आमतौर पर अब तक बेटियों की तुलना में बेटों को ज्यादा पसंद करते आ रहे हैं, लेकिन प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में एक सूक्ष्म, महत्वपूर्ण और बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि अब लड़के की तुलना में लड़कियों को अधिक पसंद किया जाने लगा है। ऐसा इसलिए हो सकता है, क्योंकि लड़कियों के प्रति पूर्वाग्रह कम है और संभवत: लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह ज्यादा है। नए साक्ष्य एवं अध्ययन इस बदलाव का संकेत देते हैं, जो संभवत: बढ़ते एकल परिवार परम्परा, तथाकथित आधुनिक-सुविधावादी जीवनशैली एवं कैरियर से जुड़ी प्राथमिकताओं के चलते लड़कों से जुड़े एक सूक्ष्म भय, उपेक्षा एवं उदासीनता को उजागर करते हैं। द इकोनॉमिस्ट द्वारा ताजा प्रकाशित रिपोर्टों में, लिंग प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में कुछ ऐसे ही दिलचस्प रुझान सामने आए हैं, जिसमें लड़कों के प्रति सदियों पुराना झुकाव अब कम हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में माता-पिता अब लड़कों की तुलना में लड़कियों को भविष्य की सुरक्षा को लेकर अधिक पसंद कर रहे हैं। विकासशील देशों में, लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह कम हो रहा है, जबकि अमीर देशों में लड़कियों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, युवा पुरुषों और महिलाओं के बीच लैंगिक भूमिकाओं को लेकर विचारों में अंतर बढ़ता जा रहा है।

ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में, भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान नीचे है और इसका लैंगिक समानता स्कोर 64.1 प्रतिशत है।

वर्तमान प्रगति की दर से, पूर्ण लैंगिक समानता प्राप्त करने में 134 वर्ष लगेंगे, जो दर्शाता है कि प्रगति की समग्र दर धीमी है। इन रिपोर्टों से पता चलता है कि दुनिया भर में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति हो रही है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। भारत के लिए लैंगिक समानता की दिशा में दो पायदान की गिरावट का सबसे बड़ा कारण महिला समानता को लेकर चल रहे आन्दोलन है। भारत की बेटियां आज अंतरिक्ष से लेकर खेल के मैदान तक में बुलंदियां छू रही हैं। वे परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में उल्लेखनीय भूमिकाओं का निर्वाह कर रही है। सरकार द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'सुकन्या समृद्धि योजना' जैसे सराहनीय पहल के जरिए बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। 21वीं सदी की चौखट पर खड़ी दुनिया में बड़े व्यापक बदलाव हो रहे हैं। इंसानी रिश्तों की अहमियत को लेकर भी नई सोच पनप रही है। अब अमेरिका, दक्षिण कोरिया, भारत और चीन में, लिंग अनुपात सामान्य या यहां तक कि बेटी की पसंद के संकेत दिखाने लगा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस बदलाव की असल वजह क्या है? दरअसल, माता-पिता में यह धारणा बलवती होती जा रही है कि बेटियां उनकी ढलती उम्र में धीरे-धीरे अधिक विश्वसनीय देखभाल करने वाली साबित हो सकती हैं। उन्हें परिवार से गहरे तक जुड़े रहने की अधिक संभावना के रूप में देखा जाने लगा है। आज बेटियों को बेटों के मुकाबले बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शनकर्ता, परिवार सार-संभालकर्ता, माता-पिता के प्रति जिम्मेदारी निर्वाहकर्ता के रूप में देखा जाने लगा है। तेजी से कामकाजी दुनिया का हिस्सा बनने के कारण वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी होने से अनेक पारिवारिक जिम्मेदारियों के लिए अधिक संवेदनशील है। ऐसा माना जाने लगा है कि बेटियां बेटों के मुकाबले में ज्यादा संवे. दनशील होती हैं और जीवन के अंतिम पड़ाव में मां-बाप को सुरक्षा कवच प्रदान कर सकती हैं। जिसके चलते लोग बेटों के मुकाबले बेटियों को अपनी प्राथमिकता बनाने को तरजीह देने लगे हैं। पश्चिमी देशों में गोद लेने और आईवीएफ के डेटा दिखाते हैं कि बेटियों को चुनने की दिशा में स्पष्ट झुकाव है। दरअसल, पश्चिमी देशों के एकल परिवारों में बेटे अपनी गृहस्थी बसाकर मां-बाप को उनके भाग्य पर छोड़ जाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## लाइलाज बीमारी डीएमडी से जूझते देश के बच्चे



रजनीश कपूर

ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) एक ऐसी दुर्लभ और लाइलाज जेनेटिक बीमारी है, जो मुख्य रूप से लड़कों को प्रभावित करती है। यह बीमारी मांसपेशियों को धीरे-धीरे कमजोर करती है, जिससे रोगी का चलना-फिरना, सांस लेना और अंतत: जीवित रहना मुश्किल हो जाता है। भारत में हर 3500 पुरुष जन्मों में से एक बच्चा इस बीमारी का शिकार होता है। इसका इलाज इतना महंगा है कि यह सामान्य परिवारों की पहुंच से बाहर है। ऐसी ही एक मार्मिक कहानी है अमृतसर के जंडियाला गुरु निवासी हरप्रीत सिंह और उनकी पत्नी की, जो अपने 9 वर्षीय बेटे इशमीत को बचाने के लिए दिन-रात संघर्ष कर रहे हैं। इशमीत को डीएमडी है और उसके इलाज के लिए 27 करोड़ रुपये की जरूरत है, एक ऐसी राशि जो किसी सामान्य परिवार के लिए असंभव-सी प्रतीत होती है।

हरप्रीत सिंह भारतीय सेना में सैनिक हैं और उनकी पत्नी का जीवन तब तक सामान्य था, जब तक उनके इकलौते बेटे इशमीत में कुछ असामान्य लक्षण दिखाई नहीं दिए। इशमीत जब चार साल का था तब उसके माता-पिता ने देखा कि वह ठीक से चल नहीं पाता, बार-बार गिरता है और अन्य बच्चों की तरह दौड़-भाग नहीं कर पाता। शुरू में उन्होंने इसे सामान्य कमजोरी समझा, लेकिन जब लक्षण बढ़ने लगे, तो वे उसे स्थानीय डॉक्टरों के पास ले गए। कई जांचों और अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद, दिल्ली के एम्स में डॉक्टरों ने पुष्टि की कि इशमीत डीएमडी से पीड़ित है।



यह खबर सुनकर हरप्रीत और उनकी पत्नी के पैरों तले जमीन खिसक गई। डीएमडी एक अनुवांशिक बीमारी है, जो डिस्ट्रोफिन जीन में उत्परिवर्तन के कारण होती है। यह जीन शरीर में डिस्ट्रोफिन प्रोटीन का निर्माण करता है, जो मांसपेशियों को मजबूत रखने के लिए जरूरी होता है। इस प्रोटीन की कमी से मांसपेशियां कमजोर होकर धीरे-धीरे नष्ट हो जाती हैं। डीएमडी से पीड़ित बच्चों की औसत आयु 11 से 21 वर्ष तक होती है और ज्यादातर मरीज किशोरावस्था के अंत तक व्हीलचेयर पर निर्भर हो जाते हैं। जब हरप्रीत को पता चला कि उनके बेटे का इलाज संभव है तो उनके चेहरे पर उम्मीद की किरण जगी। एम्स के डॉक्टरों ने बताया कि अमेरिका में एक जीन थेरेपी उपलब्ध है, जिसमें एक विशेष इंजेक्शन जोल्जेंस्मा या समकक्ष दवा के जरिए डीएमडी का इलाज किया जा सकता है। डॉक्टरों ने आश्वा. सन दिया कि यह इंजेक्शन इशमीत को पूरी तरह स्वस्थ कर सकता है, लेकिन इस उम्मीद के साथ एक ऐसी सच्चाई भी सामने आई जिसने परिवार को हताश कर दिया। इस इंजेक्शन की कीमत 27 करोड़ रुपये है।

27 करोड़ रुपये की यह राशि किसी मध्यमवर्गीय परिवार के लिए कल्पनातीत है। हरप्रीत सिंह ने अपनी सारी जमा-पूंजी, जमीन, और अन्य संसाधनों को बेचने की कोशिश की, लेकिन इससे भी इस राशि का एक छोटा सा हिस्सा ही जुट पाया। भारत में डीएमडी का कोई किफायती इलाज उपलब्ध नहीं है और स्टेरॉयड जैसी दवाएं केवल लक्षणों को कुछ समय के लिए नियंत्रित कर सकती हैं, जिनके गंभीर दुष्प्रभाव भी हैं। हरप्रीत और उनकी पत्नी ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपने बेटे को बचाने के लिए क्राउड फंडिंग का सहारा लिया। सोशल मीडिया, स्थानीय समुदाय और विभिन्न संगठनों के माध्यम से उन्होंने लोगों से मदद की अपील की। हरिमंदिर साहिब के बाहर खड़े होकर उन्होंने गुहार लगाई, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उनकी कहानी सुन सकें। उनकी मेहनत रंग लाई और अब तक करीब दो करोड़ रूपए जमा हो चुके हैं।

अभी भी पच्चीस करोड़ रूपए की जरूरत है और समय तेजी से बीत रहा है। डीएमडी जैसी दुर्लभ बीमा. रियों के इलाज के लिए भारत में कोई ठोस नीति या सरकारी सहायता नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2021 में दिल्ली हाईकोर्ट में बताया था कि देश में करीब पांच लाख लोग डीएमडी से पीड़ित हैं और प्रत्येक मरीज के इलाज पर सालाना पांच करोड़ रूपए का खर्च आता है, लेकिन बजट की कमी के कारण सरकार इस दिशा में कोई कदम नहीं उठा पा रही। हरप्रीत ने कई बार सरकार से मदद की गुहार लगाई, लेकिन उन्हें केवल आश्वा. सन ही मिले। डीएमडी के मरीजों के लिए न तो मुफ्त दवाएं उपलब्ध हैं, न ही फिजियोथेरेपी जैसी सहायक सेवाएं। ऐसे में परिवार अकेले ही इस जंग को लड़ने के लिए मजबूर हैं। डीएमडी के बारे में भारत में जागरूकता का अभाव भी एक बड़ी समस्या है।

बहुत कम लोग इस बीमारी को समझते हैं, जिसके कारण मरीजों और उनके परिवारों को सामाजिक समर्थन नहीं मिल पाता। 2023 में दिल्ली के जंतर-मंतर पर डीएमडी जागरूकता के लिए एक रैली निकाली गई थी जिसमें 21 राज्यों से करीब 500 परिवार शामिल हुए। इस रैली में माता-पिता ने सरकार से सस्ती दवाओं, शोध के लिए फंड और मुफ्त इलाज की मांग की थी। हरप्रीत जैसे परिवारों का मानना है कि अगर समाज इस बीमारी को समझे और सरकार इसमें शोध को प्रोत्साहित करे, तो शायद भविष्य में इलाज किफायती हो सके। हरप्रीत और उनकी पत्नी का संघर्ष केवल इशमीत के लिए नहीं, बल्कि उन सभी परिवारों के लिए एक मिसाल है, जो डीएमडी जैसी बीमारियों से जूझ रहे हैं।

उनकी कहानी यह सवाल उठाती है कि क्या भारत जैसे देश में, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही चुनौतियों से भरी हैं, दुर्लभ बीमारियों के मरीजों को जीने का हक मिलेगा? क्या समाज और सरकार मिलकर इन परिवारों के लिए कोई रास्ता निकाल सकते हैं? यह न केवल हृदयविदारक है, बल्कि यह समाज और सरकार के लिए एक आंख खोलने वाली सीख भी है। 27 करोड़ रुपये का इलाज एक असंभव लक्ष्य जरूर है, लेकिन अगर समाज एकजुट हो जाए और सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाए, तो इशमीत जैसे बच्चों को नया जीवन मिल सकता है। डीएमडी से जूझ रहे बच्चों के लिए जागरूकता, शोध और किफायती इलाज की जरूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# न्यूक्लियर ठिकानों पर अमेरिकी हमलों की संयुक्त राष्ट्र में भरपाई मांगेगा ईरान

## बंकर बस्टर बम गिराना अमेरिका को पड़ेगा भारी

**तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच दो हफ्तों तक चली जबरदस्त जंग के बाद भले ही सीजफायर हो गया हो, लेकिन तनाव अब भी बना हुआ है। इस पूरे टकराव में अमेरिका भी इजरायल के साथ खुलकर सामने आया था और ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर बंकर बस्टर बम गिराए। अब ईरान इस हमले की कीमत वॉशिंगटन से वसूलने की तैयारी कर रहा है।

ईरान के डिप्टी विदेश मंत्री सईद खतिबजादेह ने लेबनानी चैनल अल-मयादीन से बातचीत में कहा कि तेहरान संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज करेगा और न्यूक्लियर ठिकानों को हुए नुकसान की भरपाई की मांग करेगा। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने भी पहली बार माना है कि न्यूक्लियर ठिकानों को भारी नुकसान हुआ है। उनके मुताबिक, ये टकराव इजरायली मिसाइल हमलों से शुरू हुआ था, जिनमें ईरान के न्यूक्लियर, मिसाइल और सैन्य ठिकाने सीधे निशाने पर थे। अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गैबार्ड के मुताबिक, ईरान के तीन प्रमुख न्यूक्लियर ठिकाने नतांज, फोर्दो और इस्फहान पूरी तरह तबाह हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर ईरान चाहे भी तो इन्हें दोबारा तैयार करने में सालों लग जाएंगे। इजरायल की एटॉमिक एनर्जी कमीशन ने भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के उस बयान का समर्थन किया है जिसमें उन्होंने कहा था कि फोर्दो ठिकाने को पूरी तरह मिटा दिया गया है। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता हुसैन केर्मनपौर के मुताबिक, संघर्ष में 627 लोगों की मौत हुई है जबकि 4870 लोग घायल हुए हैं। सबसे ज्यादा जानें राजधानी तेहरान में गई हैं। हालांकि गोलीबारी थमी है, लेकिन हालात सामान्य नहीं हुए हैं। अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की संभावना है, लेकिन इजरायल और ईरान के बीच दुश्मनी फिर से भड़क सकती है। ईरान जहां मुआवज़े के लिए केस की तैयारी में है, वहीं अमेरिका और इजरायल इसे अपनी जीत बता रहे हैं।



**हमले की कीमत वॉशिंगटन से वसूलने की तैयारी, ईरान करने जा रहा है मुआवजे के लिए मुकदमा**



श्रीनगर। डल झील पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर आयोजित 'शिकारा रैली' में भाग लेते शिकारा वाले।

## इजरायली बसाने वालों के हमले में तीन फलस्तीनी मारे गए

**रामल्लाह/यरूशलम।** वेस्ट बैंक के मध्य रामल्लाह के पूर्व में काफ़र मलिक शहर पर बुधवार को इजराइली बसने वालों के हमले में तीन फलस्तीनी मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। फलस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने यह जानकारी दी। स्थानीय स्रोतों का हवाला देते हुए डब्ल्यूएएफए ने कहा कि दर्जनों बसने वालों ने काफ़र मलिक शहर पर हमला किया और शहर में नागरिकों के वाहनों और घरों को जला दिया, जबकि शहर और आस-पास के गांवों के निवासियों ने उनका सामना करने का प्रयास किया। डब्ल्यूएएफए ने कहा कि इजरायली बलों ने बसने वालों को सुरक्षा प्रदान की, फलस्तीनियों पर गोलियां चलाईं और एंबुलेंस को घायलों तक पहुंचने और उन्हें ले जाने से रोका। इजरायली अखबार हारेत्ज़ ने एक स्थानीय निवासी का हवाला देते हुए बताया कि यह इजरायली सेना थी जिसने तीन फलस्तीनियों को मार डाला, हालांकि बसने वालों ने हैंडगन से भी गोलियां चलाईं।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में बर्फ की झील के फटने की चेतावनी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने देश के उत्तरी पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ते तापमान के कारण बर्फ की झील (जीएलओएफ) के फटने के खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। बुधवार को जारी चेतावनी में तेजी से बढ़ते तापमान और पश्चिमी मौसम प्रणाली के प्रभाव का हवाला दिया गया है। एनडीएमए ने कहा कि प्रमुख घाटियों में ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से बर्फ की झीलों के फटने का खतरा बढ़ गया है जिससे अचानक बाढ़ आ सकती है और सड़कों और पुलों सहित बुनियादी ढांचे को नुकसान हो सकता है।

### उत्तरी इराक में दो आतंकवादी को किया ढेर

**बगदाद।** उत्तरी इराक में एक सैन्य अभियान के दौरान इस्लामिक स्टेट (आईएस) के दो आतंकवादी मारे गए। इराकी आतंकवाद निरोधी सेवा ने बुधवार को एक बयान में कहा कि खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए आतंकवाद निरोधी बलों ने किरकुक प्रांत के बीहड़ इलाके में आतंकवादियों पर घात लगाकर हमला किया जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। आतंकवाद निरोधी सेवा ने कहा कि वह इराक के हर कोने से आतंकवाद का मुकाबला करना जारी रखेगी। गौरतलब है कि इराक ने वर्ष 2017 में आईएस पर जीत की घोषणा की थी, लेकिन आईएस समूह शहरी क्षेत्रों, रेगिस्तान और दूरदराज के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ हमले करते रहते हैं।

### मेक्सिको में संत उत्सव में गोलीबारी में दस की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मध्य मेक्सिको के गुआनाजुआटो राज्य के एक शहर इरापुआटो में संरक्षक संत उत्सव में 24 जून की रात को गोलीबारी में बच्चों सहित कम से कम 10 लोग मारे गए। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने बुधवार सुबह इसकी पुष्टि की। राष्ट्रपति ने मेक्सिको सिटी में नेशनल पैलेस में अपने दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह वास्तव में एक झड़प थी, लेकिन दुर्भाग्य से बच्चों की मौत हो गई। शीनबाम ने कहा कि जो हुआ वह बहुत खेदजनक है। उन्होंने कहा कि घटना की जांच चल रही है और उन्होंने राज्य में चल रही हिंसा से निपटने के लिए गुआनाजुआटो के गवर्नर लीबिया डेनिस गार्सिया मुनोज़ लेडो के साथ मिलकर काम करने का वादा किया है।

## इजरायल को बचाने जंग में कूदा अमेरिका: खामेनेई



**सुप्रीम लीडर ने कहा: ईरान ने कतर में अमेरिकी एयरबेस पर हमला कर मुंह पर तमाचा मारा**

**ईरान में इजरायली हमलों में 13 जून से अब तक 627 लोगों की मौत**

**तेहरान।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने ईरान के लोगों को इजरायल के खिलाफ जंग जीतने की बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मैं झूठे इजरायली सरकार पर जीत के लिए बधाई देता हूं।

ईरान ने अपने हमलों से इजरायल को धराशाई कर दिया, कुचल दिया। खामेनेई ने कहा कि अमेरिका दोनों देशों के बीच खुली जंग में इसलिए कूदा क्योंकि उसे डर था कि अगर उसने दखल नहीं दिया, तो इजरायल पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। लेकिन अमेरिका को कुछ हासिल नहीं हुआ। ईरान ने अमेरिका के चेहरे पर जोरदार तमाचा मारा। ईरान ने अमेरिकी एयरबेस पर हमला किया और उसे नुकसान पहुंचाया, जो मिडिल ईस्ट में अमेरिका के प्रमुख ठिकानों में से एक है। ईरान के पास मिडिल ईस्ट में अमेरिका के अहम ठिकानों तक पहुंच है। अगर कोई हमला हुआ, तो दुश्मन को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इजरायल ने 13 जून को ईरान पर सबसे पहले हमला किया था। इसके बाद दोनों तरफ से जंग छिड़ गई। 12 दिनों तक चली जंग के बाद ट्रम्प ने 24 जून को सीजफायर का ऐलान किया था। ईरान में जंग से 627 और इजरायल में 28 लोगों की मौत हुई। वहीं ईरान में 13 जून से अब तक इजरायल के हवाई हमलों में कम से कम 627 लोग मारे गए हैं और 4870 अन्य घायल हुए हैं।

## ब्रिक्स समिट में शामिल नहीं होंगे जिनपिंग

**पीएम मोदी को स्टेट डिनर का न्योता** दावा: **भारत के प्रधानमंत्री को बुलाए जाने से नाराज**



**ब्राजील में 6-7 जुलाई को 17वां ब्रिक्स समिट होने वाला है, समिट के बाद ब्राजीलियन राष्ट्रपति सिल्वा ने पीएम मोदी को बुलाया है**

**रियो डी जेनेरियो/बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले हफ्ते ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले ब्रिक्स समिट में भाग नहीं लेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट (एससीएमपी) ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया है कि जिनपिंग समिट के बाद स्टेट डिनर में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुलाए जाने से नाराज हैं।

ब्राजील में 6-7 जुलाई को 17वां ब्रिक्ससमिट होने वाला है। समिट के बाद स्टेट डिनर के लिए ब्राजीलियन राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा ने पीएम नरेंद्र मोदी को बुलाया है। एससीएमपी के मुताबिक, जिनपिंग को लग रहा है कि मोदी के सामने उन्हें कम तवज्जो मिलेगी। हालांकि, चीन ने ब्रिक्ससमिट के मेजबान ब्राजील को राष्ट्रपति जिनपिंग के बिजी शेडयूल का हवाला देते हुए उनके न आने की जानकारी दी है। बैठक से करीब 10 दिन पहले चीनी राष्ट्रपति के इस फैसले से ब्राजील के नाराज होने की भी खबरें हैं। शी जिनपिंग के बतौर राष्ट्रपति 12 सालों के कार्यकाल में ऐसा पहली बार होगा, जब वे ब्रिक्ससमिट में नहीं जाएंगे। वे 2013 से हर साल समिट में शामिल हुए हैं। कोविड महामारी के दौरान, उन्होंने दो साल ब्रिक्स में वर्चुअली भाग लिया था। शी जिनपिंग और पीएम मोदी 23 अक्टूबर, 2024 को रूस के कजान में ब्रिक्स समिट में मिले थे। 2020 में गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं की यह पहली बाइलैटरल मीटिंग थी। जिनपिंग की जगह चीनी पीएम के ब्राजील जाने की संभावना एससीएमपी के मुताबिक, ब्रिक्स समिट में चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की जगह अब प्रधानमंत्री ली कियांग देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने 2023 में भी जिनपिंग की जगह भारत में जी-20 समिट में भाग लिया था। हालांकि, चीन की तरफ से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने ब्राजील के अखबार फोल्हा से कहा कि सही समय आने पर इसकी जानकारी दी जाएगी। शी जिनपिंग के समिट में भाग न लेने की रिपोर्ट्स पर ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के आंतरिक फैसलों पर टिप्पणी नहीं करेगा। मई 2025 में ब्राजीलियन राष्ट्रपति से मिले थे जिनपिंग एससीएमपी ने चीनी अधिकारियों के हवाले से बताया कि जिनपिंग पहले ही एक साल से भी कम समय में दो बार ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा से मिल चुके हैं। इसलिए उनका मानना है कि ब्रिक्स समिट में उनका जाना उतना जरूरी नहीं है। जिनपिंग नवम्बर, 2024 में दक्षिण अमेरिकी देश में जी-20 समिट और फिर मई, 2025 में बीजिंग में चीन-सेलाक फोरम में ब्राजील के राष्ट्रपति से मिले थे।

## इजरायल जैसा डिफेंस सिस्टम तैयार कर रहा ताइवान

**यूक्रेन और इजरायल से सबक लेते हुए ताइवान अपनी सुरक्षा को नए सिरे से मजबूत कर रहा**



**ताइपे।** चीन के बढ़ते खतरे के बीच ताइवान अब पूरी तरह से तैयारियों में जुट गया है। यूक्रेन और इजरायल जैसे देशों से सबक लेते हुए ताइवान अपनी सुरक्षा व्यवस्था को नए सिरे से मजबूत कर रहा है। खासकर आम जनता की सुरक्षा के लिए अब एयर रेड शेल्टर यानी हवाई हमले से बचने के ठिकाने को लेकर गाइलाइंस में बड़ा बदलाव किया जा रहा है। ताइवान सरकार अगले हफ्ते नई एयर रेड शेल्टर गाइडलाइंस जारी करने वाली है।

इस गाइडलाइंस में बताया जाएगा कि अगर चीन की ओर से हमला होता है और एयर रेड सायरन बजता है, तो लोगों को कैसे और कहां शरण लेनी चाहिए। सरकारी दस्तावेजों के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति तय समय (लगभग तीन मिनट) में किसी शेल्टर तक नहीं पहुंच पाता है, तो उसे क्या करना चाहिए, इसकी भी साफ हिदायत दी जाएगी।

ण्जैसे कम से कम दो दीवारों के पीछे छुपना और मुंह थोड़ा खुला रखना ताकि धमाके के असर से कान और सिर को कम नुकसान हो। ताइवान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि शहरों में बड़ी संख्या में लोग ऊंची बिल्डिंग्स में रहते हैं और तीन मिनट में शेल्टर तक पहुंचना मुश्किल होता है। इसलिए सरकार अब लोगों को घर में ही खुद को सुरक्षित रखने के तरीकों के बारे में जागरूक कर रही है। इस साल जुलाई में होने वाला हान कुआंग 41 सैन्य अभ्यास पहली बार 10 दिनों तक चलेगा। इसमें आम नागरिकों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि इमरजेंसी में जरूरी सामान कैसे बांटा जाए और कैसे शांति बनाए रखी जाए, इसकी रिहर्सल कराई जा सके। ताइवान ने देशभर में एयर डिफेंस शेल्टर्स बनाए हैं, मेट्रो स्टेशन से लेकर मॉल तक। अकेले ताइपेई में 4,600 से ज्यादा शेल्टर्स हैं, जिनमें 1.2 करोड़ लोगों के बैठने की क्षमता है, जो कि शहर की आबादी से चार गुना ज्यादा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद ताइवान को एहसास हुआ कि अगला नंबर उसका हो सकता है। वहीं, इजरायल के 'आयरन डोम' जैसी तकनीकों और वहां के सिविल डिफेंस सिस्टम ने दुनिया को दिखाया कि आम जनता को भी युद्ध के वक्त तैयार रहना चाहिए। ताइवान का ये कदम बताता है कि अपने लोगों की जान बचाने के लिए वह किसी बड़े देश से कम नहीं।

## डोनाल्ड ट्रम्प की टेंशन बढ़ा रही खुफिया रिपोर्ट

**अमेरिका के कोने-कोने में एक्टिव है ईरान का खतरनाक 'हथियार'**



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जैसे ही ईरान-इजरायल के बीच संघर्ष विराम की घोषणा की, वॉशिंगटन के साथ पूरी दुनिया में कुछ राहत की सांस ली गई।

अब भले ही सीजफायर हो गया हो मगर अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की एक रिपोर्ट सामने आई है जो कहती है सीजफायर कराना ही ट्रम्प के लिए भारी पड़ सकता है। द टेलीग्राफ ब्रिटेन की एक खबर के मुताबिक सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि असली जवाब ईरान अमेरिका की सरजमीं पर दे सकता है। वो भी स्लीपर सेल्स के जरिए। और यही बात ट्रम्प समेत पूरे सिस्टम के लिए खतरे की घंटी है। ये स्लीपर सेल्स आम ज़िंदगी जीते हुए किसी भी समय एक्टिव हो सकते हैं। ये ऐसे लोग होते हैं जो दिखने में आम नागरिक लगते हैं। नौकरी करते हैं, समाज में घुल-मिल जाते हैं लेकिन असल में ये किसी विदेशी एजेंसी से जुड़े होते हैं। जैसे ही उन्हें ग्रीन सिग्नल मिलता है, वो हमला कर सकते हैं, ब्लैकमेलिंग कर सकते हैं या फिर किसी रणनीतिक टारगेट को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

रिपोर्ट में सामने आया है कि ईरान के एजेंट अमेरिका के शहरों में छुपे बैठे हैं। ये एजेंट ईरानी या आपराधिक नेटवर्क के ज़रिए मिशन पूरा करते हैं। अतीत में कई ऐसे ऑपरेशन पकड़े गए हैं, जहां ईरानी एजेंट्स ने हत्या या अपहरण की कोशिश की।

## भारत ने दिया पाक को करारा जवाब

**बच्चों के खिलाफ अत्याचार और आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान का संरा में उपदेश देना घोर पाखंड**

**न्यूयॉर्क।** भारत ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। भारत ने संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं पर पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र में बच्चों के अत्याचार के मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने कहा कि बच्चों के खिलाफ अत्याचार और आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान का संयुक्त राष्ट्र में उपदेश देना घोर पाखंड है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में बच्चों और सशस्त्र संघर्ष (सीएएसी) पर वार्षिक खुली बहस के दौरान भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि मैं पाकिस्तान के प्रतिनिधि की ओर से की गई राजनीति से प्रेरित टिप्पणियों पर खारिज करता हूं। पाकिस्तान सीएएसी एजेंडे के गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक है। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं पर गलत तरीके से संदेह व्यक्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने नापाक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न चर्चाओं में भारत को बदनाम कर रहा है। ऐसा करके पाकिस्तान अपने ही देश में बच्चों के खिलाफ किए जा रहे अत्याचारों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा है। भारत इसे अस्वीकार करता है। इसके अलावा भारत सीमा पार से किए जा रहे बड़े पैमाने पर आतंकवाद को भी अस्वीकार कर रहा है। भारत के स्थाई प्रतिनिधि और राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि हमारी दुनिया संघर्षों और आतंकी हमलों में एक खतरनाक वृद्धि देख रही है और बच्चे उनके सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी0 पी0 टी0 • ऑप्टोमैट्री • ओ0 टी0 टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0:
8899777782
9897640744

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिजस्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुए (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)